मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 26.1 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 28.2 | 13.4 |
| डालटनगंज | 24.0 | 13.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *



www.lagatar.in | गुरुवार, 11 जनवरी 2024 ● पौष अमावस्या, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 264 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## सुर्खियां

**इंटरनेशनल**
- पाक में पोलियो टीकाकरण टीम पर हमला, दो मरे
- यूएस रक्षा मंत्री ऑस्टिन की प्रोस्टेट कैंसर की हुई सर्जरी
- इमरान खान को अदालत से नहीं मिली राहत
- हुती विद्रोहियों ने नौकाओं पर किया ड्रोन हमला

**नेशनल**
- अयोध्या में 800 सफाई मित्र तैनात रहेंगे
- पंजाब में 29 राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन
- राफेल थट्टिल सिरो-मालाबार चर्च के प्रधान चुने गए
- उत्तराखंड के स्कूलों में माह में एक दिन 'बैग फ्री डे'

**स्टेट**
- सूबे की तीन सेंचुरी में विलुप्त प्रजातियों का संरक्षण
- सचिव से लेकर ईई तक को मिला टास्क
- जस्टिस एलपीएन शाहदेव को दी गई श्रद्धांजलि
- झारखंड छात्र दल ने राजधानी में दिया धरना

**स्पोर्ट्स**
- पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय से हटे विराट कोहली
- तदर्थ समिति को कोर्ट में चुनौती देगा डब्ल्यूएफआई
- निशानेबाजी में नैंसी को स्वर्ण, इलावेनिल को रजत
- जोकोविच को आस्ट्रेलियाई ओपन में शीर्ष वरीयता

## किसने क्या कहा

- संसद का दरवाजा बंद, तभी निकाल रहे 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' : खड़गे
- राम मंदिर पर राजनीति में शामिल नहीं होना चाहता : –उमर अब्दुल्ला
- अखिलेश यादव के रट्टू तोता हैं सपा के नेता –केशव मौर्य

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,800 |
| चांदी (किलो) | 75,000 |

## ब्रीफ खबरें

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए स्थल मंजूरी दी

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने बुधवार को कांग्रेस की 14 जनवरी से प्रस्तावित भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सीमित संख्या में प्रतिभागियों के साथ शुरू करने के लिए स्थान की मंजूरी दे दी.



मणिपुर सरकार की तरफ से यह मंजूरी कांग्रेस द्वारा यहां हट्टा कांगजेइबुंग मैदान से यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए संपर्क करने के 8 दिन बाद मिली. जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया, किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए 14 जनवरी को केवल सीमित संख्या में प्रतिभागियों के साथ यात्रा को हरी झंडी दिखाने की अनुमति दी गई है.

### आश्रम में साधु को जलाया, हालत गंभीर

**कन्नौज (उप्र)।** कन्नौज जिले के गुरसहायगंज क्षेत्र में कथित रूप से आश्रम के महंत की पदवी के विवाद को लेकर एक साधु को जिंदा जलाये जाने का मामला सामने आया है. साधु को गंभीर हालत में तिर्वा स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि मंगलवार रात को गुरसहायगंज क्षेत्र में जलेश्वर घाट आश्रम में साधु शिवदास के संदिग्ध हालत में जलने की सूचना मिली थी. साधु को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया. उनकी हालत गंभीर बनी हुई है.

### बांधवगढ़ अभयारण्य में मृत मिला बाघ

**उमरिया (मप्र)।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य (बीटीआर) में बुधवार को एक बाघ का शव मिला. वन अधिकारियों ने यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया, बाघ की मौत एक वयस्क बाघ के साथ लड़ाई में हुई है और उसकी मृत्यु का सही कारण पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा. वन रेंजर अर्पित मेराल ने कहा, 15 से 18 महीने की उम्र के एक बाघ का शव बुधवार सुबह बीटीआर के पतोर रेंज में एक खाई में पड़ा हुआ मिला, जब वन अधिकारी ट्रैप कैमरा लगा रहे थे. शव लगभग 25 दिन पुराना है.

### नेपाल का स्पिनर रेप का दोषी, 8 साल की सजा

**काठमांडू।** नेपाल के स्पिनर संदीप लामिचाने को काठमांडो की एक अदालत ने दुष्कर्म का दोषी ठहराते हुए आठ साल जेल की सजा सुनायी. काठमांडू पोस्ट के अनुसार काठमांडू जिला अदालत ने 18 वर्षीय महिला से दुष्कर्म का दोषी साबित होने के बाद बुधवार को फैसले की घोषणा की. एकल न्यायाधीश पीठ ने 23 वर्षीय लामिचाने पर तीन लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और साथ ही पीड़िता को दो लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया. लामिचाने के वकील सरोज घिमिरे के हवाले से कहा गया कि वह इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेंगे.

# एचईसी 9 माह में 250 करोड़ का घाटा

## इस साल नहीं हो सका लक्ष्य हासिल, कंपनी को नहीं मिला 350 करोड़ का वर्क ऑर्डर

अमित सिंह, रांची

हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) के घाटे में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के तीन क्वार्टर गुजर गए, मगर कंपनी किसी भी लक्ष्य को हासिल नहीं कर सका. एमओयू के तहत अप्रैल से दिसंबर तक कंपनी को 350 करोड़ का वर्क ऑडर मिलना था. जिसे हासिल नहीं किया जा सका. कंपनी को तीनों क्वार्टर (नौ माह में) में करीब 250 करोड़ का शुद्ध घाटा हो चुका है. दिसंबर 2023 में कंपनी को 21.95 करोड़ का शुद्ध घाटा हुआ था. पिछले साल नवंबर में कंपनी को 20.20 करोड़ का शुद्ध घाटा हुआ था. स्थिति यही रही, तो चालू वित्तीय वर्ष में कंपनी अपने निर्धारित लक्ष्य का 10 प्रतिशत भी हासिल नहीं कर सकेगी. उत्पादन या घाटा की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है.

एचईसी ने पहले व दूसरे क्वार्टर में वर्क ऑडर का टार्गेट हासिल नहीं किया. कंपनी के लिए मैनेजमेंट ने तीसरे क्वार्टर, यानि अक्तूबर से दिसंबर तक में 230 करोड़ का वर्क ऑडर हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया था. कंपनी ने तीसरे क्वार्टर के लक्ष्य नहीं हासिल किया. पिछले 18 माह से कंपनी के स्थाई और अस्थाई कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है. कंपनी के तीनों कारखाना में उत्पादन ठप हो गया है. कर्मचारी आते हैं व उपस्थिति दर्ज करा वापस लौट जाते हैं. कंपनी के लिए चौथे तिमाही में भी वर्क ऑडर सहित अन्य लक्ष्य को हासिल करना चुनौती होगी.




### एमओयू के अनुसार काम नहीं कर पा रही कंपनी

एचईसी ने दिसंबर 2023 में 16.96 करोड़ और नवंबर माह में 11.50 करोड़ का टर्न ओवर किया. यह आंकड़ा एमओयू टारगेट से करीब 75 प्रतिशत कम है. वहीं कंपनी का प्रोडक्शन एमओयू टारगेट से 65 प्रतिशत कम रहा. कंपनी ने पिछले माह 23 करोड़ का प्रोडक्शन किया. नवंबर माह में 12 करोड़ का प्रोडक्शन हुआ था. कंपनी को दिसंबर में सिर्फ 14 करोड़ का नुकसान हुआ है. एचईसी कंपनी ने भारी उद्योग मंत्रालय के साथ जो एमओयू किया है, उसके अनुसार किसी भी क्षेत्र में काम नहीं हो रहा है. यह कंपनी के लिए बेहतर संकेत नहीं हैं.

### 650 करोड़ का वर्क ऑर्डर हासिल करने का लक्ष्य

एचईसी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 650 करोड़ रूपये का वर्क ऑडर हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है. इसमें कंपनी को पहले क्वार्टर, यानि अप्रैल से जून तक में 10 करोड़ का वर्क ऑडर हासिल करना था. वहीं दूसरे क्वार्टर, यानि जुलाई से सितंबर तक के समयावधि में 92 करोड़ का वर्क ऑडर कंपनी का मिलना था. मगर कंपनी में काम बंद होने की सूचना के बाद से वर्क ऑर्डर देने वाली कंपनियों ने दूसरे का चयन कर लिया है. इस वजह से अब कंपनी को वर्क ऑडर मिलने में परेशानी आ रही है.



## वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन शुरू



वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन 2024 का अहमदाबाद में बुधवार से आगाज हो गया. इस बार समिट में दुनिया भर के 34 देश शामिल हो रहे हैं, जिसमें 18 देशों को गवर्नर और मंत्री मौजूद रहेंगे. साथ ही 15 से ज्यादा ग्लोबल सीईओ भी समिट में पहुंचे हैं, जिसके मुख्य अतिथि यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान हैं. प्रधानमंत्री ने गुजरात के विकास में अहम भूमिका निभाने वाली इस समिट के 10वें संस्करण का शुभारंभ किया. पीएम मोदी ने टॉप ग्लोबल कंपनियों के सीईओ के साथ मुलाकात भी की.

## माओवादियों ने साथी की गोली मार हत्या की

**किरीबुरु।** भाकपा माओवादी ने अपने पुराने साथी नेलशन भेंगरा की गोली मार हत्या कर दी. जानकारी के अनुसार, 9 जनवरी की रात करीब 10 बजे हथियारबंद नक्सली समठा गांव पहुंचे और नेलशन भेंगरा को उसके घर से उठा कर अपने साथ ले गये. माओवादी ने पहले नेलशन की जमकर पिटाई की. फिर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी. हालांकि पुलिस इस मामले में अभी कुछ भी बताने से इनकार कर रही है. सूत्रों की मानें तो पुलिस व सीआरपीएफ के जवान सारंडा के जराईकेला, मनोहरपुर और छोटानागरा क्षेत्र के जंगलों में सर्च अभियान चला रहे हैं. कोल्हान डीआईजी अजय लिंडा खुद तिरिलपोसी में ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे हैं. पुलिस नेलशन भेंगरा का शव बरामद करने का प्रयास कर रही है. बता दें कि नेलशन भेंगरा सारंडा जंगल क्षेत्र के जराईकेला थाना अंतर्गत समठा गांव का निवासी था. नेलशन लंबे समय से बड़े नक्सलियों के साथ जुड़ा था.

## ट्रक से टकराई कार तीन की मौत, 4 घायल

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में बुधवार को एक कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई, जिससे दो वर्षीय मासूम सहित कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. बताया गया कि घने कोहरे की वजह से हादसा हुआ. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना राज्य की राजधानी रांची से लगभग 60 किलोमीटर दूर रजरप्पा के चितरपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-23 पर तड़के करीब तीन बजकर 30 मिनट पर हुई. यहां 10 यात्रियों को ले जा रही कार ट्रक से टकरा गयी. रजरप्पा पुलिस थाने के प्रभारी संजय कुमार नायक ने कहा, एक महिला और उसके दो साल के बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल ने रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया. उन्होंने बताया कि अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.


### पलामू टाइगर रिजर्व : रेलवे ने की पहल, नहीं होगी कोई दुर्घटना

# जानवरों को ट्रेन के शोर से मिलेगी मुक्ति

प्रवीण कुमार। रांची


पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में जानवरों को ट्रेन के शोर से मुक्ति मिलेगी. साथ ही जानवरों के साथ किसी भी तरह की दुर्घटना का अंदेशा भी नहीं होगा. पीटीआर से गुजरने वाली रेलवे के दो लाइनों को पीटीआर के बाहर शिफ्ट किया जाएगा. साथ पीटीआर के बाहर एक तीसरा नया रेलवे ट्रैक बनेगा. तीनों रेल लाइन एक साथ ही होगा. उसी के साथ भविष्य में बनने वाले चौथे लाइन के लिए भी जमीन चिन्हित कर लिया जाना है. इसके लिए सर्वे का काम शुरू हो गया है. पीटीआर के निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि केड़ गांव के पास एक अंडर पास भी बनेगा. ताकि जंगली जानवरों की आवाजाही बेरोकटोक हो सके.

**क्या है पूरा मामला :** रेलवे के सेंट्रल इंडस्ट्रियल कोर सेक्शन के तहत सोननगर से पतरातू तक फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है. इसके तहत तीसरी नई रेल लाइन बनाई जा रही है. इसी क्रम में पीटीआर में पहले से गुजरने वाली दो रेलवे ट्रैक का भी डायवर्सन किया जाएगा. रेलवे विकास निगम और पीटीआर के बीच जो सहमति बनी है. तीसरी नई रेल लाइन के साथ पहले से मौजूद दो रेलवे ट्रैक को भी डायवर्ट करने को कहा गया है.



- पीटीआर के बाहर से गुजरेगी तीन रेल लाइन, दो का होगा डावर्सन
- एक नई लाइन बनेगी, सर्वे के बाद होगा चिन्हित होगा चौथे लाइन के लिए जमीन

### बढ़ेगी चार किलोमीटर दूरी




पलामू टाइगर रिजर्व में पूर्व से ही दो रेलवे लाइन है. पहली रेलवे लाईन वर्ष 1964 में बिछाई गयी थी. रेल लाइन बिछाने को लेकर 1906 में रेलवे ने जमीन का अधिग्रहण किया था. जबकि वर्ष 1974-75 में दूसरी लाइन बिछाई गई थी. 1972-73 में पलामू टाइगर रिजर्व का गठन किया गया था. प्रस्ताव के तहत छिपादोहर रेलवे स्टेशन से रेल लाइन डायवर्ट होगी और केड़ गांव होते हुए हेहेगढ़ा तक जाएगी. डायवर्ट होने के बाद इसकी लंबाई करीब चार किलोमीटर बढ़ जायेगी.

### प्रस्ताव में क्या-क्या है खास

- अब लातेहार के केड़ गांव के बीच बस्ती से रेल लाइन गुजरेगी.
- कोशिश होगी कि रेल लाइन के कारण गांव दो भागों में नहीं बंटे.
- गांव के बाहर से ही रेल लाइन गुजरेगी.
- पलामू टाइगर रिजर्व के चिकन नेक से ही डायवर्जन के बाद रेल लाइन गुजरेगी.
- चिकन नेक में टनल बनाया जायेगा ताकि वन्य जीवों को किसी तरह का नुकसान ना हो.

### उद्धव ठाकरे को करारा झटका, सीएम की बल्ले-बल्ले

# 'एकनाथ शिंदे गुट असली शिवसेना'



भाषा। मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बुधवार की शाम को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित 16 विधायकों की अयोग्यता मामले में 1200 पन्नों का फैसला सुनाया. उन्होंने अपने फैसले का आधार चुनाव आयोग के फैसले को बनाया है. महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बुधवार को कहा कि 21 जून, 2022 को जब प्रतिद्वंद्वी समूहों का उदय हुआ तो शिवसेना का एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला धड़ा ही 'असली राजनीतिक दल' (असली शिवसेना) था. शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी धड़े द्वारा एक-दूसरे के विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर अपना फैसला पढ़ते हुए नार्वेकर ने यह भी कहा कि शिवसेना (यूबीटी) के सुनील प्रभु 21 जून, 2022 से सचेतक नहीं रहे. विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि शिवसेना के 'प्रमुख' के पास किसी भी नेता को पार्टी से हटाने की शक्ति नहीं है. उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को सौंपा गया 1999 का पार्टी संविधान मुद्दों पर फैसला करने के लिए वैध संविधान था. उन्होंने कहा कि इस संविधान के अनुसार 'राष्ट्रीय कार्यकारिणी' सर्वोच्च निकाय है. स्पीकर ने अपने फैसले में शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना. साथ ही 16 विधायकों को अयोग्य करार देने की मांग वाली याचिका भी खारिज कर दी. फैसले के अहम बिंदुओं को पढ़ते हुए उन्होंने कहा कि जब पार्टी में बंटवारा हुआ था, तब शिंदे गुट के पास 37 विधायकों का समर्थन था. ऐसे में उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है.

### 1999 के संविधान को मान्य करार दिया



शिवसेना विधायकों की अयोग्यता मामले में फैसला सुनाते हुए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि शिवसेना के दो गुटों द्वारा चुनाव आयोग को सौंपे गए संविधान पर कोई आम सहमति नहीं है. नेतृत्व संरचना पर दोनों पार्टियों के विचार अलग-अलग हैं. उन्होंने कहा कि 2018 का संशोधित संविधान चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में नहीं है. शिवसेना का 1999 का संविधान ही मान्य है.

# राष्ट्रपति शासन की ओर बढ़ता बिहार !

ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना

**विश्लेषण**

बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज है. महागठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर जो धींगामुश्ती हो रही है, उसे सुलझाने के लिए अबतक कोई कारगर फॉर्मूला नहीं निकाला गया है. इस बीच राजनीतिक प्रेक्षकों के यह भी अटकलें तेज हो गयी हैं कि क्या बिहार राष्ट्रपति शासन की ओर बढ़ रहा है. सचिवालय के गलियारे में तेजी से फैल रही इन अटकलों से सूबे के नौकरशाह पसोपेश में हैं. प्रेसिडेंट रूल के लिए राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ता अपराध बड़ा कारक बन सकता है. इस अटकलों के कुछ ठोस आधार भी दिख रहे हैं. पहला और प्रमुख कारण महागठबंधन के बीच सीट शेयरिंग को लेकर कोई बीच का समाधान का रास्ता अभी तक नहीं निकलना. महागठबंधन के घटक दल जदयू, राजद, कांग्रेस और वामदल अपनी-अपनी दावेदारी पर अड़े हैं. जदयू 17 से कम पर तैयार नहीं है, जाहिर तौर पर महागठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी राजद भी 17 से कम पर तैयार नहीं होगा. कांग्रेस 11 और वामदल पांच सीटों पर अड़े हैं. ऐसे में बीच का कोई रास्ता निकलता नहीं दिख रहा. सीटों के लिए सिरफुटव्वल की स्थिति में महागठबंधन बिखर सकता और नीतीश सरकार पर संकट आ सकता है. फिर नीतीश के सामने दो ही रास्ता बचेगा कि या तो वे पुनः भाजपा की तरफ मूव करें या फिर मंत्रिमंडल भंग करें. इस स्थिति में बिहार में राष्ट्रपति शासन लगने के आसार बढ़ जाएंगे. राजनीतिक घटनाक्रम पर राजभवन की पैनी नजर है.



- राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ता अपराध बन सकता है कारक
- पूरी स्थिति पर राजभवन की है पैनी नजर
- सीट शेयरिंग को लेकर महागठबंधन में शामिल दलों में चल रही है धींगामुश्ती

**खफा नीतीश पकड़ेंगे एनडीए की राह!**
'इंडिया' गठबंधन में सीट शेयरिंग में हो रही देरी से नीतीश कुमार खासे नाराज हैं. बिहार के वित्त मंत्री और नीतीश के खासमखास विजय कुमार चौधरी ने भी जदयू कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान सीट शेयरिंग पर हो रही देरी पर अपनी गहरी नाराजगी जताई. सीट शेयरिंग पर पेच पश्चिम बंगाल और पंजाब में भी फंसा है. ऐसे में नीतीश 'इंडिया' गठबंधन के भविष्य को अंधकारमय देखते हुए पुनः एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं और मंत्रिमंडल भंग कर कर सकते हैं. सीएम नीतीश लोकसभा चुनाव के साथ ही बिहार विधानसभा चुनाव भी कराये जाने के पक्षधर हैं.

**तेजस्वी पर सीबीआई और ईडी की दबिश :**
'लैंड फॉर जॉब' मामले में सीबीआई और ईडी की दबिश लगातार बढ़ रही. सीबीआई पहले ही तेजस्वी पर चार्जशीट दाखिल कर चुकी . मंगलवार को ईडी ने पहली चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव सहित सात लोगों के नाम शामिल हैं. हालांकि, इसमें तेजस्वी का नाम शामिल नहीं है, लेकिन बाद में उनका भी नाम शामिल किया गया, तो मुश्किलें और बढ़ जाएंगी. ऐसे में तेजस्वी की कहीं गिरफ्तारी हुई, तो अपनी छवि बचाने के इरादे से नीतीश कुमार राजद से रिश्ता तोड़कर भी एनडीए के साथ आ सकते हैं. इससे पूर्व भी नीतीश कुमार राजद से नाता तोड़ कर रातोंरात एनडीए के संग सरकार बना चुके हैं, तब मुख्य भूमिका भाजपा के सुशील कुमार मोदी ने निभाई थी.

# अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हम नहीं जाएंगे : कांग्रेस

भाषा। नयी दिल्ली

कांग्रेस के नेता राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से दूर ही रहेंगे. कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को अपना रुख स्पष्ट कर दिया है. जिसमें कहा गया है कि कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए निमंत्रण पत्र दिया गया था. लेकिन तीनों नेताओं ने कार्यक्रम में भाग नहीं लेने का फैसला लिया है. इसकी जानकारी पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने दी. उन्होंने एक बयान जारी कर कहा है कि भगवान राम पूरे देश के हैं. धर्म सभी के लिए निजी मामला है. राम मंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हो रहा है. लेकिन भाजपा ने जिस राम मंदिर निर्माण को राजनीतिक मसला बना दिया है, यह गलत है.

जयराम रमेश ने कहा है कि मंदिर का निर्माण अभी अधूरा है. लेकिन प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है. मंदिर अभी पूरा नहीं बना है. चुनावी लाभ लेने के लिए अर्द्धनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा है. तभी यह फैसला लिया गया है.

### खास बातें

- राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में सोनिया, खड़गे नहीं जाएंगे
- पार्टी ने विचार-मंथन के बाद लिया नहीं जाने का फैसला

## ब्रीफ खबरें

### छात्र की पिटाई के विरोध में छात्र दल ने दिया धरना



**रांची।** झारखंड छात्र दल ने बुधवार को छात्र की पिटाई के विरोध में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की प्रशासनिक भवन के बाहर धरना दिया. बताया गया कि झारखंड छात्र दल के सदस्य शिवम कुमार ने मारपीट का आरोप लगाया है. ये आरोप आजसू छात्र संघ के विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक झा के ऊपर लगाया गया है. छात्र दल के सदस्यों को कुलपति प्रोफेसर तपन कुमार शांडिल्य छात्र दल के सदस्यों को समझाकर वापस भेजा. झारखंड छात्र दल के डीएसपीएमयू प्रभारी ऋषभ कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय कैंपस में आए दिन मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन इसमें चुप रहता है विश्वविद्यालय प्रशासन को इस पर कार्रवाई और सख्ती करने की जरूरत है.

### दुबलिया में 38 एकड़ में बनेगा इंटर स्टेट बस टर्मिनल

**रांची।** राजधानी रांची में कांके के दुबलिया में 38 एकड़ जमीन पर 3.18 करोड़ रुपये की लागत से जल्द इंटर स्टेट बस टर्मिनल का निर्माण झारखंड अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी (जुडको) द्वारा कराया जाएगा. जुड़को ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिया है. जुडको ने पिछले सोमवार को प्री-बिड बैठक भी की थी. टर्मिनल का निर्माण पीपीपी मोड पर किया जाना है. इसके साथ जुड़को ने बिल्डिंग बनाने के लिए 30 जनवरी तक टेंडर आमंत्रित किया है. इस टेंडर का टर्मिनल शुरू होने के बाद प्रतिदिन यहां से 500 से ज्यादा बसों के परिचालन का का लक्ष्य रखा गया है. टर्मिनल तक लोगों को पहुंचने में कोई दिक्कत न हो और लोगों को आनेजाने के लिए बेहतर कनेक्टविटी मिल सके, इसके लिए एप्रोच रोड बनाए जाना है, जो रिंग रोड से जुड़ा रहेगा. मिली जानकारी के अनुसार निर्माण पूरा होने के बाद यहां पर एक बार में 170 बसें खड़ी हो सकेंगी.

5300 करोड़ रुपये की राशि का मामला उलझा

# झारखंड व बिहार के बीच अबतक नहीं सुलझा परिसंपत्तियों की देनदारी विवाद

रवि भारती। रांची

कई राउंड की बैठकें हुईं, चर्चाएं हुईं. लेकिन झारखंड और बिहार के बीच परिसंपत्तियों के बंटवारे और पेंशन विवाद का हल अब तक नहीं निकल पाया है. अब तक इसमें पेंच फंसा हुआ है. इन कारखानों में हाइटेंशन इंस्युलेटर फैक्ट्री, मैलेबुल कास्ट आयरन फाउंड्री, स्वर्णरेखा घड़ी कारखाना, श्रीराम इलेक्ट्रोकास्ट झारखंड, इलेक्ट्रिक इक्वीपमेंट फैक्ट्री और बिहार सुपर फॉस्फेट फैक्ट्री सिंदरी शामिल हैं. जानकारी के अनुसार इस कारखानों के पूरे एसेट 1000 करोड़ रुपए से भी अधिक के हैं. वहीं इनकी देनदारियां भी 200 करोड़ से अधिक की हैं. वहीं झारखंड बिहार के बीच का पेंशन विवाद भी अब तक नहीं सुलझ पाया है.

**कहां कितनी देनदारी**

**1000** करोड़ कारखानों का एसेट

**200** करोड़ इंडस्ट्रीज की देनदारी

**4100** करोड़ पेंशन का बकाया

हो चुकी हैं कई राउंड की बैठकें, लेकिन नहीं सुलझ रहा दोनों का विवाद



**क्या है बिहार राज्य पुनर्गठन कानून**

बिहार राज्य पुनर्गठन कानून 2000 के तहत छह कारखाने झारखंड के हो चुके हैं. पर आधिकारिक तौर पर परिसंपत्तियों और देनदारियों का बंटवारा नहीं होने के कारण मामला लटका हुआ है. इसको लेकर बिहार और झारखंड सरकार के बीच कई राउंड की बैठकें भी हो चुकी हैं, लेकिन अब तक नतीजा सिफर ही रहा है.

**यहां पर फंसा है पेंच**

- कारखानों की परिसंपत्तियों का इंडस्ट्रियल रेट आंका गया है 218 .28 करोड़
- सर्किल रेट आंका गया है 1162 .49 करोड़
- दोनों दरों के बीच बड़े अंतर के कारण फंसा हुआ है पेंच

**क्या है पेंशन विवाद** | झारखंड गठन से पहले जो कर्मी वर्तमान में झारखंड से सेवानिवृत्त हुए थे, उनकी पेंशन बिहार और झारखंड सरकार दोनों को संयुक्त रूप से देनी थी. पेंशन राशि में दो हिस्सा बिहार और एक हिस्सा झारखंड को देना था, परंतु झारखंड ने इस मद में कोई राशि अब तक नहीं दी. अब यह बकाया बढ़ कर 4100 करोड़ रुपए हो गया है. हालांकि राज्य गठन के बाद सेवानिवृत्त हुए सरकारी कर्मियों के लिए यह लागू नहीं होता है.

# नारकोटिक्स जांच के लिए अब दूसरे लैब पर निर्भरता होगी कम

संवाददाता। रांची

नारकोटिक्स जांच के लिए झारखंड पुलिस की दूसरे लैब पर निर्भरता कम होगी. ड्रग्स को पकड़ने के बाद पुलिस मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों पर तुरंत और सख्त कार्रवाई कर सके, इसलिए झारखंड में नारकोटिक्स लेबोरेट्री को अपग्रेड किया जाएगा. इसे लेकर झारखंड गृह विभाग की ओर से 37.68 लाख रूपये स्वीकृत किये गये हैं.

**झारखंड पुलिस ने की राशि की मांग :** केंद्रीय गृह सचिव के साथ नवंबर 2022 को नारकोटिक्स मामले को लेकर झारखंड पुलिस की बैठक हुई थी. इस बैठक में झारखंड पुलिस ने नारकोटिक्स लैब के लिए रुपये की वापसी का भी आग्रह किया था. जो उपयोग नहीं होने के चलते गत वित्तीय वर्ष में लौट गई थी. इस राशि से नारकोटिक्स जांच से संबंधित उपकरणों की खरीद होनी है, जिसे राज्य विधि-विज्ञान प्रयोगशाला परिसर में ही स्थापित किया जाना है. नारकोटिक्स लैब बनने से यह होगा कि जब्त पदार्थों की फॉरेंसिक जांच के लिए झारखंड पुलिस को दूसरे लैब पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा. झारखंड के पास वैज्ञानिक पर्याप्त हैं, उपकरणों की खरीद होने से लैब सुचारू हो जाएगा.

उधवा बर्ड सेंचुरी में दिखा अनहरा बगुला और नीलकंठ

# राज्य के तीन सेंचुरी में विलुप्त होती प्रजातियों के संरक्षण की कवायद

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड के सेंचुरी में विलुप्त होती प्रजातियों को बचाने की कवायद की जा रही है. उद्धवा बर्ड सेंचुरी में कई लुप्त होते पक्षियों की पहचान की गई है. इसमें अन्हरा बगुला और नीलकंठ की भी पहचान की गई है. इसके अलावा मंझला बगुला, गाय बगुला, घोंघिल, हजि लक लक, लालसर बतख, खरिम, तीतर की तरह डल कपोत, जल पीपी, टिटहरी, मच्छेरा उल्लू, खंजन, अभाबील, कचाटोर, लाल डब बाज, अब लक मैना, दसारी, अबाबील, सफेद गले वाली मुनिया, केरखेटा और पतेना जैसी पक्षियों के संरक्षण पर काम किया जा रहा है.

### महुआटांड सेंचुरी में सांपों की 198 प्रजातियां

राज्य के महुआटांड सेंचुरी में सांपों की 18 प्रजातियों को सहेजा जा रहा है. खासकर इस सेंचुरी में ग्रीन पिट वाइपर और व्हिप स्कॉर्पियन भी देखा गया है. साथ ही 78 भेड़िया प्रजनन स्थल की पहचान की गई. इसके अलावा स्तनधारियों की 27 प्रजातियां, पक्षियों की 19 प्रजातियां, उभयचरों की 8 प्रजातियां और तितलियों की 30 प्रजातियों की भी उपस्थिति देखी गई है. साथ ही वनस्पतियों में बेल, धौरा, खैर, सलाई, पियार, केंडू, करौंदा, ज़िज़िफस ,बौने साल, काझी, चिलबिल और आंवला के पौधों को भी संरक्षित किया जा रहा है.

### पालकोट सेंचुरी में पक्षियों की 124 प्रजातियां


पालकोट सेंचुरी में लुप्त होती प्रजातियां भालू, तेंदुआ, माउस हिरण, अजगर, पैंगोलिन के संरक्षण पर खास ध्यान दिया जा रहा है. इस सेंचुरी में खास तौर पर स्तनधारी पक्षियों की 124 प्रजातियों और वनस्पतियों की लगभग 700 प्रजातियों का संरक्षण किया जा रहा है. प्रवासी एशियाई हाथियों पर भी खास नजर रखी जा रही है.

तीन दिनों तक पूरा विभाग फिल्ड में रहेगा तैनात

# सचिव से लेकर ईई तक को मिला टास्क

विशेष संवाददाता। रांची

प्रदेश में पेयजलापूर्ति योजनाओं की सच्चाई का पता लगाने के लिए तीन दिनों तक पूरा विभाग फिल्ड में काम करेगा. विभागीय सचिव मनीष रंजन से लेकर सभी आला अफसरों को टास्क मिला है. बुधवार से फिल्ड सर्वे का काम हुआ है, जो 12 जनवरी तक चलेगा. इसके बाद सभी अफसर फिल्ड सर्वे से संबंधित अपनी-अपनी रिपोर्ट विभाग को सौपेंगे. अफसरों को एसवीएस, कल्स्टर तथा एमवीएस से संबंधित जलापूर्ति योजनाओं की सत्यता जांचने की जिम्मेवारी मिली है. पेयजल विभाग में लगातार शिकायत आ रही है कि जलापूर्ति योजनाओं के काम में विलंब हो रहा है. जलापूर्ति योजनाओं में लापरवाही बरती जा रही है. काम होने के बाद जलापूर्ति योजनाएं बंद हो गई हैं. ऐसी शिकायत की सच्चाई जानने के लिए विभागीय सचिव ने तीन दिवसीय फिल्ड सर्वे का काम विभागीय अफसरों को सौंपा है. सचिव ने अफसरों को एक जिले से दूसरे जिले में भेजा है, जिससे जलापूर्ति योजनाओं से संबंधित रिपोर्ट मुख्यालय को सही मिले.



- पेयजलापूर्ति योजनाओं की सच्चाई जानने के लिए तीन दिनों तक फील्ड में रहेगा पूरा विभाग

**संथाल परगना :** पेयजल सचिव खुद धनबाद-1 और धनबाद-2 की जलापूर्ति योजनाओं की सच्चाई का पता लगाएंगे. संथाल परगना के गोड्डा में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता ब्रजनंदन कुमार, देवघर और मधुपुर में संयुक्त सचिव श्यामानंद झा, जामताड़ा में अवर सचिव राजीव कुमार चौधरी, दुमका में मुख्य अभियंता मुख्यालय शिशिर कुमार सोरेन, साहेबगंज और पाकुड में मुख्य अभियंता प्रभात कुमार सिंह जलापूर्ति योजनाओं की सच्चाई जानेंगे.

**दक्षिणी छोटानागपुर :** रांची में पश्चिम और पूर्वी प्रमंडल की योजनाओं की समीक्षा अधीक्षण अभियंता अरूण कुमार सिंह, गुमला में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता निरंजन कुमार, लोहरदगा में उपनिदेशक अरविंद कुमार, सिमडेगा में अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार, खूंटी में संयुक्त सचिव मुकुल कुमार भगत जलापूर्ति योजनाओं की सत्यता जाचेंगे.

**कोल्हान :** पूर्वी सिंहभूम के जमशेदपुर और आदित्यपुर की योजनाओं की समीक्षा अवर सचिव नेहा अरोड़ा करेंगी. इसी प्रकार पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा और चक्रधरपुर में सचिव के तनीकी सलाहकार सुधाकांत झा और कार्यपालक अभियंता विनोद कुमार, सरायकेला खरवासांवा में अधीक्षण अभियंता राधेश्याम रवि जलापूर्ति योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे.

### नक्सली हिंसा में मारे गये लोगों के आश्रितों को मिलेगा मुआवजा

**रांची ।** रांची, चाईबासा, गढ़वा और लातेहार जिले में नक्सली हिंसा में मारे गये लोगों के आश्रितों को मुआवजा मिलेगा. चारों जिलों में मरने वाले चार लोगों के आश्रितों को अनुदान राशि के रूप में एक-एक लाख रुपये का मुआवजा दिया जायेगा.

**किनको मिलेगा मुआवजा**

चाईबासा जिले के कराईकेला थाना क्षेत्र में 2021 में नक्सली हिंसा में मारे गये रामराई लुगुन के बेटे राजेश लुगुन को मुआवजा मिलेगा.

**रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में 2016 में नक्सली हिंसा में मारे गये मुकेश प्रधान की मां दयावंती देवी को मुआवजा दिया जायेगा.**

गढ़वा के रामकंडा थाना क्षेत्र में 17 नवंबर 2020 को नक्सली हिंसा में मारे गये नवीन कुमार के भाई प्रवीण कुमार को मुआवजा मिलेगा.

**लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र में 2017 में नक्सली हिंसा में मारी गयी रीता देवी के पति अभिमन्यु सिंह को.**

रांची डीसी ने मोबाइल चलंत वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# वोट की प्रक्रिया से रूबरू कराएगी वैन

संवाददाता। रांची

**19 फरवरी तक वैन हर मतदान केंद्र में जाकर मतदाताओं को करेगी जागरूक**



रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से मोबाइल चलंत वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह वैन मतदाताओं को जागरूक करने का काम करेगा. साथ ही वोट की पूरी प्रक्रिया से रूबरू करायेगा. मोबाइल चलंत वैन हर मतदान केंद्र में जायेगा और वहां ईवीएम और वीवीपैट का प्रदर्शन करेगा. प्रदर्शन के लिए प्रयोग करने वाले ईवीएम में डमी वैलेट पेपर का प्रयोग किया जायेगा. मतदाता इस ईवीएम में डमी वोट भी डाल सकते हैं.

**युवा मतदाताओं को मतदान प्रकिया में जोड़ने के लिए विशेष जोर :** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि युवा मतदाता चुनाव में अपनी सहभागिता निभाये इसके लिए उन्हें विशेष रूप से जागरूक किया जाना चाहिए. ताकि वे इस लोकतंत्र के महापर्व में वोट देकर एक जिम्मेदार नागरिक बने. डीसी ने कहा कि पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया से रूबरू करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है. डीसी ने सभी मतदाताओं (खासकर युवा मतदाता) से मोबाइल प्रदर्शन वैन का लाभ लेने की अपील की है. डीसी ने सभी मतदाताओं को मतदान करने की और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता निभाने को कहा. उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सभी अपना नाम मतदाता सूची में जरूर दर्ज कराये. साथ ही अपने बूथ की जानकारी रखें.

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 10 जनवरी से 19 फरवरी 2024 तक मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया जायेगा. इस जागरूकता रथ के साथ पुलिस बल, मजिस्ट्रेट और कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है. साथ ही बीएलओ, सुपरवाइजर, सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी ईवीएम प्रदर्शन के दौरान वैन के साथ मतदान केंद्र में उपस्थित रहेंगे. मोबाइल प्रदर्शन वैन को रवाना करने के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक सुमन, उप समहर्ता (प्रशिक्षु) त्रिभुवन कुमार, सभी राजनीतिक दल (मान्यता प्राप्त) के प्रतिनिधि और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे.

CLASSIFIED










































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | गुरुवार, 11 जनवरी 2024 ● पौष अमावस्या, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 264 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

# गैंगस्टर प्रिंस खान ने ₹ 20 लाख रंगदारी मांगी

**रंगदारी के एक फोन कॉल से पल भर में ही बदल जा रही जिंदगी**

## डीएसपी बोले- ब्लॉक कर दो नंबर

रिजवान शम्स। धनबाद

गैंगस्टर प्रिंस खान द्वारा व्यवसायियों से लगातार रंगदारी मांगी जा रही है. हर दो-तीन दिन में धनबाद में किसी न किसी व्यवसायी के पास रंगदारी व धमकी भरा फोन कॉल आ ही जाता है. ये एक फोन कॉल उस व्यक्ति को बुरी तरह झिंझोड़ कर रख दे रहा है. चंद पल पहले शांति के साथ जिंदगी गुजारने वाले उस इंसान की जिंदगी पल भर में ही बदल जा रही है. अब क्या करना होगा...यह सवाल उससे न जाने कितने दरवाजों की कुंडी खटखटवा दे रहा है. खाकी के अफसरों से लेकर छुटभैया व गली के नेताओं की पूरी लिस्ट नजरों के सामने आ जाती है. फिर जहां उम्मीद होती है कि मामला सुलझ सकता है, उस तक वो व्यक्ति अपने प्राण व संपत्ति की रक्षा के लिए जरूर जाता है. जबकि कई लोग झंझावातों से बचने के लिए रंगदार के आगे नतमस्तक भी हो जाते हैं.

गैंगस्टर प्रिंस खान ने धनबाद शहर के एक कारोबारी से पांच दिन पूर्व वाट्स एप पर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी. दो दिन तक कारोबारी ने कुछ नहीं किया, सोचा कि शायद किसी की शरारत भी हो सकती है. फिर दुबारा उसके मोबाइल पर प्रिंस का मैसेज आया... क्या सोचे हो, खोपड़ी खुलवाना है. इसके बाद कारोबारी और उसका परिवार सहम गया. अपने करीबी लोगों को बुलाकर मामले की जानकारी दी, कई तरह के मशवरे आए, फिर तय हुआ कि पुलिस के पास जाना चाहिए., एक परिचित ने डीएसपी के बारे में सुझाव दिया कि भले व्यक्ति हैं, जरूर हल निकाल देंगे. फिर कारोबारी व्यवस्था संभालने वाले डीएसपी के पास गए. सारा दुखड़ा सुनाया. डीएसपी साहब ने कहा कि एफआईआर करा दीजिए, अब व्यापारी सोच में पड़ गया. फिर हिम्मत कर बोला सर एफआईआर कराने से मामला सुलझ जाएगा, दोबारा उसे फोन कॉल नहीं आएंगे. इस सवाल का जवाब तो फिलहाल डीएसपी साहब के पास भी नहीं था. तब डीएसपी ने कहा- फिर नंबर ही ब्लॉक कर दीजिए, फोन नहीं आएंगे. आधे घंटे तक चली मीटिंग के बाद कारोबारी तय नहीं कर पाया कि आखिर उसे करना क्या है. लेकिन क्या नहीं करना है, इसकी प्लानिंग उसने वहां बैठे-बैठे ही जरूर बना ली. जैसे... अब दुकान नहीं खोलना है, दुकान खुला भी तो काउंटर पर खुद नहीं बैठना है. अकेले में घर से बाहर नहीं निकलना है. दुकान व घर के बीच की दूरी तय करने में वक्त बिलकुल नहीं गंवाना है. खुद बैंक नहीं जाना है, जैसे कई ऐसे काम हैं, जो अब उसे नहीं करने हैं.

## धमकी से परेशान कारोबारी पुलिस से लेकर छुटभैयों तक की लगा रहे हाजिरी

### श्रीमान, आप अपराधी को ब्लॉक क्यों नहीं कर देते

डीएसपी साहब ने कारोबारी को बड़े इत्मिनान से समझा दिया कि नंबर ब्लॉक कर दो, तमाशा खत्म हो जाएगा. वाकई ऐसा हो गया तो एक व्यापारी के लिए इससे बढ़िया कोई उपाय नहीं होगा. लेकिन सवाल ये है कि आखिर गैंगस्टर के पास सिर्फ एक ही मोबाइल नंबर है, क्या वह दूसरे नंबर से कारोबारी को फिर धमकी नहीं दे सकता है. अगर दिया तो फिर कितने नंबरों को वह ब्लॉक करता रहेगा, व्यापारी ने चाहा कि बोल दें ... श्रीमान, आप अपराधी को ब्लॉक क्यों नहीं कर देते. लेकिन ठिठक गया.



### ...नहीं तो गैंगस्टर का नेटवर्क ब्लॉक कर दें

गैंगस्टर प्रिंस खान दुबई में है, उसे गिरफ्तार कर देश लाने की तमाम कवायद हो चुकी है. लेकिन उसका पूरा नेटवर्क, उसकी गैरमौजूदगी में धनबाद में है, हमारे ही बीच में है. इस नेटवर्क को ब्लॉक कर दीजिए न. प्रिंस तक व्यपारियों का फोन नंबर पहुंचाने वाला, उसकी वसूली करने वाला, कारोबारी और रंगदार के बीच मांडवाली कराने वाला, प्रिंस की अवैध कमाई से धनबाद में पनपने वाला, सभी तो यहीं हैं डीएसपी साहब, कीजिए न इनको ब्लॉक.

## ब्रीफ खबरें

### जंगल में 5 किलो का आईईडी बम बरामद

**चाईबासा।** हेसाबांध व जोजोहातु के बीच जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 5 किलो का एक आईईडी बम बुधवार को बरामद किया गया. सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है. एसपी आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की. जांच अभियान जारी रहेगी.

### ईडी का प्रीति कुमार को समन, कल बुलाया

**रांची।** बर्लिन अस्पताल मामले में ईडी ने प्रीति कुमार को दूसरा समन भेजा है. ईडी ने उन्हें 12 जनवरी को उपस्थित होने को कहा है. ईडी ने प्रीति कुमार को 28 दिसंबर 2023 को समन भेजकर तीन जनवरी को उपस्थित होने को कहा था. लेकिन प्रीति ने ईडी को पत्र भेज कर यह बताया था कि वह अपने परिवार के साथ केरल में छुट्टियां मनाने आयी हैं.

### हावड़ा-पुरी के बीच चलेगी वंदे भारत साप्ताहिक ट्रेन

**जमशेदपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने हावड़ा से पुरी के बीच वंदे भारत साप्ताहिक ट्रेन चलाने की घोषणा की है. ट्रेन का नंबर और ठहराव का शिड्यूल भी जारी हो चुका है. ट्रायल में 02311 हावड़ा-पुरी वंदे भारत स्पेशल 11, 18 और 25 जनवरी को हावड़ा से 6.10 बजे रवाना होगी, जो 12.35 बजे पुरी पहुंचेगी, जबकि पुरी से 02312 पुरी-हावड़ा वंदे भारत स्पेशल 11 जनवरी को हावड़ा लौटेगी.

**तल्ख तेवर :** जिले के अवैध लोहा गोदामों में लटके ताले

# कोयला के बाद लोहा सिंडिकेट पर नकेल

संवाददाता। धनबाद

धनबाद में कोयला तस्करों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद अवैध कारोबारी एसएसपी का मूड भांपने के बाद आगे का कारोबार करने का प्लान कर चुके हैं. अवैध कोयला बरामदगी और मुकदमों की झड़ी के बाद अवैध लोहा कारोबारी भी निशाने पर है. लोहा कारोबारियों में भी हड़कंप है और गोदामों में ताला लटका कर अन्यत्र शिफ्ट कर चुके हैं. चर्चा है कि सिंडिकेट की तरफ से ही आदेश आ गया है कि अभी एक किलो लोहा भी नहीं खरीदना है. इस आदेश के बाद सभी गोदाम फिलहाल बंद कर दिए गए हैं.

**कोयला तस्करों पर कार्रवाई से लोहा तस्कर सहमे :** बता दें कि धनबाद में पिछले कई सालों से कोयले की जमकर चोरी हुई. एसएसपी संजीव कुमार के तबादले के बाद भी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई थी. लेकिन नए एसएसपी एचपी जनार्दन ने कोयला चोरों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर अपने मंसूबे साफ कर दिए. कई हजार टन अवैध कोयला जब्त किया और संबंधित अवैध कारोबारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया. एसएसपी की इस कार्रवाई के बाद लोहा चोर और तस्कर भी सहम गए. धनबाद में कोयला चोरों की तरह लोहा चोरों का भी सिंडिकेट काम करता है, जो धनबाद से लेकर गिरिडीह तक मोर्चा संभालता है. गिरिडीह की दर्जनों फैक्ट्री इन चोरी के लोहा के बदौलत की फल-फूल रही हैं. लोहे के अवैध कारोबार की जड़ें भी कोयला की तरह मजबूत और लंबी हैं.

### कोयले की तरह जिले में संगठित व व्यविस्थत है लोहा तस्करी भी



### रेलवे व बीसीसीएल का लोहा जाता है देवघर व गिरिडीह

धनबाद में लोहा तस्करी का सबसे बड़ा स्रोत रेलवे की संपत्ति और बीसीसीएल की कोलियरियां हैं. लोहा तस्कर यहां से लोहा काटते हैं और देवघर व गिरिडीह की रोलिंग मिल में सप्लाई कर दिया करते हैं. पिछले कई दशकों से लोहा तस्करों का यह धंधा फल-फूल रहा है. पहले ये लोग अलग-अलग काम करते थे, इस कारण लोहा तस्करों के बीच अक्सर मारपीट व केस मुकदमे दर्ज हो जाते थे. इन बातों को ध्यान में रखते हुए एक सिंडिकेट बनाया गया, पिछले आठ-दस सालों से सिंडिकेट काम करने लगा है. लोहा तस्करी में अब कोई भी निर्णय सिंडिकेट द्वारा ही लिया जाता है.

### 135 छोटे-बड़े गोदाम, करोड़ों रुपये का है कारोबार

धनबाद में लगभग 135 छोटे-बड़े अवैध लोहा के गोदाम हैं. इनमें से करीब 40 बड़े गोदाम हैं, जो छोटे कारोबारियों से माल खरीदते हैं और फिर इन बड़े गोदाम से लोहा ट्रकों में लोड कर गिरिडीह व देवघर की रोलिंग मिलों में भेज दिया करते हैं. अवैध लोहा का यह कारोबार प्रतिमाह करोड़ों का है. रास्ते में पड़ने वाले सभी थानों को ट्रक पार कराने के दौरान आंख बंद रखने की सही कीमत अदा की जाती है. साथ ही बड़े अफसरों को भी लोहा चोरों की सलामी समय पर पहुंच जाती है. लेकिन नए एसएसपी एचपी जनार्दन ने फिलहाल सारा कारोबार बंद करने का सख्त निर्देश दे रखा है.

सीएम की अध्यक्षता में हुई राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक

# जेलों में बंद 56 कैदी होंगे रिहा

प्रमुख संवाददाता। रांची



**खास बातें**

- 109 कैदियों की रिहाई के बिंदुओं की समीक्षा की गई
- 56 कैदियों की रिहाई पर बनी सहमति

झारखंड के विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 56 कैदी रिहा किये जाएंगे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 30वीं बैठक में यह फैसला लिया गया. बैठक में 109 कैदियों की रिहाई के बिंदू पर समीक्षा के बाद यह सहमति बनी. समीक्षा के दौरान अदालतों, संबंधित जिलों के एसपी, जेल अधीक्षक और जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों के विचार पर से चर्चा की गई.

**कैदियों के पुनर्वास की व्यवस्था हो :** बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जो कैदी जेल से रिहा किए जाते हैं उनकी लगातार ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग होनी चाहिए. इसके अलावा उनके पुनर्वास की दिशा में भी पहल की जाये. ताकि वे मुख्य धारा में बनें रहें. कहा कि अक्सर देखा गया है की जेल से जो बुजुर्ग कैदी रिहा रहा किए जाते हैं, उन्हें उनका परिवार अपनाने के लिए आगे नहीं आता है. ऐसे में इनको सरकार के यूनिवर्सल पेंशन स्कीम से जोड़ा जाए. कैदियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ देने का निर्देश दिया.

**1831 कैदी हो चुके हैं रिहा :** झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक तक 1831 कैदियों की रिहाई हो चुकी है. अधिकारियों ने बताया कि 2019 से लेकर अब तक 457 कैदियों के घर का जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों द्वारा सर्वे कराया जा चुका है. इनमें से 378 कैदियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया है, जबकि अन्य कैदियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है.

### हाईकोर्ट के वकील 48 घंटों से लापता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सतीश कुमार सिंह लगभग 48 घंटों से लापता हैं. वह डोरंडा थाना क्षेत्र के साउथ ऑफिस पाड़ा के आनंदम अपार्टमेंट में रहते हैं. अधिवक्ता सतीश कुमार सिंह के लापता होने के बाद उनके परिजनों ने डोरंडा थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया है. सतीश सिंह किसी उपेंद्र नाम के व्यक्ति के पास पैसा लेने के लिए घर से निकले थे.



## भाजपा विधायक के वाहन पर हमला के आरोप में 9 गिरफ्तार



संवाददाता। मेदिनीनगर

**खास बातें**

- 38 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी
- 100-150 अज्ञात लोगों को भी प्राथमिकी में आरोपी बनाया

झारखंड के पलामू जिले में छतरपुर से भाजपा की विधायक पुष्पा देवी के वाहन पर हमला करने के आरोप में 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस मामले में छतरपुर थाने में 38 लोगों के खिलाफ नामित और 100-150 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी पहले ही दर्ज की जा चुकी है. जिस वाहन में भाजपा विधायक और उनके पति मनोज कुमार भुइयां यात्रा कर रहे थे, उस पर वाणिज्यिक वाहनों के चालकों ने कथित तौर पर हमला किया था. चालकों ने 'हिट-एंड-रन' मामले से जुड़े नए कानून के विरोध में मंगलवार को उदयगढ़ में 'फोर-लेन' सड़क को अवरुद्ध कर दिया था. भुइयां ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करायी और आरोप लगाया कि आंदोलनकारियों ने उनके वाहन पर पथराव किया, जिसमें दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गये. छतरपुर के उपमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अजय कुमार ने बताया कि इस सिलसिले में 38 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है

## सांसद व विधायक ने धनबाद डीसी ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

संवाददाता। धनबाद/कतरास

लंबे समय से बंद धनबाद-चंद्रपुरा डीसी ट्रेन बुधवार से पुनः परिचालन होने पर कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व विधायक ढुल्लू महतो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. डीसी ट्रेन को दोबारा चलाने के लिए धनबाद, कतरास व चंद्रपुरा स्टेशन को दुल्हन की तरह सजाया गया. धनबाद स्टेशन पर सासंद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा व डीआरएम केके सिन्हा समेत अन्य लोग थे. यह ट्रेन धनबाद से शाम को 17:05 और चंद्रपुरा से सुबह 7:10 बजे चलेगी. उद्घाटन कार्यक्रम में काफी संख्या में भीड़ उमड़ी थी.

### सहायक आचार्य प्रवेश परीक्षा स्थगित

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सहायक आचार्य की परीक्षा स्थगित कर दी है. यह परीक्षा 12 जनवरी से होनी थी. जेएसएससी ने जारी नोटिस में कहा है कि झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 कार्यक्रम का पुनर्नियोजन आवश्यक हो गया है और उपरोक्त परीक्षा अब 10 फरवरी 2024 को हो सकती है.

## स्कूल वैन चालक ने किया 10वीं की छात्रा को अगवा, कोलकाता से बरामद, दो गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

बरियातू थाना क्षेत्र के इदगाह मैदान के पास से 30 दिसंबर 2023 को छात्रा का अपहरण कर लिया गया था. अपहृत छात्रा को पुलिस ने कोलकाता से बरामद कर लिया है. छात्रा के स्कूल वैन का ड्राइवर ही अपहरणकर्ता निकला. जिसे पुलिस ने 10 दिनों के बाद डोरंडा से गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपी में ड्राइवर माजिद रजा और उसका सहयोगी अरबाज अंसारी शामिल है. उसके पास से पुलिस ने एक ऑटो और दो मोबाइल फोन बरामद किया है.

**टेंपो से छात्रा का अपहरण कर बुंडू ले गया था :** आरोपी माजिद बहुत ही शातिर अंदाज में टेंपो से छात्रा का अपहरण कर बुंडू ले गया था, जहां उसे अपने परिचित के हवाले कर दिया था. ड्राइवर के परिचित ही अपहृत छात्रा को लेकर कोलकाता पहुंचे थे. जहां उसे अपने पास कब्जे में रखे हुए था. पुलिस अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है.

## सदर अस्पताल: 52 वेंटिलेटर, 51 का पता नहीं

**पड़ताल**

संवाददाता। हजारीबाग

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल हजारीबाग (सदर अस्पताल) में कितने वेंटिलेटर हैं. 52 या 40 या तीन, या फिर एक. किसी को नहीं पता. इस बारे में जिनसे से भी जानकारी मांगी गई, सबने अलग-अलग आंकड़े दिए. अस्पताल में जाकर मुआयना करने पर एक वेंटिलेटर लगा मिला. बाकि वेंटिलेटर कहां है, इसकी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है. दरअसल, कोरोना काल में सरकार ने इस अस्पताल को करीब तीन दर्जन वेंटिलेटर उपलब्ध कराए थे. एनटीपीसी कंपनी ने अस्पताल को 15 वेंटिलेटर दिए थे. लेकिन आज की तारीख में सिर्फ एक वेंटिलेटर लगा हुआ है. ओल्ड आईसीयू में कुल 11 बेड हैं. नाम नहीं छापने की शर्त पर एक कर्मचारी ने बताया कि अस्पताल में कुल तीन वेंटिलेटर है, जिसमें से दो रखा हुआ है और एक ओल्ड आईसीयू में लगाया गया है.

### एनटीपीसी ने भी दिया था 15 वेंटिलेटर का दाम



**रिकॉर्ड में 52 वेंटिलेटर :** स्टोर कीपर पवन कुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि रिकॉर्ड के मुताबिक अस्पताल में 52 वेंटीलेटर है. अभी यहां मैं नया हूं. पर रिकॉर्ड यही बता रहा है. रिकॉर्ड के मुताबिक 15 वेंटीलेटर एनटीपीसी के द्वारा दिया गया था. वेंटिलेटर अभी कहां-कहां लगा है, कोई जानकारी नहीं है.

**40 वेंटिलेटर :** जब हमने वेंटीलेटर के प्रभारी त्रिनेत्र कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि अस्पताल में 40 वेंटीलेटर है. सभी वेंटीलेटर हमारे पास सुरक्षित है और सही स्थिति में है. अभी हमने एक वेंटीलेटर को ओल्ड आईसीयू में लगाया है. जरूरत पड़ने पर और लगवा देते हैं.

**व्रत-त्योहार** एक माह ब्रेक के बाद सूर्य देव के उत्तरायण होते ही शहनाई गूंजने लगेगी

# मकर संक्रांति 15 जनवरी को, शुरू होंगे मांगलिक कार्य

राजन बॉबी। रांची

मकर संक्रांति का त्योहार 15 जनवरी को मनाया जाएगा. साथ ही मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाएंगे. एक माह ब्रेक के बाद सूर्य देव के उत्तरायण होते ही शहनाई गूंजने लगेगी. बन्ना-बन्नी के गीत गुनगुनाएं जाएंगे. सनातनी दही-चूड़ा और खिचड़ी ग्रहण कर विभिन्न संस्कार के साथ नए कार्यों का शुभारंभ भी करेंगे. ज्योतिषों के अनुसार, खरमास में शुभकार्य करने की मनाही होती है, इस कारण मकर संक्रांति का सबको इंतजार रहता है. आचार्य श्रीकृष्ण ने पंचांग की गणना कर बताया कि सोमवार को सूर्य देव तड़के 2 बजकर 54 मिनट पर धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे. अतः उदया तिथि के अनुसार, मकर संक्रांति का मान सोमवार को होगा. इसका पुण्यकाल – सुबह 7:15 मिनट से शाम 6: 21 मिनट तक और महा पुण्यकाल – प्रातः 7:15 मिनट से पूर्वाह्न 9: 06 मिनट तक रहेगा. आचार्य बताते हैं कि महा पुण्यकाल में गंगा स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व है. इस दिन गंगा स्नान करके भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से कष्टों से मुक्ति मिल जाती है. जीवन में सुख-सौभाग्य बना रहता है.



### इसलिए खास है मकर संक्रांति

सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर जाते हैं, पिता-पुत्र का मिलन होता है. श्रीविष्णु ने असुरों का संहार कर पृथ्वी वासी को राहत दी थी. सूर्य देव के उत्तरायण होने पर ही पितामह ने प्राण त्यागे थे. देवी यशोदा ने श्रीकृष्ण को प्राप्त करने के लिए व्रत किया था. गंगा कपिल मुनि के आश्रम से होकर सागर में जा मिली थी. ऋतु परिवर्तन का सूचक है मकर संक्रांति का त्योहार.

**टुसू पर्व की रहेगी धूम :** वैसे तो मकर संक्रांति का पर्व देशभर में विभिन्न नामों से मनाया जायेगा. दक्षिण भारत में पोंगल, पंजाब में इसे लोहड़ी और असम में माघ बिहू पर्व के रूप में मनाया जाता है, लेकिन झारखंड में यह त्योहार टुसू पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है. इस दिन कई ग्रामीण इलाकों में टुसू मेला लगता है. इसमें बड़ी संख्या में लोगबाग इसमें भाग लेकर खुशियां मनाते हैं. फसल काटने के बाद मनाया जाने वाला यह पर्व सब के लिए अलग महत्व रखता है.

### 16 से बजेगी शहनाई

खरमास समाप्त होते ही 16 जनवरी से पुन: शहनाई बजने लगेगी. एक माह इंतजार के बाद विवाहित जोड़े एक होंगे. आचार्य श्रीकृष्ण के अनुसार, जनवरी में नौ, फरवरी में 11 और मार्च में दस विवाह के शुभ मुहूर्त हैं.

**जनवरी** – 16,17, 20, 21, 22, 27, 28, 30 और 31

**फरवरी** – 04, 06,07,08, 12, 13, 17, 24, 25, 26 और 29

**मार्च** – 01,02,03,04, 05, 06,07, 10, 11, 12

## ब्रीफ खबरें

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पहुंचा घर- घर

**घाटशिला।** गोपालपुर के प्रधान दूल्हा हेंब्रम के नेतृत्व में बुधवार को सुर्य मंदिर गोपालपुर से लेकर एक-एक गली मोहल्ले तक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण घर घर पहुंचाया गया. साथी ही साथ आम लोगों को 'अक्षत' का वितरण किया गया. 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होनी है. उससे पहले आम लोगों को 'अक्षत निमंत्रण' देने का सिलसिला घाटशिला में रोज चल रहा है. जय श्री राम नारे के साथ गोपालपुर की गलियों में आम जन को अक्षत निमंत्रण दिया गया. रंजीत ठाकुर ने लोगों से अनुरोध किया कि वह पास के मंदिर में एकत्र होकर उत्सव मनाएं.

### विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति अनिवार्य है : प्रखंड प्रमुख

**मझगांव।** प्लस टू उच्च विद्यालय मझगांव सभागार में बुधवार को सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ उपस्थित बढ़ाओ अभियान सफल बनाने के लिए प्रखंड क्षेत्र के प्रभारी शिक्षकों का बैठक आयोजित की गई. जिसमें संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि मझगांव प्रखंड प्रमुख सरस्वती चातार व मझगांव जिला परिषद सदस्य लंकेश्वर तामसोय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. बीपीओ बलराज कपूर ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग संबंधित विद्यालय के पोषक क्षेत्र में बच्चों एवं शिक्षक द्वारा एक घंटा सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान चलाएगी.

### वीमेंस यूनिवर्सिटी में कैंपस प्लेसमेंट के लिए आयेंगी कई कंपनियां

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में टेक महिन्द्रा, विस्ट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स (टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ) एवं वेदांत लिमिटेड हायरिंग पार्टनर का आगमन होने वाला है. यूनिवर्सिटी की ओर से बताया गया है कि 11 जनवरी (गुरुवार) को टेक महिंद्रा विश्वविद्यालय के बिष्टुपुर परिसर में प्लेसमेंट ड्राइव के लिए आ रही है. यह विश्वविद्यालय की छात्राओं के लिए एक बड़ा अवसर है. ई-कॉमर्स तकनीकी सहायता के रूप में नए स्नातकों के लिए भुवनेश्वर और अहमदाबाद से 18 जनवरी को कंपनियां आ रही हैं.

### ट्रेन के सामने कूदकर अधेड़ ने की आत्महत्या

**चक्रधरपुर ।** मुख्य रेल मार्ग के चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के विंजय पुल के समीप बुधवार को ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली.बताया जाता है कि बंगलाटांड निवासी राजू नामक 45 वर्षीय राजू नामक व्यक्ति ने विंजय पुल के समीप किसी ट्रेन के नीचे आकर आत्महत्या कर ली.घटना में मृतक का शरीर कमर से पूरी तरह अलग हो गया है.घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन पुलिस के पहुंचने से पहले ही शव को उठाकर ले गये. कुछ लोगों के अनुसार मृतक राजू चक्रधरपुर नगर परिषद् के समीप पंक्चर बनाने का काम करता था.वहीं इधर इसकी सूचना मिलने पर चक्रधरपुर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है.

### ग्रामीणों ने गाजेबाजे के साथ सांसद का किया स्वागत

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों ने जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो को विगत दिनों द्वितीय बार सांसद रत्न पुरस्कार मिलने से व बूढ़ामारा से चाकुलिया रेलवे लाइन की स्वीकृति मिलने पर बहरागोड़ा प्रखंड के भाजपाइयों में उत्साह है. बुधवार को मानुषमुड़िया में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत कार्यक्रम आयोजित कर सांसद विद्युत वरण महतो को भव्य स्वागत किया. मानुषमुड़िया चौक पर सांसद प्रतिनिधि गौरव पुष्टी, मुखिया राम मुर्मु, पूर्व जिला परिषद अर्जुन पूर्ति,कमल कांत सिंह, चंडी चरण साव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सांसद को माला पहनाकर स्वागत किया.

### भाजपा महिला मोर्चा की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**चांडिल :** भाजपा सरायकेला-खरसावां जिला महिला मोर्चा की बैठक जिला अध्यक्ष रश्मि साहू की अध्यक्षता में चांडिल डैम स्थल स्थित शीश महल में हुई. मौके पर ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं का सत्यापन जिला प्रभारी रमा सिन्हा द्वारा किया गया. विदित हो कि आगामी कार्यक्रमों की तैयारी एवं जिला से लेकर मंडल स्तर तक महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं के सत्यापन के लिए जिला प्रभारी रमा सिन्हा दो दिवसीय प्रवास पर पहुंची हैं. प्रदेश से निर्देशित दो दिवस प्रवास के दूसरे दिन गुरुवार को सरायकेला स्थित जिला कार्यालय में सुबह 11 बजे से अति आवश्यक बैठक रखी गई है.

---

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में इंटरनल परीक्षा स्थगित,प्रबंधन ने छात्रों को घर जाने को कहा

# छात्र-छात्राओं को हॉस्टल खाली करने का फरामन सुनाया

**संवाददाता । किरीबुरु**

राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, जगन्नाथपुर में 11 जनवरी से होने वाली आंतरिक परीक्षा स्थगित कर दी गई है. इस संबंध में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य ने सूचना जारी की है. सूचना में यहां पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं हॉस्टल खाली करने का भी आदेश दिया गया है. इस आदेश के बाद कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने न चाहते हुए भी हॉस्टल खाली करना शुरू कर दिया था. विद्यार्थी कॉलेज से अपने-अपने घर जाने से पहले कॉलेज गेट के पास सड़क पर धरना देने की तैयारी कर रहे थे. इसी दौरान दो पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और सभी विद्यार्थियों को कैम्पस में जाने के लिए कहा.



**खास बातें**

- धरना देने पहुंचे विद्यार्थियों को पुलिस ने वापस कॉलेज भेजा
- बुधवार सुबह तीन बजे मेस कर्मी रुपए लेकर हो गए हैं फरार

**विद्यार्थियों ने कहा,पुलिस उन्हें डरा रही थी :** विद्यार्थियों ने कहा कि पुलिस उन्हें डरा भी रही थी. पुलिस के जवानों ने कहा कि अंदर चलो समस्या का समाधान के लिए बात की जाएगी. विद्यार्थियों ने बताया कि हम यहां झारखंड के गोमो, बोकारो, धनबाद, लातेहार, पलामू, रांची आदि विभिन्न शहरों से पढ़ने आये हैं. इस कॉलेज से हमारे गांव व शहरों तक आवागमन के लिये बेहतर सुविधा नहीं है. इस कॉलेज के समीप सड़क से ट्रक आदि वाहनों में बैठकर किसी तरह से हाटगम्हरिया स्थित केन्दपोशी रेलवे स्टेशन जायेंगे. वहां से अपने-अपने घर रवाना होंगे.

**क्या है कारण**

उल्लेखनीय है कि इस कॉलेज की स्थिति आज इसलिए बिगड़ी क्योंकि कॉलेज के विद्यार्थी मेस के सारे कर्मचारी सुबह 3 बजे फरार हो गये. मेस के कर्मचारियों के फरार होने की वजह से इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को भूखे रहना पड़ रहा था. इस कॉलेज में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है. कॉलेज प्रबंधन इस डैमेज कंट्रोल तथा मामले को छिपाने के प्रयास में लगा हुआ है. मेस कर्मचारी मेस का राशन के लिये जमा पैसा भी साथ लेते गये हैं. इस कालेज में भारी अव्यवस्था है. कॉलेज का डीजी नहीं चलता, शुद्ध पेयजल व भोजन नहीं मिलता, शौचालय-बाथरुम काफी गंदा रहता है, साफ-सफाई की बेहतर सुविधा नहीं है. हमारी समस्या व व्यवस्था को देखने कोई नहीं आता. विकट परिस्थिति में पढ़ाई कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि इसी मेस से संबंधित समस्या को लेकर 11 जनवरी से होने वाली इंटरनल परीक्षा को रद्द किया गया है.

---

**आओ जानें**

## सामान्य ज्ञान

- संसद का कौन सा सदन निम्न सदन कहलाता है – **लोकसभा**
- विश्व की सबसे लम्बी नदी कौनसी है – **नील नदी**
- संविधान सभा ने किसे प्रारूप समिति का अध्यक्ष चुना – **भीमराव अंबेडकर को**
- संविधान सभा द्वारा कब संविधान को पारित कर दिया गया – **26 नवम्बर, 1949 को**
- शरीर की सभी कार्यों का नियंत्रण कौनसा अंग करता है – **मस्तिष्क**
- फतेहपुर सीकरी का निर्माण किसने करवाया – **मुगल सम्राट अकबर**
- प्लासी की लड़ाई लार्ड क्लाइव ने किसको हराया था – **सिराजुद्दौला को**
- नन्द वंश का अंतिम शासक कोन था – **घनानंद**
- पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह कौनसा है – **चन्द्रमा**
- शक् संवत किसने चलाया – **कनिष्क ने**

---

### मंझारी प्रखंड के तोरलो नदी पर पुलिया निर्माण का विधायक ने किया भूमि पूजन

# पुलिया निर्माण होने से झारखंड से ओडिशा सीधे जुड़ेगा : निरल पूर्ति

**संवाददाता। चाईबासा**

पश्चिम सिंहभूम जिला अन्तर्गत मंझारी प्रखंड के पंचायत रोलाडिह में बिरूवा टोंन्टो से पड़सी जाने वाली पथ में तोरलो नदी पर पुल निर्माण पर भूमि पूजन कार्यक्रम रखा गया है. इस भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंझगाव निरल पूर्ति मौजूद थे. मौके पर विधायक ने कहा कि तोरलो नदी में पुल निर्माण की मांग काफी समय से हो रहा था. इसको देखते हुए इसका निर्माण कार्य कराया जा रहा है. इस पुलिया के बन जाने से खास पोखरिया और ओडिशा से सीधा संपर्क हो जाएगा. आने वाले दिनों में इस सड़क को आईसीडी सड़क के तहत निर्माण भी कराया जा सकेगा. जिससे स्थानीय लोगों को ओडिशा–झारखंड आने-जाने में बहुत सुविधा हो जाएगी. खासकर बरसात के दिनों में पुल निर्माण नहीं होने से कई गांव प्रखंड मुख्यालय से कट जाते थे. लेकिन अब पुलिया निर्माण होने से लोगों को सभी प्रकार की सुविधा होने लगेगी. मझगांव विधानसभा में विकास कार्य काफी तेजी के साथ किया जा रहा है. खासकर वैसे सड़क जो अति महत्वपूर्ण है. उन्हें प्राथमिकता के साथ बनाया जा रहा है. साथ ही गांव-गांव को जोड़ने वाले पुल–पुलिया का भी निर्माण तेजी के साथ की जा रही है. जिससे कोई भी गांव विकास से अछूता न रहे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का वादा है कि राज्य के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ पहुंच सके. उसको लेकर तेजी से विकास कार्य जा रहा है.



**खास बातें**

- मझगांव विधानसभा में विकास कार्य काफी तेजी के साथ किया जा रहा है
- अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ पहुंचाना लक्ष्य

**लोगों को योजना का लाभ लेने के लिद भटकना नहीं पड़ता :** अब लोगों को सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए पंचायत, प्रखंड, जिला मुख्यालय के चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा. मुख्यमंत्री जनता की सुविधा के लिए प्रत्येक साल आपकी योजना आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करने के एलान कर चुके है. जिससे ग्रामीणों को सरकार की योजना का प्रत्येक लाभ मिल सके. विधायक ने कहा कि आने वाले समय लोकसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है. झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता पूरी तैयारी के साथ लगे रहें.

**ये लोग थे मौजूद**

मौके पर तांतनगर प्रखंड अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य जहवर, बोयपाई, मंझारी प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र पुरती , पूर्व मुखिया पड़सा पंचायत चंद्र मोहन बिरूवा, पूर्व मुखिया मेरोमहोनर पंचायत मुखिया अरविंद कुंकाल, पूर्व मुखिया पिलका पंचायत श्रीराम सोरेन, रामेश चंद्र बिरूवा,वर्तमान मुखिया जाम्बीरा बोयपाई,बीस सुत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष/अध्यक्ष लाला राउत, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह बारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता झारखंड मुक्ति मोर्चा के अमित कुमार गोप, राहुल कुमार बेहरा, हेमंत बारीक,टोंटो ग्रामीण मुंडा जय प्रकाश बिरूवा, झामुमो के पंचायत अध्यक्ष अरूण गोप,अजय दास, ईपिलसिंगी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार चाम्पिया, खुंडिया सांवैयां,जाम्बांल सांवैयां, रोलाडिह पंचायत उप मुखिया कन्या किशोर पुरती, उदय पूर्ति आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

---

# साथी की मौत के बाद बौखलाये हाथियों के झुंड ने आंडा में मचाया जमकर उत्पात

**संवाददाता। चांडिल**

अपने साथी की कुंआ में गिरकर मरने के बाद जंगली हाथियों का झुंड बोखलाया हुआ है. अपने साथी की मृत्यु के बाद से ही जंगली हाथियों का झुंड नीमडीह प्रखंड के आंडा गांव के आसपास ही घुम रहा है. मंगलवार की रात को भी जंगली हाथियों का दल आंडा गांव में ही था. हाथियों के झुंड ने गांव में जमकर उत्पात मचाया. वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान जंगली हाथियों के झुंड ने रोहिन सिंह मुंडा के मकान को तोड़कर क्षति पहुंचाया. जानकारी के अनुसार रोहिन सिंह मुंडा के जमीन पर ही वह कुंआ था, जिसपर गिरकर हाथी की मौत हुई थी. हाथियों के झुंड ने मकान को क्षति पहुंचाने के बाद खेतों में लगी फसल को भी नुकसान पहुंचाया. किसानों के आलू, गोभी समेत अन्य सब्जी की फसल को अपना निवाला बनाया और रौंदकर नुकसान पहुंचाया.



**जान व माल की सुरक्षा का लगाया गुहार :** एक सप्ताह पूर्व बीते बुधवार को नीमडीह प्रखंड के आंडा गांव में कुंआ में गिरकर झुंड का एक हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था. वन विभाग की ओर से बाहर निकाले जाने के क्रम में शुक्रवार को हाथी की मृत्यु हो गई थी. उस समय से जंगली हाथियों का झुंड आंडा गांव के आसपास ही विचरण कर रहे हैं. जिस दिन कुंआ में गिरे हाथी की मौत हुई थी, उस रात जंगली हाथियों का झुंड कुंआ के पास पहुंचकर मृत हाथी को उठाने का प्रयास कर रहे थे, इस दौरान हाथियों का दल रातभर जोर-जोर से चिंघारते रहे. इसके बाद से ही हाथियों का दल बौखला गए हैं और आसपास के क्षेत्र में तबाही मचा रहे हैं. जंगली हाथियों से भयभीत ग्रामीणों ने वन विभाग से जान व माल की सुरक्षा करने का गुहार लगाया है. ग्रामीणों का कहना है कि इतने दिनों के बाद भी वन विभाग हाथियों के झुंड को वापस जंगली की ओर जाने में नाकामयाब है.

### प सिंहभूम के सहायक व कनीय अभियंता को हटाने की मांग

**किरीबुरू।** तीन वर्ष से अधिक समय से कार्यरत, राजनीतिक गतिविधि में संलिप्त सहायक अभियंता और कनीय अभियंता का स्थानांतरण करने हेतु झारखण्ड राज्य भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर गणेश प्रसाद ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है. उन्होंने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिला अन्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग के चाईबासा कार्य प्रमंडल में विगत चार वर्षों से नोवामुंडी अवर प्रमंडल में पदस्थापित सहायक अभियंता संजय कुमार सिंह और जगन्नाथपुर प्रशाखा में पदस्थापित कनीय अभियंता अभिलेष विशेष राजनीतिक दल के साथ सांठगांठ कर राजनीतिक लाभ पहुंचा रहें हैं.

### रैली निकाल जेनरल ऑफिस समक्ष किया प्रदर्शन

# आज आठवें दिन भी संयुक्त यूनियनों का आंदोलन जारी

**संवाददाता। नोवामुंडी**

गुवा सेल में 18 बाहरी लोगों को ज्वाइनिंग देने को लेकर संयुक्त यूनियनों द्वारा लगातार आज आठवें दिन मंगलवार को भी आंदोलन जारी है. इस दौरान संयुक्त यूनियनों ने गुवा रामनगर से रैली निकालते हुए गुवा सेल जेनरल ऑफिस समक्ष आंदोलन करते हुए विभिन्न नारे लगाए गए. ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व बुधवार को दूसरे राज्य से 18 लोगों को सेल प्रबंधन द्वारा गुवा सेल में जॉइनिंग दी गई है. और यहां के स्थानीय युवा बेरोजगारों को सेल प्रबंधन नौकरी ना देकर दरकिनार कर दिया गया है.संयुक्त यूनियनों में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे, बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक के क्षेत्रीय महामंत्री दुचा टोप्पो, सारंडा मजदूर यूनियन के महामंत्री राजकुमार झा, झारखंड मुक्ति मोर्चा यूनियन के अध्यक्ष पंचम जॉर्ज सोय, सीटू के अध्यक्ष मनोज मुखर्जी, सप्लाई मजदूर संघ के अध्यक्ष राजेश कोड़ा ने अपनी मांगों को लेकर गुवा सेल प्रबंधन को मांग पत्र भी सौंपा गया है.

---

# 3 माह से नहीं मिला वेतन, कर्मचारी फिल्टर प्लांट में ताला लगाकर भागे

**संवाददाता । किरीबुरु**

सारंडा के गंगदा पंचायत स्थित दोदारी पेयजल आपूर्ति योजना से संबंधित जलमीनार एवं फिल्टर प्लांट में ताला लगाकर चारों कर्मचारी घर भाग गए. इससे पूरे गंगदा पंचायत के गांवों में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है. इससे विभिन्न गांवों के ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है. उल्लेखनीय है कि इस पेयजल आपूर्ति प्लांट में गंगदा पंचायत के चार कर्मचारी मोटू दास, सुशील सिद्धू, श्याम सोरेन एवं शिवा दास पानी फिल्टर से लेकर सप्लाई करने का कार्य प्रारम्भ से करते आ रहे हैं. इस फिल्टर प्लांट की देखरेख का जिम्मा चाईबासा की एक ठेका कंपनी के हाथ में है. मजदूरों ने बताया कि यह ठेका कंपनी ने पिछले तीन माह से वेतन नहीं दिया है. इससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गई है. तीन दिन बाद मकर संक्रांति पर्व भी है. पर्व में परिवार के साथ खुशियां मनाने हेतु पैसा भी नहीं है. हमारे पास और दूसरा कोई रास्ता नहीं था. इस कारण बुधवार की सुबह से फिल्टर प्लांट में ताला बंद कर चले गये.गंगदा पंचायत के मुखिया राजू सांडिल ने बताया कि यह गंभीर मामला है. इससे पूरे पंचायत के गांवों में पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है. जिला प्रशासन चारों मजदूरों का वेतन संबंधित समस्या और पंचायत के गांवों में पेयजल आपूर्ति नियमित बहाल कराये अन्यथा हम ग्रामीण सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगे.



**खास बातें**

- गंगदा पंचायत के ग्रामीण पेयजल संकट से परेशान
- गंगदा पंचायत के गांवों में पेयजल आपूर्ति हुई ठप

### एचसीएल/आईसीसी ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**मुसाबनी।** एचसीएल आईसीसी कंपनी द्वारा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सामाजिक दायित्व के अंतर्गत हेल्थ फॉर ऑल मिशन को पूर्ण करने के लिए मुसाबनी प्रखंड के कंपनी के टारगेटेड छेत्र में एलोपैथी, होमियोपैथी के आयुर्वेदिक पद्धति से ग्रामीणों का इलाज किया जा रहा है. हेल्थ कैंप का आयोजन स्थानीय समाजसेवी संस्था विद्या निकेतन के साथ मिलकर किया जा रहा है. बुधवार को चापड़ी पंचायत भवन परिसर में आठवां हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया. कैंप में आयुष विभाग के डॉ. संजय बेरा , शफीक आलम और पानमुनी किस्कू द्वारा योगासन के बाद फ्री हेल्थ चेकअप एवं निशुल्क दवाई का वितरण किया जिसमे गांव के 20 पुरुष एवं 35 महिलाओं का इलाज किया गया. सामाजिक संस्था की कार्यकर्ता पानमुनी किस्कू ने बताया कि हेल्थ कैंप के माध्यम से ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है.

---

# कोल्हान विवि के यूजी सेमेस्टर 6 का अभी तक नहीं मिला मार्कशीट

**संवाददाता। चाईबासा**

कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की ओर से यूजी सेमेस्टर 6 का मार्कशीट कुछ कॉलेज में नहीं भेजने के कारण विद्यार्थियों का नामांकन पीजी सेमेस्टर वन में नहीं हो रहा है. जिसके कारण विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. पीजी सेमेस्टर वन के नामांकन की अंतिम तिथि 12 जनवरी तक निर्धारित की गई है. लेकिन अभी तक कई कॉलेजों को मार्कशीट का हार्ड कॉपी नहीं भेजा गया है. हालांकि ऑनलाइन सभी विद्यार्थियों का मार्कशीट को अपलोड कर दिया गया है. लेकिन कॉलेज प्रशासन की ओर से हार्डकॉपी ही स्वीकार किया जा रहा है. जमशेदपुर के ग्रेजुएट कॉलेज का एक मामला प्रकाश में आया है. जहां विद्यार्थी को मार्कशीट का हार्ड कॉपी नहीं मिला है. जिसके कारण विद्यार्थी दर-दर भटक रहे हैं. विद्यार्थियों को भय सता रहा है कि अंतिम तिथि 12 जनवरी तक ही है. लेकिन अभी तक मार्कशीट का हार्ड कॉपी कॉलेज के पास नहीं आया है. जिसके कारण विद्यार्थी को काफी परेशानी हो रही है. इधर, कॉलेज प्रशासन के मुताबिक अभी तक विश्वविद्यालय की ओर से कॉलेज को मार्कशीट का हार्ड कॉपी नहीं भेजा गया है.

**खास बातें**

- विद्यार्थियों को पीजी में नामांकन में हो रही परेशानी
- कल पीजी सेमेस्टर वन में नामांकन की अंतिम तिथि

**जल्द ही वंचित कॉलेजों को मिल जाएगा मार्कशीट**

कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ अजय कुमार चौधरी ने कहा कि वैसे कॉलेज जिन्हें यूजी सेमेस्टर 6 के मार्कशीट का हार्ड कॉपी नहीं मिला है. उस कॉलेज को जल्द ही मार्कशीट मिल जाएगा. उन्होंने कहा कि कई कॉलेज के पास मार्कशीट पहुंच गया है. लेकिन कुछ कॉलेज के प्रतिनिधि अभी तक विश्वविद्यालय नहीं पहुंचे हैं और अपना मार्कशीट का हार्ड कॉपी नहीं ले गए हैं. जिसके कारण उन कॉलेज के पास अभी तक हार्ड कॉपी नहीं भेजा है. हालांकि ऑनलाइन सब विद्यार्थियों का मार्कशीट को जारी कर दिया गया है.

---

**समस्या** करोड़ों रुपये का राजस्व देने वाले चक्रधपुर स्टेशन का हाल-बेहाल

# महात्मा गांधी पार्क में लगा है गंदगी का अंबार

**संवाददाता। चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय के चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के बाहर बने महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास हर रोज शराब की खाली बोतलें फेंकी जा रही है, लेकिन रेलवे इस ओर ध्यान नहीं रहा है.चक्रधरपुर रेल मंडल से रेलवे को प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है, लेकिन चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के बाहर लगे महात्मा गांधी की प्रतिमा की देखरेख करने के लिए रेल मंडल के अधिकारियों के पास समय नहीं है. रेलवे स्टेशन के बाहर बने महात्मा गाँधी पार्क असामाजिक तत्व और शराबियों का अड्डा बनता जा रहा है. यहां स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने असामाजिक तत्व रोज शाम को महफ़िल सजाते हैं और ग्लास टकराते हुए खुलेआम शराब पीते हैं. इससे पूरा महात्मा गांधी पार्क शराब की बोतलों और कचरों से भरा पड़ा है। जिस महात्मा गांधी के नाम से सफाई अभियान चल रही है उसी की प्रतिमा और उसके आसपास गंदगी के ढेर देखने को मिल रही है.





**खास बातें**

- महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास फेंकी जा रही शराब की बोतलें
- रेलवे प्रशासन नहीं दे रहा सफाई व्यवस्था पर ध्यान

**110 फुट ऊंची खंभे से तिरंगा गायब!**

मालूम रहे की चक्रधरपुर रेल मंडल भारतीय रेल में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले रेल मंडलों में शुमार है .तक़रीबन 25 हजार करोड़ रुपये केवल माल ढुलाई से रेल मंडल के द्वारा केंद्र सरकार के खजाने को भरा जाता है, वहीं इस रेल मंडल के पास 110 फिट ऊंची खम्बे पर लहराने के लिए तिरंगा झंडा नहीं है. पिछले कई महीनों से यह खंभा वीरान पड़ा है .महात्मा गांधी पार्क में गंदगी का अंबार लगा है. पार्क में लगे फुवारें भी कई महीने से टूटे पड़े हुये हैं. राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी ने स्वच्छता का भी पाठ पढाया था. यही वजह है की मौजूदा मोदी सरकार स्वच्छता अभियान चलाती है, लेकिन इस पार्क में ही इतनी गंदगी है की उसे साफ़ रखने पर रेलवे अधिकारीयों का ध्यान नहीं जाता है. कुल मिलाकर बात यह है की कमाई के पीछे भाग रहे चक्रधरपुर रेल मंडल के अधिकारी अपने देश के सम्मान और महापुरुषों के बलिदान को भूल चुकी है. उसे इसका जरा भी अब अंदाज़ा नहीं रहा की कमाई के पीछे भागते भागते वे लोग किस तरह देश के सम्मान का मजाक बना रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है की अगर रेलवे गांधीजी के प्रतिमा का सम्मान नहीं कर सकती है तो उसका अपमान भी ना करें.

---

# कुमरिता गांव में हब्बा-डब्बा का खेल जारी, प्रशासन मौन

**संवाददाता । नोवामुंडी**

कोटगढ़ बाजार से महज 200 मीटर की दूरी पर जेटेया थाना क्षेत्र में कुमरिता गांव में हब्बा-डब्बा का खेल जारी है. चाईबासा पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के सख्त निर्देश के बाद भी जेटेया थाना क्षेत्र में हब्बा-डब्बा का खेल चल रहा है. इस पर ना तो पुलिस की नजर है और ना ही कोई जनप्रतिनिधि आवाज उठा रहे हैं. बस भोले भाले ग्रामीण पैसे के लोभ में अपनी मेहनत की कमाई लुटा रहे हैं. इससे घरेलू क्लेश बढ़ रहा है. भोले-भाले ग्रामीण अपने वेतन की जमा पूंजी इस हब्बा-डब्बा खेल में लगाकर हार जा रहे हैं. समाज विरोधी घटनाओं को बढ़ावा मिल रहा है. मना करने पर महिलाओं पर हिंसा बढ़ने लगी है. इस तरह से जेटेया थाना क्षेत्र में हब्बा-डब्बा का खेल पूरी तरह से फल फूल रहा है.



**साप्ताहिक बाजार में खुलेआम होता है खेल :** यहां प्रत्येक बुधवार को थाना क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार में प्रत्येक सप्ताह जोरों से हब्बा-डब्बा का खेल खेला जा रहा है. इस हब्बा-डब्बा खेल का संचालक जगन्नाथपुर तथा नोवामुंडी के संचालक हैं. इस प्रतिबंधित हब्बा-डब्बा खेल पर पुलिस और प्रशासन अंकुश नहीं लगा रहा है. सबका अपना-अपना हिस्सा तय रहता है. उस रास्ते से गुजरते वक्त अपनी नजरें चुराकर किनारे होकर निकल जाते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### बीएम पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय योग शिविर संपन्न

**आदित्यपुर ।** परम पूज्य स्वामी जी और आचार्य जी के तत्वावधान में महिला पतंजलि योग समिति की झारखण्ड राज्य प्रभारी सुधा दीदी के सानिध्य में सरायकेला खरसावां आदित्यपुर के बीएम पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर लगाया गया है.आज शिविर का तीसरा दिन था. बुधवार को कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर इसकी शुरुआत हुई और हवन के साथ संपन्न हुआ. सरायकेला खरसावां जिले के जिला प्रभारी बहन रीता , संगठन मंत्री अनिता दीदी, सोशल मीडिया प्रभारी पूजा पांडे, सुनीता दीदी टीचर ने साथ मिलकर किया.

### विधायक ने विद्यालय भवन का किया शिलान्यास

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र भवानी देवी उच्च विद्यालय में कक्षा की कमियों को देखते हुए टाटा स्टील की ओर से दो कमरे का भवन निर्माण के लिए विधायक समीर कुमार महंती द्वारा भूमि पूजन सह शिलान्यास किया गया. इस अवसर पर विधायक ने बताया कि बहुत जल्द ही अपने स्तर से विद्यालय को कंप्यूटर मुहैया कराया जाएगा.साथ ही और दो कमरे का भवन व विद्यार्थियों के लिए शौचालय निर्माण कराया जाएगा.इस मौके पर सत्येन माईती,मिंटू पाल,स्तयवान साउ, बनकाटा मुखिया चैतन्य सिंह मुंडा, शिवानी मंडल,आनंद बेरा आदि उपस्थित थे.

### कोहरे के कारण कई ट्रेनें लेट, यात्री हो रहे परेशान

**जमशेदपुर ।** कुहासा के कारण कई ट्रेनें लेट चल रही है. इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. खास तौर पर दिल्ली और यूपी-बिहार की ट्रेनें लेट से टाटानगर पहुंच रही है, जबकि मुंबई मार्ग की ट्रेन भी लेट से आ रही है. बुधवार को दिल्ली-भुवनेश्वर तेजस राजधानी एक्सप्रेस, आनंद विहार-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस, आनंद विहार भुवनेश्वर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस और जम्मूतवी एक्सप्रेस 4 से 9 घंटे लेट से टाटानगर आई. दूसरी और मुंबई मार्ग से गीतांजलि, अहमदाबाद और कुर्ला एक्सप्रेस लेट पहुंची.

### आरोपी पर कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में असंतोष

**चांडिल ।** उदासीनता के कारण कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा विभाग का सिस्टम फेल होता जा रहा है. जिसके कारण शिक्षा मंदिर से शिक्षा की गरिमा धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है. शिक्षकों के कार्यकलाप से स्कूली बच्चों का भविष्य खराब होता दिखाई दे रहा है. चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ू प्रखंड में इसकी बात ही कुछ और है. कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत चौका उत्क्रमित मध्य विद्यालय में ग्राम शिक्षा समिति द्वारा मनोनित पारा शिक्षक के खिलाफ अभिभावक, ग्रामीण जनता और स्थानिय प्रतिनिधियों द्वारा उच्च अधिकारियों से शिकायत किया गया था.

### शिव काली मंदिर में आज से 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

**आदित्यपुर ।** शिव काली मंदिर न्यू हाउसिंग कोलोनी आदित्यपुर के स्थापना दिवस पर गुरुवार 11 जनवरी से 17 जनवरी तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो रहा है. इस आयोजन में कथा वाचक के रूप मेब मथुरा से कथा सुनाने हिमांशु महाराज जी पधार रहे हैं. बता दें कि हर वर्ष 11 जनवरी से 17 जनवरी तक मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाता है जिसमें श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होता है. जिसकी शुरुआत गुरुवार को कलश यात्रा के साथ होगा, जबकि 17 जनवरी को विशाल भंडारा के साथ समापन होगा.

---

#### जय महाकाल सेवा संघ की ओर से की गई तैयारी,अधिक से अधिक भक्तों को शामिल होने का आह्वान किया

# कदमा से 13 को निकलेगी एक शाम प्रभु श्री राम के नाम शोभा यात्रा

संवाददाता । जमशेदपुर

जय महाकाल सेवा संघ की ओर से "एक शाम प्रभु श्री राम के नाम" शोभा यात्रा 13 जनवरी को कदमा गणेश पूजा मैदान से निकाली जाएगी. यह शोभा यात्रा सह झांकी कदमा गणेश पूजा मैदान से दोपहर 3 बजे शुरू होगी जो रंकिणी मंदिर चौक, कदमा बाजार, उलियान होते हुए रामनगर काली मंदिर में पहुंच कर समाप्त होगी. इस कार्यक्रम की जानकारी मीडिया से साझा करते हुए जय महाकाल सेवा संघ के मुख्य संरक्षक नीरज सिंह ने बताया कि लगभग 550 वर्षों के बाद पूरे सनातन धर्म प्रेमियों के बीच बहुत ही सुखद पल आने वाला है. जब 22 जनवरी को श्री रामलला अयोध्या में निर्मित भव्य मंदिर में विराजेंगे. इसमें तीन भव्य रथ होंगे जिसमें एक रथ पर राम दरबार की झांकी, दूसरे में प्रभु श्री राम के गुरुजन और तीसरे रथ में माता सीता के साथ लव - कुश विराजमान होंगे.


शोभा यात्रा की जानकारी देते सेवा संघ के सदस्य.

इसके साथ झांकी में जामबंध, सुग्रीव, नल-नील, माता सीता के हरण के समय रावण से लड़ने वाले विशाल पक्षी जटायु के साथ सिंदूरी हनुमान, 20 की संख्या में वानर सेना मौजूद रहेंगे. इस झांकी में आठ फुट के हनुमान मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे. इस झांकी में 11 घोड़े भी झांकी के साथ चलेंगे, जिसमें प्रभु श्री राम की सेना के कपड़ों में लोग सवारी करेंगे.

#### शोभा यात्रा से किसी को भी परेशानी न हो, इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा

नीरज सिंह ने बताया की इस शोभा यात्रा को लोगों का आपार समर्थन मिल रहा है. कई सामाजिक संस्थान के लोगों द्वारा इस शोभा यात्रा के स्वागत की तैयारी की जा रही है. कदमा के संयोजक सह समाजसेवी शंकर रेड्डी ने यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि इस यात्रा में कदमा समेत जमशेदपुर के लोग शामिल होंगे. इस शोभा यात्रा से किसी को भी परेशानी न हो इसका पूरा ख्याल रखा जायेगा. यात्रा में आये हुए लोगों के लिए जलपान और आपातकालीन स्थिति के लिए एक एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गयी है. इसकी जानकारी कदमा स्थित बाल गणपति विलास सभागार में आयोजित एक प्रेस वार्ता में आयोजन समिति ने दी.

---

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- संसार का सबसे बड़ा महासागर कोनसा है – **प्रशांत महासागर**
- संसार की सबसे लम्बी नदी कौनसी है – **नील अफ्रीका महादीप**
- सचिन तेंदुलकर का पूरा नाम क्या है – **सचिन रमेश तेंदुलकर**
- सांची के स्तूप का निर्माण किसने करवाया – **अशोक ने**
- विश्व एड्स दिवस कब मनाया जाता है – **1 दिसम्बर**
- सबसे पहले मनुष्य ने किस धातु का प्रयोग किया था – **ताँबा**
- राष्ट्रीय एकता दिवस कब मनाया जाता है – **31 अक्टूबर को**
- भारत में थोरियम का सबसे बड़ा संचित भंडार किस राज्य में है – **केरल में**
- भारत में टेलीविजन की शुरुआत कब हुई – **15 सितम्बर, 1959 को**
- राष्ट्रपति को किस विधि से हटाया जा सकता है – **महाभियोग द्वारा**

---

#### कुलपति व कुलसचिव सार्वजिनक रूप से माफी मांगें : आजसू छात्र संघ


# शिक्षिका की मौत के 24 घंटे भी नहीं हुए वीमेंस यूनिवर्सिटी में हुआ रैम्प वाक व डांस

संवाददाता । जमशेदपुर

एक दिन पहले पिछले 8 जनवरी को ही वीमेंस यूनिवर्सिटी के खेल विभाग की शिक्षका शांति मुक्ता बारला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गया है. स्व बारला के योगदान को वीमेंस कॉलेज से लेकर वीमेंस यूनिवर्सिटी तक को खेल की दुनिया में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाने में भुलाया नही जा सकता. बावजूद उनकी चिता की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई और यूनिवर्सिटी में रैम्प वाक और डांस का दौर शुरू हो गया है. अब तो यहां तक कहा जा रहा है कि आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली इस शिक्षिका की मौत पर कम से कम एक दिन का शोक रखने के बजाय डांस और डीजे का दौर चला.

**छात्र संगठनों ने भी तीखी प्रतिक्रिया जतायी :** मंगलवार को यूनिवर्सिटी में शोक दिवस मना कर सभी कार्य को एक दिन के लिए स्थगित किया जाना चाहिए था. वहीं झारखंड बिगेस्ट फेस्ट के नाम पर परिसर के ओडिटेरियम में रैंप वॉक, डांस करवाया गया. इस पर छात्र संगठनों ने भी तीखी प्रतिक्रिया जतायी है. आजसू छात्र संघ ने कहा है कि आखिर एक शैक्षणिक संस्थान कैसे अपने मानवीय मूल्यों को भूल सकता है. एक शिक्षिका जिनका पार्थिव शरीर चिता पर है और उनके के साथ कार्य करने वाले बड़े पदाधिकारी इंसानियत तक को भूल कर इस तरह के आयोजन की स्वीकृति कैसे प्रदान कर देते हैं. इसके लिए यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ अंजिला गुप्ता और कुलसचिव डॉ राजेंद्र जायसवाल सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा शनिवार को यूनिवर्सिटी गेट के समक्ष संघ कुलपति का पुतला दहन करेगा. हालांकि यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि इस कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी गयी थी. इस पर सवाल यह उठाया जा रहा है कि जब अनुमति नहीं दी गयी थी, तो कार्यक्रम हुआ कैसे.


कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा.


यूनिवर्सिटी कैंपस में लगा कार्यक्रम संबंधी पोस्टर.

**खास बातें**
- आजसू छात्र संघ ने लोगों को फोन कर आयोजन बंद करने को कहा
- झारखंड बिगेस्ट फेस्ट के नाम पर हुआ था आयोजन

**नए-नए कारनामों के कारण यूनिवर्सिटी मशहूर है :** आजसू छात्र संघ के कोल्हान अध्यक्ष हेमंत पाठक ने कहा कि अपने नए-नए कारनामें के कारण जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी पहले से ही मशहूर है. चाहे वह सिदगोड़ा कैंपस का ओपनिंग फिर से कराने के लिए लाखों रुपए पानी की बहाना और खुद ही प्रोग्राम कैंसल कर देना हो. अब तो हद ही हो गयी है, वीमेंस यूनिवर्सिटी की शिक्षिका शांति मुक्ता बारला की मौत वीमेंस यूनिवर्सिटी के लिए अपूर्णीय क्षति है, लेकिन शोक मानने के स्थान पर नाच-गाना के कार्यक्रम के आयोजन की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी.

#### आजसू छात्र संघ के अनुरोध पर बंद हुआ कार्यक्रम

आजसू छात्र संघ के नेताओं ने फोन पर संबंधित लोगों को फोन पर समझाया तो प्रोग्राम बंद कर दिया गया. यदि इस मामले में माफी नहीं मांगा गया, तो पुतला दहन के अलावा संघ राज्यपाल से भी शिकायत करेगा. यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार को आरवीएस अकादमी का डांस ऑडिशन जमशेदपुर वीमेंस् यूनिवर्सिटी में हुआ. यह कार्यक्रम जमशेदपुर वीमेंस् यूनिवर्सिटी के प्रांगण में करने की अनुमति नहीं मिली थी. प्रोफेसर शांति मुक्त बरला के निधन से पूरे विश्वविद्यालय में एक सन्नाटा सा छाया हुआ है. अतः इस कार्यक्रम को आज करने की अनुमति नहीं दी गई थी.

---

### संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में डेंटिस्ट्री पर करियर परामर्श सत्र आयोजित

संवाददाता । घाटशिला

संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में बुधवार को विद्यालय की कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के छात्रों के लिए डेंटिस्ट्री पर करियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया. इस सत्र में हजारीबाग कॉलेज ऑफ़ डेंटल साइंस एंड हॉस्पिटल से आयी पांच सदस्यीय टीम में कॉलेज सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बीडीएस से जुड़ी विस्तृत जानकारी छात्रों को दी. डेंटिस्ट्री में करियर संभावनाएं, योजना, लक्ष्य निर्धारण, इस पेशे में सम्मान, मानव सेवा का अवसर व संतोष आदि पर छात्रों से विस्तार में चर्चा की. साथ ही स्कालरशिप, फैकल्टी, इंफ्रास्ट्रक्चर, फी स्ट्रक्चर आदि से भी छात्रों को अवगत करवाया. छात्रों ने उनकी उपस्थिति का लाभ उठाते हुए मेडिकल से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवाल किया जिसका उन्होंने संतोषजनक जवाब दिया.

विद्यालय प्राचार्या नीलकमल सिन्हा ने अपने सम्बोधन में बच्चों से कहा कि मेडिकल के क्षेत्र में भविष्य बनाने की पहली सीढ़ी नीट की परीक्षा को सफलता पूर्वक पार करना है. सत्र छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा. कार्यक्रम का संचालन करियर कौंसिलिंग विभाग की सदस्या तथा केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष सुमिता भट्टाचार्य द्वारा किया गया. इस दौरान विद्यालय प्रबंधक प्रसेनजीत कर्मकार, शैक्षणिक प्रभारी एस आर दत्ता, शिक्षक प्रभारी ए के पटनायक, श्री सुरोजीत चटर्जी, श्री सोमनाथ दे आदि भी उपस्थित थे.

---

## करीम सिटी कॉलेज में स्थापना दिवस पर हुआ डिबेट और 50 यूनिट रक्त संग्रह


शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ पुरस्कृत प्रतिभागी.

संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज में स्थापना दिवस के अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई. जिसमे विषय था- एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम. इसमे 26 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता में चार भाषा शैली रखी गई थी-हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला और उर्दू. इसमें सर्वश्रेष्ठ वक्ता जैनब आफरीन रहीं. हिंदी भाषा में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाले प्रतिभागी लक्ष्मी राम मुर्मू व संगम गुप्ता और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अंशु कुमारी और अंजलि कुमारी रहीं.

**50 यूनिट रक्त संग्रह :** उर्दू में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जैनब आफरीन व मो मिनातुल्लाह रहे, जबकि द्वितीय स्थान पर सदफ अटारिया व इंजमाम अजीजी रहे. अंग्रेजी में प्रथम आने वाली छात्रा मोबिना बेगम व सहिस्ता अंबर रहीं, जबकि द्वितीय स्थान पर विशाखा कुमारी और आनंदिता मैती रहीं. बांग्ला में प्रथम स्थान स्नेहा शर्मा व आयुष बनर्जी ने प्राप्त किया. प्रतियोगिता में डॉ तुफैल अहमद, डॉ एससी गुप्ता, डॉ बसुंधरा राय और डॉ कौसर तस्लीम ने निर्णायक की भूमिका निभाई. कार्यक्रम के कन्वेनर डॉ अफसर काजमी थे.

इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया. शिविर कॉलेज के एनसीसी विंग की देखरेख में संपन्न हुआ. शिविर में 150 लोगों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई तथा 50 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. कॉलेज के शिक्षक मेजर फखरुद्दीन अहमद, डॉ जाहिद परवेज, डॉ उधम सिंह, डॉ शाहबाज अंसारी, डॉ मो शाहनवाज एवं डॉ मुजाहिद उल हक ने रक्तदान किया. शिविर में विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया.

आस्था कुमारी ने पहली बार रक्तदान किया. शिविर के आयोजन में एनसीसी के अलावा एनएसएस के स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही. कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं को बधाई दी.

---

### साइकिल से अयोध्या जा रहे युवाओं का हुआ अभिनंदन

**चांडिल ।** श्रीराम मंदिर में राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने जमशेदपुर के काशीडीह से दो युवक साईकिल से अयोध्या के लिए रवाना हुए हैं. बुधवार को सुबह चौका मोड़ पहुंचने पर दोनों युवकों का विश्व हिंदू परिषद बजरंल दल के नेतृत्व में स्वागत व अभिनंदन किया गया. इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंल दल के कोल्हान संगठन मंत्री मिथिलेश महतो के नेतृत्व में अयोध्या जा रहे काशीडीह के संदीप गोयल और अर्जुन लोधी को भगवा वस्त्र ओढ़ाकर अभनंदन किया गया. दोनों युवक श्री राम जन्मभूमि अयोध्या की 765 किलोमीटर की दूरी साईकिल से तय करेंगे और अपने आराध्यदेव के दर्शन-पूजन कर वापस लौटेंगे. मौके पर लोगों ने दोनों युवाओं को मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दिए. मौके पर मठ-मंदिर प्रमुख पूर्ण चंद्र बाबा के अलावा बड़ी संख्या में विहिप बजरंल दल समेत अन्य हिंदूवादी संगठनों के सदस्य उपस्थित थे.

**खूंटी में दिया गया आमंत्रण पत्र :** चांडिल प्रखंड के खूंटी में अयोध्या से आए अक्षत चंदन के साथ ग्रामीणों को श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया.

### विधायक ने किया जाहेरस्थान की चहारदीवारी का शिलान्यास

**जमशेदपुर ।** बिरसानगर में बुधवार को जाहिर स्थान की चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने नारियल फोड़ कर किया. इस मौके पर स्थनीय पहान महाबीर कुजूर ने पूजन कार्य सम्पन्न किया. मौके पर भाजमो जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रकाश कोया, अनुप टोप्पो, राकेश उरांव, बुधराम खालखो, चन्द्रशेखर राव, विकास गुप्ता, अमित शर्मा, जय प्रकाश सिंह, ग्राम प्रधान जेवियर कुजूर, शंकर कर्मकार, इंदिरजीत सिंह, काशी नाथ प्रधान, लक्ष्मण मिंज, हो समाज के उपेन्दर बांद्रा, संथाल समाज के जोभा रानी बास्के, राजेन कुजूर, सूरज हेम्ब्रोम, मुंडा समाज के संतोष सांडिल, बसंती खालखो, महाबीर तिर्की, बबलू लाकड़ा, राजू खालखो, आरएन दास आदि शामिल थे.

---

## दखल दिलाने पहुंची आवास बोर्ड की टीम बैरंग लौटी



संवाददाता । आदित्यपुर

आदित्यपुर के रोड नंबर 14 स्थित खाली भूखंड को सीमांकन और दखल दिलाने पहुंची आवास बोर्ड की टीम को स्थानीय लोगों के विरोध की वजह से बैरंग लौटनी पड़ी. जिसमें स्थानीय थाना प्रभारी सागरलाल महथा पुलिस बल के साथ रहे मौजूद, जबकि दंडाधिकारी नदारद रहे. बता दें कि वर्ष 2011 से रोड नंबर 14 मैदान में दखल दिलाने को प्रयासरत है आवास बोर्ड, लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध की वजह से वह कामयाब नहीं हो पाई है.

**खास बातें**
- स्थानीय थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ थे मौजूद, दंडाधिकारी नदारद
- 2011 से रोड नंबर 14 मैदान में दखल दिलाने को प्रयासरत है

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही स्थानीय पूर्व पार्षद रिंकू राय ने बताया कि यह भूखंड यहां के 80 आवास बोर्ड के घरों के लिए खाली छोड़ा गया था जिसे लोभवश आवास बोर्ड 2011 में प्लाटिंग कर 20 लोगों को आवंटित कर दिया है जिसका यहां के सभी लोग विरोध कर रहे हैं और मामला कोर्ट में लंबित है. इसके बावजूद आवास बोर्ड बार बार सीमांकन और दखल दिलाने पहुंच रही है. इस बात का विरोध हमलोग आखिरी सांस तक करते रहेंगे. उन्होंने बताया कि 20 आवंटियों में 17 लोगों को दूसरे जगह जमीन मिल चुकी है. केवल 3 लोगों के लिए आवास बोर्ड स्थानीय लोगो को परेशान कर रही है.

---

## मुख्यमंत्री से जेम्को मैदान को अधिग्रहण मुक्त कराने की मांग

संवाददाता । जमशेदपुर

जेम्को मैदान को अधिग्रहण मुक्त कराने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों का आंदोलन जारी है. बुधवार को जेम्को मैदान संघर्ष समिति के बैनर तले स्थानीय लोगों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और उन्हें मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा. इसके जरिए लोगों ने मैदान को कंपनी विस्तारीकरण की जद में जाने से बचाने के लिए गुहार लगाई है. उपायुक्त कार्यालय पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्षों पूर्व जेम्को कंपनी के मालिक इंदर सिंह ने कंपनी से सटे जेम्को मैदान को मौखिक रूप से बस्ती वासियों को सार्वजनिक उपयोग के लिए दिया था.

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल
में आपका स्वागत और अभिनंदन!

आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।



- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES

BOOKING
Call 8527271652-ved

---

**तैयारी**

#### राम ज्योति के लिए मिट्टी के दीपक, बाती और ध्वज का भी होगा वितरण

# मकर संक्रांति पर भाजपा कार्यालय में होगा सुंदरकांड पाठ का आयोजन

संवाददाता । जमशेदपुर

पांच सौ वर्षों के कठिन संघर्ष के बाद बन रहे प्रभु श्री राम के भव्य और दिव्य मंदिर निर्माण को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है. अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले भारतीय जनता पार्टी लौहनगरी जमशेदपुर को राममय बनाने के लिए अलग-अलग तैयारी कर रही है. इस कड़ी में भाजपा द्वारा मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा. सुंदरकांड के समापन के पश्चात कार्यकर्ताओं एवं आमजनों के बीच प्रसाद का वितरण होगा. प्रधानमंत्री के आह्वान पर 22 जनवरी को 'राम ज्योति' के लिए रामभक्तों को मकर सक्रांति के दिन 14 जनवरी से 20 जनवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रतिदिन साकची जिला भाजपा कार्यालय में 11 मिट्टी के दिये, 11 बाती और एक राम ध्वज भेंटकर भाजपा कार्यकर्ता लोगों से घरों व प्रतिष्ठानों में दीपोत्सव मनाने का आग्रह करेंगे. वहीं, सुंदरकांड पाठ के आयोजन की तैयारी और सफलता को लेकर बुधवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने मानस सत्संग समिति के पंडित अभिषेक पाठक के संग आवश्यक चर्चा की.


तैयारी में जुटे हैं भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता.

**खास बातें**
- पाठ के समापन पर किया जायेगा प्रसाद का वितरण
- कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों को मिली जिम्मेवारी

इस संबंध में महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि अयोध्याधाम में बने भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और रामलला के आगमन को लेकर सभी जगह हर्ष और उल्लास का माहौल है. इस ऐतिहासिक क्षण की खुशियां मनाने और शहरवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना के संग राम नाम की अलख जगाने के उद्देश्य से जिला भाजपा कार्यालय में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन सुनिश्चित किया गया है. जिसमें राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पंडित अभिषेक पाठक एवं मानस सत्संग समिति के द्वारा विधिवत सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा. इसके साथ ही मकर संक्रांति से लेकर सात दिनों तक जिला कार्यालय से लोगों को मिट्टी के दिये, बाती एवं राम ध्वज का वितरण कर उन्हें पारंपरिक माहौल में राम उत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया जायेगा. जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से सुंदरकांड पाठ के आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और 22 जनवरी को ''''राम ज्योति'''' की लौ जलाने का आग्रह किया है.

▼ ब्रीफ खबरें

### अनियंत्रित होकर गैस टैंकर पलटा, रोड जाम

**धनबाद।** गोविंदपुर थाना के समीप बुधवार सुबह सड़क हादसा हो गया. यहां एक गैस टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया. चालक मौके पर फरार हो गया. हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी. घटना के संबंध में बताया जाता है कि दिल्ली-कोलकाता मार्ग (एनएच-19) पर गोविंदपुर थाना के समीप तेज रफ्तार गैस टैंकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और सड़क पर पलट गया. गाड़ी सड़क पर पलटने से यातायात बाधित हो गया. इधर, मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर यातायात को सामान्य करने में जुटी हुई है.

### घायल युवक की मौत के बाद किया प्रदर्शन

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** स्कूल बस और टेंपो की टक्कर में घायल व्यक्ति मनोज रजक (45 वर्ष लगभग) की मौत के बाद परिजनों ने बुधवार को सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के मेन गेट पर मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. इस दौरान धरना पर बैठे लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए 15 लाख रुपये मुआवजे की मांग कर रहे थे. इधर, दोनों के परिजनों का कहना है कि जब तक स्कूल प्रबंधन की तरफ से मुआवजे की राशि नहीं दी जाएगी प्रदर्शन चलता रहेगा. सूचना मिलने के बाद बेंगाबाद पुलिस के अलावा कर्णपुरा पंचायत के मुखिया राजेन्द्र वर्मा, अर्जुन बैठा, संजीत सिंह पप्पू, चंद्रकांत मंडल समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे.

### पुलिस के सामने कोर्ट परिसर से बाइक की चोरी

**गोड्डा।** कोर्ट परिसर से बाइक चोरी का सिलसिला थामने का नाम नहीं ले रहा है. चोरों के लिए कोर्ट परिसर सुरक्षित चारागाह साबित हो रहा है. बुधवार दोपहर कोर्ट परिसर से पुलिस की उपस्थिति में नई ग्लैमर मोटरसाइकिल की चोरी कर ली गई. मोटरसाइकिल मालिक बद्री महतो ग्राम जीतपुर के अनुसार वह अपने केस के सिलसिले में पैरवी करने कोर्ट आए हुए थे कि मुख्य गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड में गाड़ी को कोर्ट परिसर के अंदर ले जाने नहीं दिया. कहा गाड़ी बाहर ही खड़ी कर दे, हमलोग यहां तैनात हैं. करीब एक घंटे बाद जब वापस आए तो देखा गाड़ी गायब थी. मामले की जानकारी नगर थाना में दे दी गई है.

### डाक पार्सल वाहन से कुचलकर वृद्ध की मौत

**मधुबन (धनबाद)।** बोकारो-राजगंज मुख्य मार्ग पर सोनराडीह रेलवे फाटक के समीप बुधवार को एक तेज रफ्तार डाक पार्सल वाहन ने पैदल जा रहे एक वृद्ध को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान सोनारडीह बढई बस्ती निवासी शंकर लाल मिस्त्री (58 वर्ष) के रूप में हुई. वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि पैदल धर्मबांध जा रहे शंकर लाल मिस्त्री को करीब 20 फीट तक घसीटते ले गया. घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया. सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई. आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा और वाहन चालक पर कार्रवाई की मांग को लेकर बोकारो-राजगंज मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. सोनारडीह ओपी प्रभारी श्वेता कुमारी व धर्माबांध ओपी प्रभारी रोहित कुमार सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क जाकर कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया. लेकिन ग्रामीणों ने उनकी एक नहीं सुनी. करीब तीन घंटे बाद बाघमारा सीओ रवि भूषण पहुंचे और विधायक प्रतिनिधि शरद महतो, विनोद नापित की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ वार्ता की. सीओ ने मृतक के परिजनों को तत्काल दस हजार रुपए दिया और दोषी वाहन चालक के खिलाफ त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया.

### धनबाद कोर्ट में मोबाइल चोरी करते युवक धराया

**धनबाद।** धनबाद कोर्ट परिसर में बुधवार को मोबाइल चोरी करते एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया. वहां भीड़ जुट गई और लोगों ने युवक की जमकर धुनाई कर दी. इसके बाद युवक को पुलिस को सौंप दिया गया. पुलिस उसे पकड़कर धनबाद थाना ले गई. कोर्ट परिसर में घटना की जानकारी देते हुए अनिल कुमार ने बताया कि युवक जेब से मोबाइल की चोरी कर रहा था. उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया.

# पुलिस ने घेराबंदी कर चार साइबर अपराधियों को दबोचा

**संवाददाता। मैथन (धनबाद)**

कुमारधुबी क्षेत्र के बरडंगाल रविदास टोला में मंगलवार देर रात छापेमारी कर चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. धनबाद साइबर थाना के डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है. अपराधियों के पास से एटीएम कार्ड, मोबाइल, स्कूटी समेत कई सामान बरामद हुए हैं. गिरफ्तार अपराधियों पर धनबाद व आसपास के जिलों में कई लोगों से 20-25 लाख की ठगी करने का आरोप है. गिरफ्तार अपराधियों से पुलिस पूछताछ कर रही है. पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार



अपराधियों से पूछताछ करने पर बड़े साइबर क्राइम का खुलासा हो सकता है. साइबर क्राइम से जुड़े गैंग को पकड़ने में भी सफलता हासिल होगी.

**कुछ साइबर अपराधी पुलिस को चकमा देकर हुए फरार :** पुलिस सूत्रों ने बताया कि बीते दस-पंद्रह दिनों से धनबाद साइबर पुलिस को साइबर क्राइम की शिकायतें मिल रही थी. पुलिस मोबाइल लोकेशन के आधार पर साइबर अपराधियों पर कड़ी नजर रखी थी. पुलिस को पता चला कि कुमारधुबी के बरडंगाल रविदास टोला से कुछ युवक साइबर क्राइम को अंजाम दे रहे हैं. धनबाद साइबर थाना के डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर रविदास टोला में छापेमारी की गयी. पुलिस ने घेराबंदी कर चार साइबर अपराधियों को धर दबोचा. हालांकि कुछ युवक पुलिस को चकमा देकर वहां से भागने में सफल हो गये. इन साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है.

## गुमला के पांच मजदूरों से तमिलनाडु में एक लाख की ठगी

**गुमला।** मजदूरी के लिए तमिलनाडु गए पांच मजदूरों के परिजनों से दलाल ने एक लाख रुपये का चूना लगाया है. जानकारी के अनुसार सीसी गांव के मजदूरों के पास 8148712926 से कॉल आया और मजदूरी के लिए तमिलनाडु के मुगालुर बुलाया. सीसी गांव से डेबिड बिनीत एक्का, राजेश उरांव, शामदेव उरांव, हरिदवार महतो और कैलाश कश्यप ने सात जनवरी को घर से निकले और नौ जनवरी को तमिलनाडु पहुंचे. तमिलनाडु के रेलवे स्टेशन से पांचों मजदूरों को कंपनी के नाम पर अगवा कर लिया और एक कमरे में बंद कर दिया. उन लोगों से बीस-बीस हजार रुपये की मांग की गई. उन लोगों के साथ दुर्व्यवहार की भी परिजन आरोप लगा रहे हैं. उनके कहने पर मजदूरों के परिजन ने 7063683495 नंबर पर 20-20 हजार ऑनलाइन डाल दिया. जब मजदूरों को ठगी का एहसास हुआ तब परिजनों को घटना क्रम की जानकारी दी.

आओ जानें

### झारखंड में 17103 अंडर ट्रायल कैदी, जानें बाकी राज्यों का हाल

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | : 5001 | महाराष्ट्र | : 26171 |
| अरुणाचल प्रदेश | : 127 | मणिपुर | : 506 |
| असम | : 6495 | मेघालय | : 821 |
| बिहार | : 44187 | मिजोरम | : 609 |
| छत्तीसगढ़ | : 11963 | नागालैंड | : 261 |
| गोवा | : 419 | ओडिशा | : 15619 |
| गुजरात | : 10195 | पंजाब | : 15643 |
| हरियाणा | : 14951 | राजस्थान | : 16930 |
| हिमाचल प्रदेश | : 1574 | सिक्किम | : 328 |
| झारखंड | : 17103 | तमिलनाडु | : 8709 |
| कर्नाटक | : 10577 | तेलंगाना | : 3946 |
| केरल | : 3569 | त्रिपुरा | : 472 |
| मध्यप्रदेश | : 31712 | उत्तर प्रदेश | : 80557 |

मानगो डबल मर्डर केस

# दो आरोपी समेत डकैती की योजना बनाते छह गिरफ्तार

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत जवाहरनगर रोड नंबर 17 के पास अपराधियों ने सरेआम अपराधी सज्जाद उर्फ टांडा की गोली मारकर हत्या कर दी थी. अपराधियों ने जवान रामदेव को भी गोली मारी थी. इलाज के दौरान रामदेव की भी मौत हो गई थी. इस मामले में फरार चल रहे आरोपी राजू तांती उर्फ भुवन तांती और शत्रुघ्न हांसदा को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी मुसाबनी के बेनासोल स्थित स्वर्णरेखा नदी के किनारे पंप हाउस के पास से उस वक्त की जब दोनों डकैती की योजना बना रहे थे. इसके अलावा पुलिस ने मुसाबनी निवासी भीम मुर्मू, आदित्यपुर निवासी धीरेन महतो, कांड्रा निवासी मुकेश कुमार महतो और राज महतो को भी गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, 3 जिंदा गोली, एक चापड़, एक लोहे का कटर, 13,920 रुपए नकद समेत अन्य सामान बरामद किया है.

**डकैती की योजना बना रहे थे सभी :** जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पंप हाउस के पास कुछ अपराधी जमा हुए हैं जो किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है. पुलिस ने एक टीम का गठन कर छापेमारी की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लोग 8-9 जनवरी की रात ही सुरदा के डीवीसी पावर स्टेशन से कॉपर और एल्यूमीनियम की तार की चोरी की थी और दूसरी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे थे. एसएसपी ने बताया कि राजू और शत्रुघ्न एक शातिर अपराधी है. दोनों के खिलाफ जिले और आसपास के थानों में हत्या और डकैती जैसे 8 मामले दर्ज है जबकि शत्रुघ्न के खिलाफ तीन मामले दर्ज है. दोनों ने ही डकैती के लिए नया गैंग तैयार किया था.



**मानगो मर्डर केस में दोनों शामिल थे**

एसएसपी ने बताया कि 8 दिसंबर को मानगो में सज्जाद और टाइगर मोबाइल जवान रामदेव की हत्या में भी राजू और शत्रुघ्न शामिल थे. राजू और पूर्व में गिरफ्तार संजय एक बाइक पर थे जबकि शत्रुघ्न दूसरे बाइक पर मौजूद था. घटना को अंजाम देने के बाद से ही दोनों फरार चल रहे थे. दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जायेगी.

## मैथन में चाचा ने कर दी मासूम भतीजे की हत्या, गिरफ्तार, जेल

**मैथन।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के कुमारधुबी कोलियरी क्षेत्र निवासी शैलेश राम के तीन दिन से लापता तीन साल के बेटे का शव बुधवार की सुबह पुलिस ने बरामद किया. पुलिसिया जांच में पता चला कि बच्चे की हत्या उसके सगे चाचा ने की है. पुलिस ने आरोपी चाचा पिंटू राम को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं, बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. बताया गया कि पिछले दिनों शैलेश राम का अपने भाइयों के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था. इससे नाराज पिंटू राम रविवार को चुपके से अपने भतीजे (शैलेश का बेटा) को चुपके से घर से ले गया और हत्या कर शव को कुमारधुबी कोलियरी के बंद पड़े फाइव के इनक्लाइन के पास जंगल में फेंक दिया.



इधर, घर में बच्चे को नहीं देख परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला. इसके बाद परिजनों ने चिरकुंडा थाना में बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने जंगल में बच्चे का शव देख इसकी सूचना चिरकुंडा पुलिस को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर लिया. वहीं, मासूम के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल था.

## 6 लाख की फोन चोरी मामले में दो को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**संवाददाता। साहिबगंज**

उधवा प्रखंड महाराष्ट्र के गोदिंया जिले के आमगांव थाना क्षेत्र के पवार एजेंसी मोबाइल दुकान से छः लाख के मोबाइल चोरी मामले में मंगलवार के देर रात राधानगर थाना क्षेत्र से कथित दो आरोपी को महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के आमगांव थाना के एसआई गणपत धनगुडे व राधानगर थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए थाना क्षेत्र के प्राणपुर अजमत टोला से लुटू शेख व मध्य पियारपुर से असरुद्दीन शेख को गिरफ्तार किया है. मुम्बई पुलिस ने बताया कि विगत एक अक्टूबर 2023 को उक्त दुकान में सेंधमारी कर छः लाख का मोबाइल चोरी किया है. मोबाइल के आईएमईआई लोकेशन के आधार पर पुलिस उक्त दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस को पूछताछ में बताया कि कुछ मोबाइल को बांग्लादेश में भी बेचा है. मुम्बई पुलिस बांग्लादेश में बेचे जाने के मामले में छानबीन कर रही है. इधर, बुधवार देर शाम मुम्बई पुलिस दोनों आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेने के लिए राजमहल व्यवहार न्यायालय में प्रस्तुत किया.

### हत्या मामले में पिता-पुत्र को मिली उम्रकैद की सजा

**गोड्डा।** मारपीट एवं बम विस्फोट कर हत्या की घटना को अंजाम देने के आरोपी पिता और पुत्र के मामले में सुनवाई के पश्चात अपना फैसला सुनाते हुए प्रथम जिला न्यायाधीश जनार्दन सिंह ने हत्या का दोषी पाते हुए दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. घटना मुफस्सिल थाना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मी की है. आरोप है कि दिसंबर 2019 को घटना के दिन आपसी विवाद में गांव के ही नंदलाल यादव एवं पिंटू यादव ने मिलकर अपने गोतिया के साथ मारपीट कर हत्या कर दिया. इस मामले को लेकर हत्या की प्राथमिकी मुफ्फसिल थाना में दर्ज कराई गई थी. मामला दर्ज होने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था. मामले में आरोप पत्र समर्पित किए जाने के बाद न्यायालय में विचारण के दौरान सरकार की ओर से लोक अभियोजक द्वारा गवाहों का परीक्षण कराया गया, जबकि बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता ने उन गवाहों का प्रति परीक्षण किया.

### मधुमक्खी के हमले से घायल दिव्यांग युवक की हुई मौत

**पलामू।** पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के सिगसिगी बिचला टोला गांव निवासी दिव्यांग युवक पारसनाथ चौधरी उम्र (68) की मौत मंगलवार की देर शाम मधुमक्खी के हमले के कारण हो गई. सिगसिगी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अनुज चौधरी ने बताया कि मंगलवार को शाम में पारसनाथ चौधरी गांव में ही पीपल के पेड़ के नीचे बैठे थे. जहां लगभग हजारों मधुमक्खियों ने उनपर हमला कर दिया जिससे उनकी मौत ऑन स्पॉट हो गई. बुधवार को स्थानीय कोयल नदी तट पर शव अंतिम संस्कार किया गया.

## गुमला में 14 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार हुआ



**संवाददाता। गुमला**

पुलिस ने खोरा पतराटोली गांव में एक आरोपित को ब्राउन शुगर बेचते गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया है. उसके पास से 14 ग्राम ब्राउन शुगर, एक मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन बरामद किया गया. गुमला के एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि खोरा पतराटोली गांव में एक लड़का नशीला पदार्थ बेच रहा है. इस पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया. दल ने आरोपित को पकड़ लिया. छापेमारी दल में गुमला थाना के पुअनि मो. मोज्जमिल, सअनि रविन्द्र मिश्रा व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

## ईडी ने कोर्ट से निवेश को रिमांड पर लेने की अनुमति मांगी

- पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की संपत्ति का राज उगलवाना चाहती है ईडी

**संवाददाता। रांची**

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार से प्रवर्तन निदेशालय की टीम पूछताछ करेगी. ईडी ने निवेश से पूछताछ करने के लिए रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट से अनुमति मांगी है. ईडी ने जो रिमांड पिटीशन दाखिल की है, उसमें निवेश को पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने को अनुमति मांगी गयी है. बुधवार को ईडी की रिमांड पिटीशन पर आंशिक सुनवाई हुई. इस दौरान निवेश की ओर से उपस्थित अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने पांच दिनों की रिमांड मांगे जाने का विरोध किया. वहीं ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने कहा कि निवेश से पूछताछ जरूरी है, इसलिए उसके पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी जानी चाहिए.

**निवेश ने दिनेश गोप से हथियार दिलाने के नाम पर की थी लाखों की ठगी**

बता दें कि रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र के रहने वाले निवेश कुमार ने दिनेश गोप को खिलौने वाले हथियार दिखाकर उससे ठगी की थी. पुलिस की जांच में यह बात सामने आयी थी कि धुर्वा के निवेश कुमार ने पीएलएफआई को विदेशी हथियार दिलाने के नाम पर झांसा देकर लाखो रुपये ठग लिए थे. उसने वीडियो कॉल के माध्यम से दिनेश गोप को नकली विदेशी हथियारों की तस्वीरें भी दिखायी थीं. उसने यह कर पैसे ठगे थे कि उसके पास अत्याधुनिक हथियार है. फिलहाल निवेश न्यायिक हिरासत में है.

### 48 वर्षीय महिला ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत करगली बाजार निवासी रवि रंजन सिन्हा की 48 वर्षीय पत्नी रेखा सिंह का शव उनके आवास पर फंदे से लटकी मिली. घटना की सूचना मिलते ही बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की. घटना के संबंध में रवि रंजन सिन्हा बताया कि मंगलवार रात रेखा सिन्हा अपने आवास में बेटी के साथ सोई हुई थी. लेकिन बाद में वह बेटी के पास से उठ कर बगल के रूम में जा कर फांसी लगा ली. सुबह जब वह मेरे रूम में पानी लेकर नहीं आई तो में उठ कर बेटी के रूम में गया तो देखा कि वह वहां नहीं थी. इसके बाद बगल के रूम में देखा तो अंदर लाइट जल रही थी तो रूम खोल कर देखा कि वह फांसी से लटकी हुई है. घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है. वहीं, घटना की सूचना उसके मायके वालों को दी गई है. उसके आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी. वही मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाना में मामला दर्ज कराया.

सड़क दुर्घटना में सिसई बांसटोली निवासी की हो गई थी मौत

## परिजनों ने किया शव के साथ रोड जाम

- बुधवार दोपहर साढ़े तीन बजे नेशनल हाईवे को जाम कर दिया

**संवाददाता। गुमला**

बीते मंगलवार को सड़क दुर्घटना में सिसई बांसटोली निवासी उपेंद्र उरांव की पत्नी गीता उरांव (35 वर्ष) की मृत्यु हो जाने के विरोध में परिजनों ने शव को सिसई चौक में रखकर बुधवार दोपहर साढ़े तीन बजे नेशनल हाईवे को जाम कर दिया. जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई. जाम के कारण सबसे अधिक परेशानी यात्रियों करे हुई. यात्री बस फंस गया.

सूचना मिलने पर सीओ नितेश रौशन खलखो व थाना प्रभारी मीनकेतन कुमार जाम स्थल पहुंचे और पीड़ित परिवार को अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 10 हजार रुपए दिया. सीओ ने कागजी प्रक्रिया के बाद सामाजिक सुरक्षा के तहत एक लाख रुपए मुआवजा दिलाने,



राशनकार्ड व मृतक के सात वर्षीय बेटी का कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन का आश्वासन के बाद आक्रोशित लोगों ने दो घंटे के बाद शाम साढ़े पांच बजे जाम हटाया दिया. ज्ञात हो कि मंगलवार की शाम साढ़े छह बजे गीता छारदा रोड़ स्थित अपने घर पैदल जा रही थी.

इसी दौरान छारदा की ओर से आ रहे बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया. टक्कर से बाइक सवार दो युवक सहित गीता देवी गिरकर घायल हो गए थे. बाइक सवार ने अपने एक साथी को छोड़कर फरार हो गया, वहीं बाइक सवार एक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया. गंभीर रूप से घायल गीता उरांव को रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया. डॉक्टरों ने उसे गुमला रेफर कर दिया. जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई.

### ट्रेन से गिरकर सीसीएल कर्मी गंभीर रूप से घायल



**बेरमो।** गोमो-बरकाकाना रेलखंड के डुमरी और गोमिया रेलवे स्टेशन के बीच बुधवार की सुबह सीसीएलकर्मी सोमर मांझी पैसेंजर ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. उनके सिर में चोट लगी है. आनन-फानन में उन्हें गोमिया अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया. सियारी पंचायत के मुखिया रामवृक्ष मुर्मू ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि कोयोटांड़ गांव के निकट एक व्यक्ति रेलवे लाइन के किनारे गिरा पड़ा है. आसपास के लोगों को भेजकर घायल को मुख्य सड़क तक लाया गया. इसके बाद एम्बुलेंस से गोमिया अस्पताल पहुंचाया गया. जेब में मिले आधार कार्ड और आई कार्ड के आधार पर उसकी पहचान सोमर मांझी के रूप में हुई.

**सफलता** जिन युवकों को परिजन लापता समझ रहे थे, उन्हें जमशेदपुर पुलिस ने भेजा जेल

# डकैती की योजना बनाते तीन युवक हुए गिरफ्तार

**संवाददाता। आदित्यपुर**

जिन युवकों को परिजन लापता समझ रहे थे, उन्हें जमशेदपुर पुलिस ने डकैती की योजना बनाते आर्म्स के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया . इधर परिजनों ने आदित्यपुर पुलिस को लापता की सूचना देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है.

बता दें कि 8 जनवरी से कृष्णापुर के राज कुमार महतो के साथ सतबहनी के धीरेन और मुकेश लापता थे, जिसे लेकर तीनों के परिजन परेशान थे. अब पता चला है कि तीनों युवकों को आर्म्स के साथ मुसाबनी में डकैती की योजना बनाते जमशेदपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. आदित्यपुर थाना में परिजन




कृष्णापुर के रहनेवाले 31 वर्षीय राज कुमार महतो के साथ 2 अन्य युवक 8 जनवरी शाम 5 बजे से संदिग्ध रूप से लापता होने की लिखित शिकायत की है. लापता युवकों में राज कुमार महतो के साथ 25 वर्षीय धीरेन महतो और मुकेश महतो शामिल हैं. राज कुमार महतो छोटा मोटा ट्रांसपोर्टर का काम करता है. वह अपने एलपीटी वाहन के साथ धीरेन और मुकेश को ले गया था. जमशेदपुर पुलिस द्वारा जेल भेजे जाने की खबर के बाद परिजनों के होश उड़ गए हैं.

**खास बातें**

- 8 जनवरी से तीनों युवक संदिग्ध ढंग से लापता हो गया था
- जेल जाने वालों में राज, धीरेन व मुकेश शामिल है

### चोरी के सामान के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**आदित्यपुर।** आरआईटी पुलिस ने मंगलवार की देर रात बंतानगर के डोबो डूंगरी मुहल्ले से एक युवक को चोरी की सामान के साथ गिरफ्तार किया है. इनके पास से चार तांबा का नल, मीटर, एक मोटर और दो सरिया बरामद किया गया है. आरोपी का नाम छोटू ठाकुर उर्फ मंटू ठाकुर है जो डोबो डूंगरी बंतानागर थाना आरआईटी का निवासी है. थाना प्रभारी सागर लाल महथा ने बताया कि मंगलवार शाम करीब सात बजे पुलिस टीम गश्त कर रही थी. इसी दौरान बंतानगर डोबो डूंगरी के पास एक युवक झोले में कुछ सामान लेकर जाते दिखाई दिया. पुलिस ने युवक को रोका तो भागने लगा. पुलिस की गश्ती टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान इनके पास से चोरी का सामान बरामद हुआ है. बता दें कि युवक के खिलाफ पूर्व में कई चोरी के मामले दर्ज हैं. कुछ दिन पहले युवक ने आरआईटी थाना क्षेत्र कृष्णापुर स्थित बंद पड़े फैक्ट्री में चोरी की घटना को अंजाम दिया था. पूछताछ के दौरान बुधवार को जेल भेज दिया गया है.



## छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध जावा महुआ किया नष्ट

**संवाददाता। झरिया**

अवैध महुआ शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. झरिया थाना क्षेत्र के नई दुनिया कोढ़िया पट्टी में बुधवार सुबह उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर कुंदन कौशल के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान टीम ने भारी मात्रा में जावा महुआ और अवैध महुआ शराब को नष्ट कर दिया.

टीम ने अवैध शराब भट्टियों, शराब बनाने वाले बर्तन, गैलन सहित अन्य सामानों को भी नष्ट कर दिया. उत्पाद विभाग की छापेमारी की खबर से अवैध महुआ शराब कारोबारियों और विक्रेताओं में हड़कंप मच गया. सभी उधर-उधर भाग गये. कुंदन कौशल ने कहा कि अवैध महुआ



शराब निर्माण को लेकर लगातार सूचना मिली रही थी. सूचना पर कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गयी. कहा कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी.

# रांची विश्वविद्यालय में युवा महोत्सव का शुभारंभ







**हम अगर अपने जीवन में कुछ अपनी मर्जी से सेलेक्ट कर पाते हैं तो वे हैं हमारे दोस्त**

संवाददाता । रांची

रांची विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तरीय युवा महोत्सव 'कल्पतरु' की शुरुआत हो गयी है. युवा महोत्सव का शुभारंभ कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने किया. इस युवा महोत्सव में स्किट, एलोकेशन, वन एक्ट, नृत्य म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट, मेहंदी, क्ले आर्ट, पेंटिंग जैसी कई प्रतियोगिताएं होंगी. उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से रजिस्टर्ड डॉ. विनोद नारायण, डीएसडब्ल्यू, डॉ. सुदेश कुमार साहू, प्रॉक्टर डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता, कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन डॉ. आशीष झा, सीसीडीसी डॉ. प्रकाश कुमार झा और कुलपति की ओएसडी स्मृति सिंह शामिल रहीं.

### जीवन में सब ऊपर से ही तय होता है : कुलपति

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे जीवन में हम कुछ भी नहीं चुन पाते हैं, सारा कुछ ऊपर से ही तय रहता है. जन्म से पहले ना हम अपने माता-पिता को चुन पाते हैं और ना ही अपने धर्म को. हम अगर अपने जीवन में कुछ अपनी मर्जी से सेलेक्ट कर पाते हैं तो वह हैं हमारे दोस्त, वहीं उन्होंने कहा कि 2047 में हम भारत की आजादी का 100वां साल मना रहे होंगे, उसे वक्त हमें एक विकसित राष्ट्र होंगे. आपकी मेहनत आपका जुनून उसे लेवल तक होना चाहिए और पूरी तरह 2047 के लिए आपको तय करने की जरूरत है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** नवम चंद्र अस्त है. कोई धार्मिक अनुष्ठान में भाग ले सकते हैं. साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है. स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा. दांपत्य जीवन में विश्वास बढ़ेगा. अन्न दान करें.

**वृषभ** मानसिक तनाव होगा. कोई विवाद हो सकता है. घर की चिंता रहेगी. विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे. कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं. सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें. अन्न का दान करें.

**मिथुन** समय सामान्य है. कोइ नया कार्य मे जोखिम न उठाएं. व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी. पुराने झंझटों से राहत मिल पाएगी. क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा. गणेश जी का पूजन ध्यान करें.

**कर्क** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे. अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए. किसी से भी बोलने से पहले विचार कर लें. शिवलिंग पर दूध अर्पण करें.

**सिंह** शिक्षा में सुधार का समय आ गया है. बस प्रयास करें. रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी. दांपत्य जीवन सुखद रहेगा. प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे. व्यापार में इच्छित लाभ होगा. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** मन में प्रसन्नता बढ़ेगी. कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना कुछ कम रहेगी. विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी. नए कार्य का आरंभ लाभदायी रहेगा पर सोच विचार कर ही करें.

**तुला** अपनो के कार्य को लेकर भागदौड़ रहेगी. कुछ हानि भी हो सकती है, धैर्य रखें. काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बांटना आवश्यक है. आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है.

**वृश्चिक** समय अच्छा है. धनार्जन होगा. पूंजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें. आत्मविश्वास बना रहेगा. कारोबार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें.

**धनु** समय बहुत ही उत्तम फल प्रदान करेगा. संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे. भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें. अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं. परिश्रम के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी.

**मकर** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. व्यवसाय ठीक करेगा. व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे. सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं. आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं. शनि को बल दें.

**कुंभ** समय सामान्य है. उतावलेपन में कोई काम न करें. पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है. सामाजिक, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी. पर मेहनत से विजय पायी जा सकती है.

**मीन** लाभ में वृद्धि होगी. कुसंगति से बचें. परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है. संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं. आय के लिए समय उत्तम है. कोई बड़ा लाभ से मन प्रसन्न रहेगा.

**एक्सएलआरआई : अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 10 देशों के 40 संस्थानों ने लिया भाग**

# अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक संबंध पर हुआ गहन विचार मंथन

संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर के एक्सएलआरआई में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक संबंध सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन का उद्देश्य 75 वर्षों के दौरान श्रम, औद्योगिक संबंध, अनुसंधान और शिक्षा को चिह्नित करना था. यह आयोजन एक्सएलआरआई जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की ओर से लीड्स यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल, लीड्स, यूके और फ्रेडरिक-एबर्ट-स्टिफ्टंग (एफईएस) के सहयोग से किया गया.

सम्मेलन का विषय समसामयिक था, जो बदलती दुनिया में वैश्विक परिप्रेक्ष्य में श्रम और कार्य के औद्योगिक संबंध पर आधारित था. इसमें कानून, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, इतिहास, श्रम भूगोल और मानवविज्ञान जैसे विषयों से 60 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया जिन्होंने संबंधित सिद्धांत को आगे बढ़ाने और नीति-निर्माण में योगदान देने के लिए साक्ष्य-आधारित अनुभवजन्य, वैचारिक और सैद्धांतिक अनुसंधान की एक श्रृंखला तैयार की है. अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, ताइवान, स्विट्जरलैंड, अर्जेंटीना समेत 10 विभिन्न देशों के 40 संस्थानों से आए इन



प्रतिभागियों दो दिनों में 12 समानांतर सत्रों में 42 शोध पत्र प्रस्तुत किये. इन सत्रों की अध्यक्षता यूके, जर्मनी, जापान, ताइवान आदि विभिन्न देशों से आए नौ अलग-अलग सत्र प्रतिभागियों ने की. लीड्स यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल के प्रोफेसर मार्क स्टुअर्ट और आईटीसी लिमिटेड के सीएचआरओ अमिताभ मुखर्जी ने कीनोट भाषण प्रस्तुत किये. इसके अलावा सम्मेलन में अकादमिक लेखन पर दो कार्यशालाएं हुईं, जहां प्रतिभागी ने प्रबंधन के क्षेत्र में प्रकाशित होनेवाले शीर्ष जर्नल्स के संपादकों से रू-ब-रू हुए.

सम्मेलन के बारे में बात करते हुए एक्सएलआरआई में लेबर रिलेशन के प्रोफेसर व सम्मेलन के अध्यक्ष शांतनु सरकार ने बताया कि सम्मेलन के लिए शोधार्थियों के शोधपत्र, उनकी समीक्षा करने तथा योजना तैयार करने में लगभग एक वर्ष लग गया. उन्होंने आशा जतायी कि यह सम्मेलन एक्सएलआरआई में अपनी तरह का पहला सम्मेलन है, जो सीमा पार के विद्वानों को एक-दूसरे के साथ बातचीत करने और विचारों की विविधता के लिए सराहनीय है. प्रो सरकार ने प्रो एंडी चार्लवुड के साथ मिलकर यूरोप, अमेरिका और एशिया के अन्य विश्वविद्यालयों के अपने सहयोगियों के साथ मिलकर ऐसे मुद्दों पर शोध करने के लिए कार्य किया है.

### विचार मंथन के प्रमुख बिंदु

1. वर्तमान वैश्विक संकटों का रोजगार और श्रम बाजार पर प्रभाव.
2. प्रौद्योगिकी नवाचार, कार्य और रोजगार.
3. लचीलापन, स्वायत्तता और श्रम प्रक्रिया.
4. लिंग, समानता और कार्य.
5. श्रमिक और सामाजिक आंदोलन, ट्रेड यूनियन और सामूहिक सौदेबाजी.
6. महामारी, देखभाल कार्य और ग्लोबल साउथ.
7. संकटों के असमान प्रभावों को कम करने के लिए श्रमिक आंदोलन रणनीतियां और नीतियां.
8. श्रमिक वर्ग पर संकट के प्रभाव को कम करने में प्रभावी नियमों पर तुलनात्मक संस्थागत दृष्टिकोण.

## लोहड़ी पर्व 13 जनवरी को 15 को होगी मकर संक्रांति



संवाददाता । धनबाद

मकर संक्रांति पर स्नानदान का विशेष महत्व होता है . पंचांग के अनुसार इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा. इस दिन सूर्य देव प्रातः 02 बजकर 54 मिनट पर धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे. इस दौरान पुण्यकाल सुबह 7:15 से शाम 5:46 तक रहेगा. पुरोहित गोपाल पंडित ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन सुबह उठकर पानी में काला तिल और गंगाजल मिला कर स्नान करें. इसके बाद नए वस्त्र पहन कर साफ तांबे के लोटे में पानी भर लें और उसमें गंगाजल ,काला तिल, गुड़, लाल चंदन, पुष्प, अक्षत आदि डालें और फिर 'ॐ सूर्याय नमः' मंत्र का जाप करते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य दें. इस दौरान शनि देव को भी जल अर्पित करें. ऐसा करने से सूर्य और शनि दोनों की कृपा मिलती है, क्योंकि इस दिन सूर्य देव शनि की राशि मकर में प्रवेश करते हैं. उन्होंने कहा कि इस दिन गरीबों को तिलकुट, चूड़ा, गुड़ और खिचड़ी का भी दान करें.

## झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ का आंदोलन समाप्त



संवाददाता । रांची

अपर सचिव-सह राज्य निःशक्तता आयुक्त महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अभय नंदन अंबष्ट ने बुधवार को राजभवन के पास स्थित धरना स्थल पर पहुंचकर झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ द्वारा 01 दिसंबर 2023 से किया जा रहा अनिश्चित कालीन आंदोलन को समाप्त कराया. इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्वेता भारती, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा निदेशालय शत्रुंजय कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे. झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ ने अपर सचिव अभय नंदन अंबष्ट को सौंपा. जिसपर अपर सचिव ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी मांगों को सक्षम प्राधिकार तक भेजा जाएगा ताकि उनकी मांगों पर विचार किया जा सके.

## भारतीय न्याय संहिता कानून का ड्राइवरों ने किया विरोध

**रांची।** ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के बैनर तले बुधवार को हिट एंड रन के खिलाफ सैकड़ों ड्राइवरों ने राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया. इस मौके पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाई गई हिट एण्ड रन देश के ड्राइवरों के लिए काला कानून है. जबतक इसे सरकार वापस नहीं लेती, ड्राइवर आंदोलन करते रहेंगे. जिला अध्यक्ष गुडु यादव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा भारतीय न्याय संहिता कानून 2023 को मान लेना ड्राइवरों के लिए आत्महत्या जैसा है. लेकिन नये कानून लागू होने से लोग इस पेशे से दूर हो रहे हैं. मौके पर धनवाद जिले के सचिव सुभाष गोप, रांची जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, सचिव पप्पू पांडेय आदि मौजूद थे.

**परंपरा : रोमन कैथोलिक कलीसिया की साल की पहली शादी क्लास शुरू**

## 36 जोड़ों को दी गयी वैवाहिक शिक्षा

जयंती कच्छप । रांची

रांची के पुरुलिया रोड स्थित एसडीसी (सोशल डेवलपमेंट सेंटर) हॉल में बुधवार को रोमन कैथोलिक कलीसिया की साल की पहली शादी क्लास शुरू हुई, जिसमें वैवाहिक जीवन के लिए 36 जोड़ों को पहली शिक्षा दी गयी. इस शादी क्लास के मुख्य संचालक फादर फिलिप मिंज थे. इस दौरान उन्हें ख्रीस्त धर्म की मूलभूत बातें बताई गईं एवं ईश्वर पर विश्वास, प्रार्थना, बाइबल के संस्कार और ईश्वर की दस आज्ञाएं, कलीसिया के सभी नियमों का दृढ़ता से पालन करने की शिक्षा दी गयी.



यह क्लास सुबह 9 बजे से शाम के 4: 30 बजे तक चली.

उल्लेखनीय है कि कलीसिया की परंपरा के अनुसार शादी क्लास में विवाहित जीवन की विशेषता, गंभीरता तथा पवित्र शादी को सही तरीके से जीने की शिक्षा दी जाती है. कलीसिया में शादी से पहले वचनबद्धता के साथ ही शादी से संबंधित तीन बातों की शिक्षा विशेष रूप से दी जाती है. इस क्लास का उद्देश्य है लड़का और लड़की एक दूसरे को समझ सकें एवं समाज में विवाहित जीवन जीने के लिए परिपक्व बन जाएं. शादी क्लास करने के बाद सभी जोड़ों को शादी क्लास का सर्टिफिकेट दिया जाता है. रांची में रोमन कैथोलिक कलीसिया के लिए केवल दो ही स्थान पर शादी क्लास कराई जाती है. उनमें एक पुरुलिया रोड स्थित एसडीसी हॉल एवं रांची पल्ली पुरोहित द्वारा की जाती हैं. बुधवार से प्रारंभ शादी क्लास में शादी फादर रेमंड टोप्पो, फादर फिलिप मिंज एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित थी.

**पुण्यस्मरण** जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 12वीं पुण्यतिथि पर सीएम समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

# जस्टिस शाहदेव ने बौद्धिक ऊर्जा से झारखंड आंदोलन को सींचा : सीएम

संवाददाता । रांची

झारखंड आंदोलन के प्रणेता रहे जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 12वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. नेताओं ने जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर अलग झारखंड राज्य के निर्माण में उनके योगदान को याद किया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि न्यायिक सेवा में होते हुए भी जस्टिस एलपीएन शाहदेव ने झारखंड आंदोलन को बिना किसी दल के बंधन में बंधे हुए अपनी बौद्धिक ऊर्जा से सींचा था. आनेवाली पीढ़ियों को उनके दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए.



**आदिवासियों मूलवासियों के लिए हमेशा चिंतित रहते थे : डॉ. रामेश्वर उरांव**

वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि वह झारखंड के आदिवासी–मूलवासियों को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे. झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में जज साहब ने अहम भूमिका निभाई थी, जिससे सपना साकार हुआ.

**जस्टिस शाहदेव के सिद्धांत हमारे लिए प्रेरणा स्रोत : बाबूलाल**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जस्टिस शाहदेव की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि उन्होंने झारखंड राज्य आंदोलन में महती भूमिका निभाई थी.



**झारखंड आंदोलन में जस्टिस शाहदेव ने अग्रणी भूमिका निभाई : बाउरी**

भाजपा विधायक दल के नेता और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रसिद्ध न्यायविद, झारखंड आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभानेवाले थे. वे हम सब के लिए प्रेरणा स्रोत रहें हैं.



**जस्टिस शाहदेव ने झारखंड आंदोलन को प्रेरित किया : सुदेश**

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन की जब भी चर्चा होगी, जस्टिस शाहदेव का नाम लिया ही जाएगा. आंदोलन में उन्होंने जैसी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता.

**जस्टिस शाहदेव की कर्मठता हमारे लिए अनुकरणीय : सेठ**

सांसद संजय सेठ ने कहा कि जस्टिस शाहदेव न्यायपालिका के क्षेत्र में सेवाएं देने के बाद भी झारखंड आंदोलन के लिए सजग और सक्रिय आंदोलनकारियों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहे.

## विकसित भारत संकल्प यात्रा



संवाददाता । चांडिल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत तिरुलडीह और चौड़ा पंचायत भवन परिसर में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान उपस्थित लोगों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई. इसके साथ ही गैस सिलेंडर कनेक्शन वितरण, अन्नप्राशन, गोदभराई समेत अन्य कई कार्यक्रम हुए. इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार गोप ने बताया कि कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में यह कार्यक्रम 13 जनवरी तक चलेगा. इसके लिए एलईडी वैन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है. कार्यक्रम में कुकड़ू प्रखंड के बीडीओ राकेश कुमार गोप के अलावा मुखिया सुधीर सिंह मुंडा, सांसद प्रतिनिधि सचिदानंद महतो, भाजपा नेत्री सारथी महतो, जेएसएलपीस के बीपीएम देवव्रत सिंहा आदि शामिल थे.

## पोप के दूत और आर्च बिशप कराएंगे बिशप पद का ग्रहण

**रांची ।** पोप के दूत सह भारत व नेपाल में वेटिकन के राजदूत आर्चबिशप लियोपोल्डो जिरेल्ली बुधवार को रांची पहुंचे. बुधवार को राजदूत बिरसा मुंडा हवाईअड्डा पर लगभग 4 बजे पहुचे. 11 जनवरी को राजदूत द्वारा महुआडांड़ स्थित संत जोशेफ स्कूल ग्राउंड में डालटनगंज के बिशप थियोडोर मस्कारेनहास पद ग्रहण कराएंगे. थियोडोर मस्कारेनहास के गृह राज्य गोवा के परिजन बुधवार को 10 बजे सुबह ही रांची पहुचे थे. महुआडांड़ जाने वाले गेस्ट काफी संख्या में थे. बता दे कि रांची के पल्ली के फादर पुरोहित एवं डिकन सभी लोग महुआडांड़ के लिए 2 : 57 मिनट में रवाना हुए. कल सुबह 10 बजे से ही पद ग्रहण का कार्यक्रम शुरू कर दिया जाएगा. साथ ही 12 जनवरी को गुमला के आरसी चर्च गुमला के नये बिशप का बिशप अभिषेक संस्कार भी संपन्न करायेंगे.

अगले माह झारखंड सरकार 2024-25 का बजट पेश करेगी. इसकी तैयारी शुरू हो गई है. इस बीच लोगों में बजट को लेकर चर्चा भी होने लगी है. बजट में हर वर्ग को राहत की उम्मीद है. चुनावी वर्ष होने की वजह से सरकार की कोशिश हर वर्ग को खुश करने की हो सकती है. यानी सरकार लोक लुभावन बजट पेश कर सकती है. लेकिन मौजूदा समय में हर वर्ग चाहता है कि इस बजट से उसकी जरुरतों को रियायत मिले. इस समय चीजों के दाम बढ़ने के कारण लोग मंहगाई से जुझ रहे हैं. मिडिल क्लास ज्यादा परेशान है. युवा रोजगार की आशा में हैं कि इस चुनावी वर्ष में सरकार उनके लिए कुछ न कुछ जरुर करेगी. वहीं आम जनता चाहती है कि कम पैसे में स्वास्थ्य सुविधा मिल सके. राज्य में शिक्षा का स्तर बढ़े.स्तरीय शिक्षा के लिए नए स्कूल, कॉलेज खोले जाएं. शिक्षकों को अपेक्षा है कि शिक्षा अधिकार अधिनियम 2005 में संशोधन किया जाए. दूसरी ओर अधिवक्ता चाहते हैं कि सरकार उनकी सुरक्षा संबंधी अधिनियम लागू करने के लिए बजट में प्रावधान करे. ताकि वे निर्भीक होकर काम कर सकें. हाल ही में हेमंत सरकार ने 50 वर्ष तक के लोगों को भी पेंशन देने की घोषणा की है. इसलिए लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार के बजट में इसका भी प्रावधान हो. शुभम संदेश की टीम ने इस संबंध में राज्य के शिक्षकों और अधिवक्ताओं से बजट से जुड़ी उनकी राय जानी है. पेश है रिपोर्ट.

## झारखंड सरकार 2024-25 का बजट तैयार करने में जुटी




# बजट में बुद्धिजीवी चाहते हैं

# शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई

# रोजगार पर हो फोकस

- चुनावी वर्ष में लोक लुभावन बजट संभव
- सभी को कुछ न कुछ देने की होगी कोशिश
- चीजों के बढ़ते दाम से मिडिल क्लास परेशान
- 50 वर्षवालों को पेंशन अमल में लाए सरकार

### जमशेदपुर

### बजट में रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा मिले : डॉ. अशोक

जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के डॉ अशोक कुमार रवानी ने कहा कि इस बार झारखंड सरकार के बजट में शिक्षा क्षेत्र को काफी उम्मीदें हैं. सरकार को पिछले वर्षों की तुलना में इस बार शिक्षा पर खर्च का दायरा बढ़ाना चाहिए. रोजगारपरक शिक्षा को भी बढ़ावा देना समय की मांग है. इसके साथ ही शहर व आसपास के हिस्सों में स्थित सरकारी स्कूल, कॉलेजों को समुचित संसाधनों से युक्त करने का प्रावधान इस बजट में किया जाना चाहिए.

### रोजगार को बढ़ावा मिले, टैक्स का बोझ भी कम करन की जरुरत : डॉ आले अली

करीम सिटी कॉलेज के डॉ आले अली ने कहा कि बजट में राज्य सरकार को यह ध्यान देना चाहिए कि रोजगार को बढ़ावा मिले, शिक्षा का स्तर बेहतर हो और नौकरी-पेशा लोगों पर टैक्स का बोझ अधिक न हो. यथासंभव इसे सामान्य रखा जाये. स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में महंगाई की नियंत्रित करने की आवश्यकता है. खासकर स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के साथ ही इसे सस्ता किया जाना चाहिए. इसके अलावा शहर में बढ़ती आबादी के मद्देनजर ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने की दिशा में आवश्यक प्रावधान हो. शहर में औद्योगिक प्रदूषण तो है ही, न्यूकिलीयर प्रदूषण बढ़ने का भी खतरा है. अतः इसे नियंत्रित करने के लिए बजट में प्रावधान करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए.

### अधिवक्ताओं के लिए मेडिकल इंश्योरेंस की व्यवस्था होनी चाहिए : प्रभात शंकर तिवारी

अधिवक्ता प्रभात शंकर तिवारी कहते हैं कि झारखंड सरकार के 2024 -2025 के बजट में अधिवक्ताओं और उनके परिवार के हित को देखते हुए मेडिकल इंश्योरेंस की व्यवस्था होनी चाहिए. नए/ जूनियर अधिवक्ताओं को सरकार से प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था होनी चाहिए. इस बजट में कानूनी शिक्षा में सुधार हेतु प्रावधान होना चाहिए. क्योंकि कानूनी शिक्षा केन्द्र कुव्यवस्था का शिकार हो चुके हैं वहाँ इंफ्रास्ट्रक्चर की घोर कमी है. सरकार कानूनी शैक्षणिक केंद्रों को व्यवस्थित करने हेतु बजट में प्रावधान करेगी तो कानूनी शिक्षा लेने वाले छात्रों का पलायन रुकेगा. साथ ही अधिवक्ताओं कि सुरक्षा को ध्यान में रख कर अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करनी चाहिए. राज्य में दिल्ली की तरह जमशेदपुर, घाटशिला, सरायकेला, एवम चांडिल के लिए बसों का परिचालन होना चाहिए ताकि अधिवक्ताओं को काम करने में सुविधा हो.

### स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने की कोशिशि होनी चाहिए : शुभम कुमार

अधिवक्ता शुभम कुमार कहना है कि शहर में एक अच्छा कॉलेज बनना चाहिए, जहां उच्चस्तर की शिक्षा बच्चों को दी जा सके. जिससे शहर के बच्चों को अपने शहर में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके. सरकारी बस को फिर से चालू करना चाहिए, जिसमें बुजुर्ग वर्ग और विद्यार्थियों को किराए में विशेष छुट देने का प्रावधान होना चाहिए. झारखंड में काफी विकास होने के बाद भी जमशेदपुर के कुछ क्षेत्रों में आज लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. सरकार को बजट में पानी उपलब्ध कराने के लिए विशेष पहल करने की जरूरत है.

### लागू हो अधिवक्ता सुरक्षा आधिनियम : राजहंस तिवारी

वरिष्ठ अधिवक्ता राजहंस तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार के बजट में अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए प्रावधान होने चाहिए. अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम जिसकी मांग बहुत पुरानी है सरकार द्वारा इसे लागू करना चाहिए . झारखंड राज्य विधिक परिषद द्वारा जो राशि अधिवक्ताओं को मृत्यु उपरांत दी जाती है, उसमें राज्य सरकार भी अपना अंश दे. जिससे कि एक सम्मानजनक राशि अधिवक्ता के परिवार को मिल सके. पेंशन से संबंधित अंशदान का भी प्रावधान राज्य सरकार को अपने बजट में करना चाहिए.

### इस बजट से काफी कुछ उम्मीदें : डॉ. त्रिपुरा झा

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में शिक्षा संकाय की प्राध्यापिका डॉ. त्रिपुरा झा ने बताया कि इस बार का बजट ऐसा होना चाहिए,जो जनहित में हो. प्रजातंत्र और संप्रभुता के लिए हो, कल्याणकारी हो और हर वर्ग के हितकारी हो. सभी को इस बजट से काफी कुछ उम्मीदें है. इसलिए सरकार से चाहूंगी कि इस बार का बजट ऐसा लाए जिसका लाभ आमजन को मिल सके.






### घाटशिला

### सरकार को ग्रामीण शिक्षा पर जोर देने की जरूरत : रामकिशोर मुर्मू

भारत सेवा आश्रम संघ बराजुड़ी द्वारा संचालित प्रणवानंद उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामकिशोर मुर्मू ने कहा कि सरकार को ग्रामीण शिक्षा पर जोर देने की जरूरत है. ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में छात्र के संग साथ-साथ संसाधन की काफी कमी है. जिसके कारण उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं . इसलिए उच्च शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा के भी संस्थान खुलने चाहिए . गांव के युवक,युवतियों को ऐसा प्रशिक्षण मिले जिससे वे खुद आपना व्यवसाय कर सके. ऐसी शिक्षा व्यवस्था होनी चाहिए कि झारखंड सरकार के कौशल विकास पर जोर देते हुए शिक्षा नीति बननी चाहिए. इसके लिए ग्रामीण शिक्षा की काफी जरूरत है.

### सरकार को और नए कॉलेज खोलने चाहिए : विपिन कुमार

मारवाड़ी हिंदी उच्च विद्यालय घाटशिला के शिक्षक विपिन कुमार सिंह ने कहा कि सरकार को और नए कॉलेज खोलने की जरूरत है. ताकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा मिल सके. 1962 में घाटशिला महाविद्यालय की नींव रखी गई थी. इसके बाद से अब तक कोई कॉलेज नहीं खुला है. निजी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय खुल रहे हैं. परंतु सरकारी महाविद्यालय नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे निजी कॉलेजों में पैसा देकर नहीं पढ़ पाते हैं.

### अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करे सरकार : अजीत कुमार

घाटशिला के वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार ने कहा कि राज्य के अधिवक्ताओं की सुरक्षा कानून की मांग वर्षों पुरानी मांग है. इस बार सरकार अपने बजट में इसे जरूर पूरा करें. साथ ही साथ अधिवक्ताओं की और से कई मांगे हैं, उम्मीद की जा रही है कि इस बार के बजट में जरूर शामिल किया जाए. अधिवक्ताओं की मांग पूरी होने से अधिवक्ताओं के साथ-साथ गरीब लोगों को भी काफी मदद मिलेगी.

### बेरमो

### सरकार किसान, मजदूर और युवाओं के ध्यान में रखकर बजट बनाए : वकील प्रसाद महतो

तेनुघाट अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि आने वाले बजट में अधिवक्ताओं के हित में अधिवक्ता सुरक्षा कानून सदन में पेश करे और उसे पारित कर केंद्र सरकार को भेजने का काम करें. साथ ही झारखंड राज्य के आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए सरकार जो बजट पेश करे. जिसमें वह किसान, मजदूर, और युवाओं को ध्यान में रखकर बजट बनाए.

### सरकार मंहगाई के बोझ से गरीबों को राहत दे, मूल्य वृद्धि को रोके : रीतेश जायसवाल

तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता रीतेश जायसवाल ने कहा कि झारखंड सरकार के बजट (2024-25) से अपेक्षा है कि महंगाई पर रोक लगे. गरीब जनता पर इसका बोझ न पड़े. खासकर खाद्य सामग्री, पेट्रोल, डीजल आदि जो रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं हैं उनकी मूल्य पर वृद्धि पर अंकुश लगाया जाए. ताकि गरीब जनता पर महंगाई का असर कम हो. यात्रियों के लिए बस एवं ऑटो के भाड़े में कमी की जाए. पेट्रोल, डीजल के मूल्य में कमी हो. बेरमो अनुमंडल के अस्पताल में सुविधा बहाल हो. विशेषज्ञ डॉक्टर की बहाली की जाए ताकि यहां की जनता को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके.

### अन्य सरकारी कर्मियों की तरह अधिवक्ताओं को पेंशन दी जानी चाहिए : महुआ कारक

तेनुघाट की अधिवक्ता महुआ कारक ने बताया कि अधिवक्ताओं के लिए सरकार अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू हो और अधिवक्ताओं के हित में बजट पेश करें. सरकारी कार्य कर रहे लोगों को रिटायरमेंट बेनिफिट मिलते रहना चाहिए. इस तरह अधिवक्ताओं को भी सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन दी जाए. क्योंकि हम अधिवक्ता संघ भी समाज कल्याण के रूप में कार्य करते हैं और उसका एक अभिन्न अंग हैं.

### लातेहार

### बजट में हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा जाना चाहिएः प्रशांत राहुल

झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता प्रशांत राहुल ने कहा कि बजट में समाज के हर वर्ग के लोगों का ध्यान रखा जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि आज राज्य में बेरोजगारी चरम पर है. युवाओं को रोजगार देने का प्रावधान बजट में किया जाना चाहिए. सभी प्रतियोगी परीक्षाएं निर्धारित तिथि पर हो तो लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा. इस बजट में सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए. इसके अलावा महंगाई नियंत्रित करने के लिए भी सरकार को कारगर कदम उठाना चाहिए.

### विद्यालयों को संसाधन उपलब्ध हो खाली पदों का भरा जाए : पंकज कुमार

व्यवहार न्यायालय, लातेहार के अधिवक्ता पंकज कुमार ने कहा कि बजट में शिक्षा पर विशेष फोकस किया जाना चाहिए. विद्यालयों को संसाधन मुहैया कराना चाहिए. राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों के सैकड़ों पद रिक्त हैं. उन पदों को भरने का प्रावधान इस बजट में किया जाना चाहिए. आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं. बच्चों के कल को संवारने का सरकार का प्रथम उद्देश्य होना चाहिए.




### महंगाई नियंत्रण पर कारगर कदम उठाए राज्य सरकार : अमित कुमार गुप्ता

अधिवक्ता अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि महंगाई कम करने के लिए सरकार को कारगर कदम उठाने चाहिए. झारखंड सरकार को पेट्रोल और डीजल में राज्य सरकार द्वारा लगाया गया वेट को काम किया जाना चाहिए. इससे पेट्रोल और डीजल के दाम में कमी होगी तो महंगाई पर भी बहुत हद तक अंकुश लगाया जा सकता है. यात्री किराया एवं मालवाहक किराए में कमी आने से महंगाई भी थोड़ी सी कम होगी. इसके अलावा सरकार को किसानों को रियायत दर पर बिजली एवं अन्य उपकरण भी दिलाने का प्रावधान किया जाना चाहिए.

### शिक्षकों की बहाली कर शिक्षकों की कमी को दूर किया जाना चाहिए : नरेंद्र पांडेय

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार के वरीय शिक्षक नरेंद्र पांडेय ने कहा कि राज्य के विद्यालयों में शिक्षकों की नितांत कमी है. सरकार को बजट में इन पदों को भरने के लिए कदम उठाने चाहिए. विषयवार शिक्षकों के नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई ठीक ढंग से नहीं हो पाती है और परीक्षा परिणाम भी उस अनुपात में नहीं आ पाता है. पांडेय ने कहा कि बजट में समाज के सभी वर्गों के लोगों का ध्यान रखा जाना चाहिए. हर तबके के लोगों के हितों में ध्यान में रखकर बजट बनाना चाहिए. खासकर बेरोजगारी और महंगाई को कम करने का प्रावधान बजट किया जाना चाहिए.

### पाकुड़

### अधिवक्ताओं की सुरक्षा पर गंभीर हो सरकार शीघ्र बिल का प्रावधान करेः सूरज कुमार शर्मा

झारखंड सरकार के बजट को लेकर अधिवक्ता सूरज कुमार शर्मा का कहना है कि सरकार को बजट सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा संरक्षण बिल, स्वास्थ्य शिक्षा एवं सुरक्षा में सुधार लाने को लेकर विधेयक लाना चाहिए. शहर से समाहरणालय एवं सदर अस्पताल काफी दूरी पर हैं. आवागमन का सुविधाजनक साधन नहीं होने के कारण जिससे परेशानी होती है. इसके लिए सरकार की ओर से सिटी बस चलानी चाहिए.

### ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हो, शहर में पार्किंग की भी व्यवस्था की जाए : राजीव कुमार झा

अधिवक्ता राजीव कुमार झा ने कहा कि पाकुड़ शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बदतर हो चुकी है. जिसमें सुधार होनी चाहिए इसके साथ-साथ शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है. जिसको लेकर जहां-तहां गाड़ियां खड़ी रहती है . जिससे दुर्घटनाएं होती रहती है. शहर में पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए. सबसे बड़ी बात यह है कि नगर परिषद के अंतर्गत लिए जाने वाले होल्डिंग टैक्स में सुधार करना चाहिए. क्योंकि जो टैक्स महानगर में लिए जाते हैं.

### अधिवक्ताओं के निधन पर सरकार की ओर से भी राशि दी जानी चाहिएः अशराफुल शेख

अधिवक्ता अशराफुल शेख का कहना है कि किसी अधिवक्ता के निधन पर बार काउंसिल की ओर से जितनी राशि परिवार को दी जाती है. उतनी ही राशि राज्य सरकार की ओर से दी जानी चाहिए. अधिवक्ताओं को बैठने के लिए कोर्ट कैंपस में भवन का निर्माण होना चाहिए. कोर्ट में कैंटीन की व्यवस्था होनी चाहिए .70 वर्ष के बाद अधिवक्ताओं को बार काउंसिल की तरह राज्य सरकार की ओर से भी पेंशन मुहैया करनी चाहिए.

### शिक्षा व्यवस्था में हो सुधार, बेरोजगारों को भत्ता दिया जाए : मिथिलेश कुमार सिंह

शिक्षक मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार होनी चाहिए.शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र होनी चाहिए. शिक्षक सपन प्रमाणिक ने कहा कि इस समय बेरोजगारी चरम सीमा पर है. छात्र-छात्राएं पढ़ लिखकर बेरोजगार हैं . सरकार को चाहिए कि इन्हें बेरोजगारी भत्ता दे.उसके साथ-साथ जब तक नियुक्ति नहीं होती है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में कुछ करना चाहिए ताकि आर्थिक दृष्टि से उन्हें मदद मिले.

### प्राइवेट स्कूलों की फीस कम होनी चाहिए : विश्वनाथ

शिक्षक विश्वनाथ पंडित ने कहा कि राज्य में बेरोजगारी चरम पर है. बच्चे पढ़ लिख कर रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं. सरकार को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए. पाकुड़ जिले में शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो. प्राइवेट स्कूलों के फीस में कमी होनी चाहिए . जिससे सामान्य लोग भी अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में दाखिला करा सके.

### बोकारो

### शिक्षकों को मिले गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, नियम बनाए : फारूक अंसारी

बोकारो जिले के कसमार स्थित प्लस टू हाई स्कूल के प्राचार्य फारूक अंसारी ने बताया कि शिक्षकों को अगर सिर्फ शिक्षा का ही कार्य विभाग कराए, तो निश्चित तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा. सरकार बजट में इन बातों को ध्यान रखकर कुछ नया नियम बनाये, ताकि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति मिल सके. उन्होंने यह भी बताया कि हर विद्यालय का अपना खेल मैदान से लेकर विद्यालय में वाचनालय सह हाइटेक लाइब्रेरी भी रहे, जहां हर तरह की पुस्तकों का भंडार हो. बजट में सरकार इन बातों पर भी ध्यान रखे. उन्होंने कहा कि कई सरकारी स्कूलों के खेल मैदान को कब्जा कर लिया गया है, उन खेल मैदानों को कब्जामुक्त कर उनके विकास की दिशा में सरकार ठोस कदम उठाए, इस दिशा में बजट में सरकार का ध्यान हो.



### स्कूलों में बच्चों के अनुपात में शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए : रामबाबू शुक्ला

कसमार स्थित प्लस टू हाई स्कूल के शिक्षक रामबाबू शुक्ला ने बताया कि स्कूलों में बच्चों के अनुपात के मुताबिक शिक्षकों की नियुक्ति हो, ताकि पठन पाठन कार्य सुचारू रूप से चल सके. उन्होंने बताया कि बजट में हर स्कूलों में शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था के अलावा सभागार निर्माण की दिशा में सरकार को बजट बनाना चाहिए. उन्होंने बताया कि हर विद्यालय में खेल शिक्षक हैं, लेकिन समुचित खेल सामग्री से लेकर अन्य संसाधनों की उपलब्धता हर स्कूलों में होनी चाहिए, इसको लेकर भी बजट में विशेष प्रावधान होना चाहिए. उन्होंने कहा कि स्वच्छता को ध्यान में रखकर हर सरकारी स्कूलों में स्वीपर से लेकर रात्रि सुरक्षा प्रहरी की व्यवस्था सरकार करे, इससे विद्यालय की सुरक्षा के साथ साथ स्वच्छता व अन्य मामलों में विद्यालय हमेशा अव्वल रहेगा.

### ग्रामीण इलाकों में भी स्मार्ट क्लास की सुविधा होनी चाहिए : मनीष जायसवाल

कसमार प्रखंड के सुदूरवर्ती चौड़ा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनीष जायसवाल ने बताया कि ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में भी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की सुविधा पर सरकार ध्यान दें. बहुत सारे विद्यालय शिक्षक विहीन हैं या फिर उन विद्यालय में चहारदिवारी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है. जिसकी वजह से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में विद्यालय में प्रभारी को समस्याएं आती है. उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ शहरों की ओर ही नहीं, ग्रामीण इलाके के विद्यालयों में भी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करें. अच्छी तकनीकी युक्त स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की जाए ताकि गरीब आदिवासी बच्चों के भी पठन पाठन पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान हो सके. बच्चों को सही समय पर पोशाक व छात्रवृत्ति प्राप्त हो सके.

### धनबाद

### सरकार चार वर्ष के कार्यकाल में कुछ नहीं कर सकी, तो अब क्या करेगी : मो. जावेद

अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने कहा है कि जो सरकार अपने 4 वर्षों के कार्यकाल में कुछ नहीं किया वह अब क्या करेगी. सरकार की लास्ट ईयर की बजट सिर्फ और सिर्फ जनता को लुभाने वाली होगी जो धरातल पर कभी नहीं दिखेगी. वैसे सरकार को चाहिए कि शहर में शांति हो, पुलिसिंग व्यवस्था दुरुस्त हो, अपराध पर कंट्रोल हो, शहर की जनता और खास कर महिलाएं निर्भय होकर अपनी कार्य कर सके बजट में ऐसा प्रावधन किया जाना चाहिए.

### गरीब और पिछड़े लोगों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है : सुनील कुमार सिन्हा

अधिवक्ता सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार को अपने बजट में गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. इस बजट में रोजगार और शिक्षा की स्थिति बिल्कुल क्लियर होनी चाहिए.ताकि राज्य में युवाओं को अच्छी शिक्षा के साथ साथ रोजगार भी मुहैया हो सके .बजट में महंगाई पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि शहर में सबसे बड़ी समस्या लॉ एंड ऑर्डर की है. जिसे जल्द दुरुस्त किया जाए.



### सरकार जनता की उम्मीद के मुताबिक ही बजट पेश करेगी : देवी शरण सिन्हा

देवी शरण सिन्हा ने कहा कि इस बजट से काफी अपेक्षाएं हैं . क्योंकि सरकार ने अपने कार्यकाल में संविधान के तहत राज्य की जनता के लिए काफी कुछ किया है. इस सरकार में विकास कार्य में काफी तेजी आई है. उम्मीद है कि यह सरकार जनता की उम्मीद के मुताबिक ही बजट पेश करेगी . सिन्हा ने कहा कि शहर में यातायात सबसे बड़ी समस्या है. इसे दुरुस्त करने के लिए ओवरब्रिज और पुल की काफी का आवश्यक्ता है. तभी शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त हो सकती है.

### यातायात व्यवस्था दुरुस्त हो, ओवरब्रिज और एयरपोर्ट जरुरी है : इरफान खान

धनबाद झरिया के फुसबंग्ला स्थित हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल के प्राचार्य व निदेशक इरफान खान ने कहा कि सरकार से इस बजट में हम निजी विद्यालय शिक्षक शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2005 में संशोधन की अपेक्षा रखते हैं. सरकार को इस बजट में शिक्षा , स्वास्थ और युवाओं को रोजगार पर विशेष फोकस करना चाहिए. वहीं शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ओवरब्रिज और एयरपोर्ट होना बहुत जरूरी है.



### चक्रधरपुर

### रिक्त पदों पर जल्द होनी चाहिए बहालीः हिमांशु प्रधान

चक्रधरपुर निवासी शिक्षक हिमांशु प्रधान ने कहा कि राज्य में कई विभागों में वर्षों से बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हुए हैं, इन रिक्त पदों पर जल्द से जल्द राज्य सरकार को बहाली करनी चाहिए .विद्यालयों में शिक्षक सेवानिवृत हो रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार द्वारा नियुक्तियां नहीं ली जा रही है. इससे राज्य में नौकरी करने की चाहत रखने वाले युवाओं की उम्र सीमा भी खत्म हो रही है .बजट में किसानों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए .खेतों में सिंचाई की व्यवस्था, कम दामों में बीज इत्यादि मिल सकें तो किसानों के लिए बेहतर होगा.

### सभी को ध्यान में रखकर तैयार किया जाए बजटः अभिषेक सिंह

चक्रधरपुर निवासी अधिवक्ता अभिषेक सिंह ने कहा कि सभी लोगों को ध्यान में रखकर ही राज्य सरकार को बजट बनाना चाहिए. उन्होंने कहा कि खासकर गरीब तबके के लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सकें, इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए .वहीं बजट के दौरान महंगाई पर विशेष ध्यान दिया जाएं, बढ़ती महंगाई के कारण हर कोई परेशान है .युवाओं को रोजगार से जोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए .राज्य सरकार को आर्थिक रुप से परेशान लोगों के लिए कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाने की आवश्यकता है.

### जनकल्याणकारी हो राज्य सरकार का बजटः अमित कुमार

चक्रधरपुर निवासी अधिवक्ता अमित कुमार ने कहा कि राज्य सरकार का बजट जनकल्याणकारी होना चाहिए. हर तबके के लोगों को ध्यान में रखकर ही राज्य सरकार बजट पेश करें .बजट में शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है .सरकारी विद्यालयों में सुविधाएं बढ़ायी जानी चाहिए, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकें .वहीं आर्थिक रुप से कमजोर परिवार के विद्यार्थियों के लिए नि :शुल्क ट्यूशन की व्यवस्था, वोकेशनल ट्रेनिंग पर ध्यान दिया जाएं तो बेहतर होगा .महंगाई ध्यान रखकर ही बजट तैयार किया जाना चाहिए, ताकि किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े.



### आदित्यपुर

### जन उपयोगी होना चाहिए बजट : ओमप्रकाश

ओमप्रकाश (उपाध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन सरायकेला) का कहना है कि झारखंड सरकार को इस बार के बजट को जनोपयोगी बनानी चाहिए. आदित्यपुर में राज्य सरकार की कई जनोपयोगी योजनाएं अधूरी पड़ी है, सरकार को उसे पूरा करने के प्रावधान अपने बजट में करना चाहिए. मुख्य रूप से जलापूर्ति और सीवरेज की जो अधूरी योजनाएं हैं, उसे युद्ध स्तर पर पूरा करने का प्रावधान बजट में करना चाहिए. आदित्यपुर में एक मास्टर डिग्री कॉलेज खुलवाने और आम जनता के हित में आदित्यपुर को अनुमंडल का दर्जा देने के बारे में विचार करना चाहिए. चूंकि आदित्यपुर और गम्हरिया के करीब 4 लाख की आबादी को अपने अनुमंडलीय कार्य के लिए 40 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है जो आम जनता किसान और मजदूरों के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से महंगा पड़ता है. साथ ही 50 साल के लोगों को जो पेंशन देने की घोषणा हुई है. वह सभी वर्गों के बेरोजगार व्यक्तियों के लिए करने का प्रावधान बजट में लाना चाहिए.

### चीजों के दाम में कमी हो : सुनील कुमार

सुनील कुमार स्वाइन (महासचिव, झारखंड लीगल एडवाजरी डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन) का कहना है कि झारखंड सरकार से आम लोगों की काफी अपेक्षाएं हैं. सरकार को अपने बजट में राज्य सरकार के टैक्स में छूट देते हुए खाद्य पदार्थों की चीजों में रिबेट देने का प्रावधान करना चाहिए. सरकार को राज्य सरकार से लगनी वाली टैक्स में कमी लाकर आम लोगों को राहत देने की सोचनी चाहिए. सरकार को पंचायत स्तर पर विकासोन्मुख योजनाएं बनानी चाहिए. स्कूल कॉलेज के साथ तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए. राज्य में रिक्त पड़े पदों पर बहाली होने चाहिए, जनसंख्या आधारित नीति बनानी चाहिए ताकि राज्य के अधिक से अधिक युवाओं को नौकरी मिल सके. आदित्यपुर में मास्टर डिग्री और लॉ कॉलेज खुलनी चाहिए. आदित्यपुर की आबादी को ध्यान में रखते हुए यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का भी व्यवस्था करनी चाहिए.

### चाईबासा

### युवाओं, महिलाओं के हित में हो बजट : बीर सिंह

चाईबासा कोर्ट के अधिवक्ता बीरसिंह बिरूली ने कहा कि चुनाव के पूर्व पेश होने वाला झारखंड सरकार का बजट काफी रोचक होने वाला है. हालांकि बजट लोक लुभावन न होकर युवाओं और महिलाओं के हित में हो तो ज्यादा अच्छा होगा. आदिवासी हितों का भी विशेष ध्यान दिया जाना चहिए. शिक्षा,स्वास्थ्य,कृषि के साथ बेरोजगारों के लिए भी बजट में प्रावधान होना चाहिए. शिक्षा को लेकर सरकार को गंभीरता से बजट को पास करना चाहिए. जब तक राज्य में शिक्षा मजबूत नहीं होगी. तब तक राज्य का विकास नहीं हो सकता है. किसानों के हित में निर्णय करने की जरूरत है. किसान दिन प्रतिदिन गरीब होते जा रहे हैं. उनके लिए विशेष योजना नहीं होने के कारण किसान परेशान हैं.

### बजट पहले बेहतर होना चाहिए : अनिल कुमार

चाईबासा कोर्ट के अधिवक्ता सह स्टेट बार काउंसलिंग के सदस्य अनिल कुमार महतो ने कहा कि इस बार का बजट कुछ बेहतर होना चाहिए. शिक्षा के क्षेत्र में अधिक बजट पास होना चाहिए. ताकि यहां के विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल हो सके. साथ ही न्यायालय में भी कई मामले लंबित पड़े हैं. जिसके चलते लोग परेशान हैं. सरकार को इस पर भी निर्णय लेते हुए अतिरिक्त बजट पास कर नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू करने की जरूरत है. जब तक न्यायालय में नियुक्तियां शुरू नहीं होगी. तब तक देश का विकास संभव नहीं है. इसे गंभीरता से लेकर इस मामले में अतिरिक्त बजट पास करने की जरूरत है.

# अनियंत्रित ऑनलाइन गेमिंग

ऑनलाइन गेमिंग एक संक्रामक रोग की तरह युवाओं की रचनाशीलता और सोचने की क्षमता को प्रभावित कर रहा है. हालांकि बदलती तकनीक संचालित दुनिया की अपनी संभावनाओं की भी सीमाएं हैं. बाजार के बदलते सरोकार से भी ऑनलाइन गेमिंग का गहरा संबंध है. परंपरागत मूल्यों के संरक्षण वाले देशों में ऑनलाइन स्वच्छंदता को ले कर अनेक विरोध मौजूद हैं. अनेक देशों ने इस संदर्भ में कड़े प्रतिबंधात्मक कदम उठाने के प्रयास तेज कर दिए हैं. भारत सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दायित्व और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 के मसौदा संशोधन में ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने के केंद्र सरकार के प्रस्तावित उपायों ने कई सवालों को अनुत्तरित ही छोड़ दिया है. स्व-नियामक निकाय की स्थापना, खिलाड़ियों से नो-योर-कस्टमर (केवाईसी) जानकारी का संग्रहण और कंपनी के भीतर शिकायत निवारण अधिकारी की नियुक्ति जैसे कुछ प्रस्तावित उपाय पहले से ही लागू हैं. ये ऐसे कदम हैं जिन्हें इन कंपनियों की नुमाईंदगी करने वाले उद्योग निकायों ने खुद बढ़ावा दिया है. केंद्र के प्रस्तावित मसौदे के मुकाबले तमिलनाडु जैसे राज्य और ज्यादा सख्त विनियमन चाहते हैं. खास तौर पर, असली पैसों की सट्टेबाजी के मामले में. केंद्र के मसौदे में यह साफ नहीं है कि राज्य अपनी तरफ से अतिरिक्त प्रतिबंध लगा सकते हैं या नहीं. अब तक गेमिंग उद्योग ने कानूनी तौर पर चुनौती देकर कई प्रतिबंधों को रोक दिया है. उद्योग का तर्क है कि यह खेल कौशल पर आधारित है, न कि तुक्केबाजी पर. इसलिए, असली सट्टेबाजी और इसमें मामूली अंतर है. जिन खेलों में दांव लगाने की जरूरत होती है, उन्हें भौतिक तौर पर खेलना या तो अंग्रेजों के जमाने से लागू सार्वजनिक सट्टेबाजी अधिनियम 1867 या फिर राज्यों के अपने सट्टेबाजी कानून के तहत, अब भी गैरकानूनी है. केंद्र सरकार को इस पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए कि जिस तरह इन खेलों को भौतिक तौर पर खेलने पर पाबंदी लगाने का अधिकार राज्यों को है, उसी तरह वे ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लगा सकते हैं या नहीं. हालांकि गेमिंग उद्योग के भीतर भारत के आर्थिक विकास को बढ़ाने की काफी क्षमता है, लेकिन इसके मजबूत विनियमन की भी उतनी ही जरूरत है. बात चाहे कौशल की हो या फिर तुक्केबाजी की, हर तरह के ऑनलाइन गेम का असर व्यक्ति और समाज के ऊपर पड़ता है. कम और लंबी, दोनों अवधियों के लिए. बहरहाल इस मसौदा संशोधन में ऑनलाइन गेम, सिर्फ सट्टेबाजी वाले प्लैटफॉर्म तक ही सीमित है. दुनिया भर के समाज युवा खिलाड़ियों पर वीडियो गेम के असर से जूझ रहे हैं और कुछ गेमर भी इसकी लत की गिरफ्त में आ सकते हैं. भारत में भी इस तरह के कदमों पर विचार करते समय, सावधानी और संयम बरतना चाहिए.

> बहरहाल इस मसौदा संशोधन में ऑनलाइन गेम, सिर्फ सट्टेबाजी वाले प्लैटफॉर्म तक ही सीमित है. दुनिया भर के समाज युवा खिलाड़ियों पर वीडियो गेम के असर से जूझ रहे हैं और कुछ गेमर भी इसकी लत की गिरफ्त में आ सकते हैं.

## सुभाषित

**परो अपि हितवान् बन्धुः बन्धुः अपि अहितः परः।**
**अहितः देहजः व्याधिः हितम् आरण्यं औषधम् ।।**


अगर कोई अपरिचित व्यक्ति आपकी सहायता करे तो उसे अपने परिवार के सदस्य की तरह ही महत्व दें. वहीं अगर आपका परिवार का व्यक्ति आपको नुकसान पहुंचाए तो उसे महत्व देना बंद कर दें. ठीक उसी तरह जैसे शरीर के किसी अंग में चोट लगने पर हमें तकलीफ पहुंचती है, वहीं जंगल की औषधि हमारे लिए फायदेमंद होती है.

# मजदूर सप्लाई केंद्र बन रहा भारत

**देश का प्रधानमंत्री एक मंदिर के सामने खड़ा होकर देशवासियों से वोट की भीख मांग रहा है. मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बदले वह देश के नागरिकों से एक अदद वोट चाहता है. एक लोकतांत्रिक मुल्क में यह अपने किस्म की अजूबी घटना है. यह काम उस राम के नाम पर किया जा रहा है, जिसके राज को आदर्श राज्य के तौर पर पेश किया जाता रहा है. राम राज्य का पैमाना ही प्रजा यानी जनता की खुशियों से नापा जाता था. जिस राज्य में कोई दुखी नहीं था. कोई दीन-हीन नहीं था.**



• देश-काल




महेंद्र मिश्र

यह अजीब विडंबना है कि देश के लोकतंत्र को 75 साल से ऊपर हो गए हैं. लेकिन जो पचहत्तर सालों में नहीं हुआ, वह इस दौर में देखने को मिल रहा है. देश का प्रधानमंत्री एक मंदिर के सामने खड़ा होकर देशवासियों से वोट की भीख मांग रहा है. मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बदले वह देश के नागरिकों से एक अदद वोट चाहता है. एक लोकतांत्रिक मुल्क में यह अपने किस्म की अजूबी घटना है. यह काम उस राम के नाम पर किया जा रहा है, जिसके राज को आदर्श राज्य के तौर पर पेश किया जाता रहा है. राम राज्य का पैमाना ही प्रजा यानी जनता की खुशियों से नापा जाता था. जिस राज्य में कोई दुखी नहीं था. कोई दीन-हीन नहीं था. हर शख्स पूरे स्वाभिमान के साथ जीवन जीता था. किसी तरह के ऊंच-नीच के भेदभाव की उसमें गुंजाइश नहीं थी. लेकिन क्या पीएम मोदी अपने 10 सालों के शासन में इन कसौटियों पर कहीं खरे उतरते हैं? देश पर कर्जे का बोझ इस कदर बढ़ गया है कि हर नागरिक की पीठ पर लाखों का कर्जा लद गया है. 2014 में जब मोदी जी सत्ता में आए थे तो देश पर कुल कर्जे का बोझ 55 लाख करोड़ रुपये था. इन 10 सालों में यही कर्जा बढ़कर अब 205 लाख करोड़ हो गया है. कर्ज लेकर घी पीने की कहावत तो हमने सुनी थी, लेकिन मोदी जी इसको चरितार्थ करते दिख रहे हैं. और ऊपर से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनामी बनने की बात भी बीच-बीच में दोहराते रहते हैं. अमूमन तो जिस ग्रोथ रेट से भारत आगे बढ़ रहा था उससे अपने आप उसका उस लक्ष्य तक पहुंचना तय था, लेकिन इस इकॉनामी में धन के वितरण की जो स्थिति है उसमें अमीरों की अमीरी बढ़ी और गरीबों की गरीबी बढ़ने के साथ ही उनकी संख्या भी उसी हिसाब से बढ़ गयी. और अब स्थिति यह है कि गरीबी की रेखा के नीचे जीवन जीने वालों की तादाद 22 फीसदी से ऊपर हो गयी है. धन का पूरा केंद्रीकरण ऊपर के 5 फीसदी हिस्से के हाथ में है. बाकी जनता पीएम मोदी के दिए जा रहे अनाज पर जिंदा रहने के लिए मजबूर है.

सरकार खुद अपने आंकड़ों और बयानों में बता रही है कि देश में 80 करोड़ लोग गरीब हैं और उन्हें अपने दो वक्त की रोटी के लिए सरकारी सहायता की दरकार है. अब कोई पूछ सकता है कि क्या कोई देश अपनी दो-तिहाई आबादी के गरीब रहते खुद के विकसित देश या फिर विश्व गुरु होने का दावा कर सकता है? यह बात वही कर सकता है, जिसको अर्थव्यवस्था की या तो रत्ती भर समझ नहीं है या फिर वह पूरी तरह से दिमागी तौर पर दिवालियापन का शिकार है. बेरोजगारी का आलम यह है कि इसने पिछले 45 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. लोगों ने अब रोजगार पाने की इच्छा ही त्याग दी है. नाउम्मीदी इस स्तर पर पहुंच गयी है. देश में अच्छे दिन लाने के वादे किये गए थे. 10 साल के बाद की स्थिति यह है कि 22 लाख से ज्यादा ऊपरी हिस्से के लोग देश छोड़कर विदेश में बस गए हैं. और उन्होंने देश में उफनते राष्ट्रवाद से हमेशा-हमेशा के लिए सलामी कर ली है. जिस सूबे को मॉडल बनाकर पीएम मोदी सत्ता में आए थे उसकी हकीकत अब पूरी दुनिया को पता चल रही है. देश भर को राष्ट्रवाद की घुट्टी पिलाने वाले इस सूबे के ऊपरी हिस्से के लोग येन-केन-प्रकारेण विदेश में बस जाने के लिए उद्यत हैं. फ्रांस में रोके गए विमान में आधे से ज्यादा लोग गुजराती थे, जो दुबई के रास्ते निकारागुआ पहुंचकर कनाडा या फिर मैक्सिको के रास्ते अमेरिका पहुंचना चाहते थे. ऐसा नहीं है कि इनमें कोई गरीब था. इन सभी ने न्यूनतम 30-70 लाख रुपये तक इसके लिए दे रखे थे. ये ऐसे लोग हैं जो इस देश में रहना ही नहीं चाहते हैं. क्योंकि इन्हें लगता है कि उनके लिए इस देश में कुछ नहीं रखा है.

मोदी सरकार इस हकीकत को जानती है. लिहाजा उसकी हरचंद कोशिश है कि इन मुद्दों पर कोई बहस ही न होने पाए. इसीलिए वह कभी मुस्लिम विरोध तो कभी राम मंदिर के एजेंडे को आगे उछालती रहती है. उसने देश में मुस्लिम विरोध का एक ऐसा नशा तैयार कर दिया है, जो उसके भक्तों की रोजाना की खुराक बन गयी है. और कश्मीर से लेकर असम और अयोध्या से लेकर दक्षिण के तमिलनाडु तक वह समय-समय पर इसको उद्गारती रहती है और इस बात की गारंटी करती है कि भक्तों को नियमित तौर पर इसकी खुराक मिलती रहे, जिससे उन्हें कतई होश में आने का मौका न मिले. राम मंदिर का निर्माण भी उसका इसी दिशा में एक बड़ा पड़ाव है. जिसके सहारे उसे चुनाव की वैतरणी पार करनी है. क्योंकि उसे पता है कि हकीकत अगर सामने आ गयी तो सरकार को लेने के देने पड़ जाएंगे. हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि भारत दुनिया के लिए मजदूर सप्लाई का केंद्र बन गया है. खुद को विश्व गुरु का तमगा देने वाली सरकार ने इजराइल, ग्रीस और इटली से इस तरह के समझौते किए हैं, जिसके तहत भारत से इन देशों में सस्ते दर पर काम करने वाले मजदूरों की सप्लाई की जाएगी. इजराइल ने अपनी कृषि समेत श्रम के तमाम क्षेत्रों से फिलिस्तीनियों को हाल में निकाला है. उसकी जगह पर उसने भारत से मजदूर लेने का फैसला किया है. इसी तरह का समझौता मोदी सरकार ने ग्रीस और इटली से भी किया है. एक समझौते के तहत 18 हजार मजदूर इटली भेजे जाने हैं. इस पूरी परिघटना ने एक बार फिर से अंग्रेजी शासन के दौर की गिरमिटिया मजदूरों की यादें ताजा कर दी हैं, जिसमें मजदूरी करने के लिए अंग्रेज यहां के गरीब मजदूरों को बड़ी तादाद में मरीशस से लेकर अफ्रीका के विभिन्न देशों में ले जाते थे.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## क्षणजीवी

किसी समय एक व्यापारी माल की बहुत सारी बैलगाड़ियां भर कर साथियों के साथ दुसरे देश में जा रहा था. उसने रास्ते में खर्चे के लिए फुटकर सिक्कों का बोरा एक खच्चर पर लाद रखा था. जंगल में चलते हुए फुटकर सिक्कों का वह बोरा किसी तरह से फट गया और उसमे से बहुत से सिक्के निकल कर बाहर गिर गए. इसका पता चलने पर उस व्यापारी ने अपनी सभी बैलगाड़ियों को रोक दिया और वो सिक्के इक्कठे करने लगा. साथ के रक्षकों ने उस व्यापारी से कहा "क्यों कौड़ियों के बदले अपने करोड़ों के माल को खतरे में डाल रहे हो ? यहां इस खतरनाक जंगल में डाकू व चोरों का बड़ा आतंक है, अतः बैलगाड़ियों को शीघ्र आगे बढ़ने दो. रक्षकों की उचित सलाह को अस्वीकार करते हुए उस व्यापारी ने कहा, "भविष्य का लाभ तो संदिग्ध है, ऐसी दशा में जो कुछ उपलब्ध है उसको छोड़ना उचित नहीं" और वह उन फुटकर सिक्कों को इकट्ठा करने में जुट गया. साथ के अन्य लोग और रक्षक उस व्यापारी के माल से भरी बैलगाड़ियों को वहीं छोड़, आगे बढ़ गए. व्यापारी सिक्कों को इकट्ठा करता रह गया और बाकी सभी साथी उस जंगल से चले गये. उस व्यापारी के साथ रक्षकों को न देखकर, डाकुओं ने उस पर हमला कर दिया और उसका सारा माल लूट लिया. उस व्यापारी की तरह जो मनुष्य तुच्छ सांसारिक सुखों में आसक्त होकर मोक्ष प्राप्ति के सारे उपाय छोड़ देते हैं, वे संसार में अनंतकाल तक भ्रमण करते हुए वैसे ही दुखी होते हैं जैसे कौड़ियों के लोभ में, करोड़ों की संपत्ति लुटा देने वाला वह व्यापारी. जो अच्छे कर्म के अच्छे प्रतिफल के बारे में शंकित रहते है और येन केन उपलब्ध कैसे भी कर्मों से मजा उठाने की विचारधारा में ही जीते है, उनकी दशा इस व्यापारी के सम होती है. वे शाश्वत सुख के अस्तित्व से संदेहग्रस्त होकर क्षणिक सुख के प्रलोभन में मदहोश हो जाते हैं. इसलिए अपना लक्ष्य शाश्वत सत्य को ही निर्धारित करना चाहिए. उसे प्राप्त करने में बहुत सारी कठिनाइयां आ सकती हैं, मोह-ममता की बेड़ियां भी कदमों को रोकने की कोशिश कर सकती हैं, लेकिन उन्हें परे करते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहिए.

# महिला शिक्षा को ले कर नकारात्मकता

• आधी आबादी

निशा

किशोरियों को भी उचित मंच दिया जाए तो वे बखूबी अपनी आवाज़ बुलंद कर सकती हैं. इसका उदाहरण शहरी क्षेत्र है, जहां किशोरियां विकास के हर क्षेत्र में बराबर का योगदान दे रही हैं. ऐसे में ज़रूरी हो जाता है कि ग्रामीण समाज किशोरियों के प्रति अपनी संकुचित मानसिकता से बाहर निकले और लड़कियों को भी पढ़ने-लिखने से लेकर अपने फैसले खुद करने की आज़ादी दे. 2023 राजनीतिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टिकोण से भारत के लिए ऐतिहासिक रहा है. धरती से लेकर अंतरिक्ष तक भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है. लगभग हर क्षेत्र में भारत पहले से बदल गया है. लेकिन अगर किसी चीज़ में बदलाव नहीं आया है तो वह है महिलाओं और किशोरियों के प्रति समाज की सोच. भले ही 21वीं सदी का लगभग एक चौथाई हिस्सा गुजरने को है, लेकिन महिलाओं और किशोरियों के प्रति पुरुषसत्तात्मक समाज अपनी सोच को बदलने के लिए तैयार नहीं है. वह आज भी परंपरा और संस्कृति के नाम पर उन्हें चारदीवारी के पीछे खड़ा देखना चाहता है. भले ही शहरी क्षेत्रों में ऐसी सोच अब कम होने लगी है, लेकिन ग्रामीण भारत की सामाजिक स्थिति में ज़्यादा बदलाव नहीं आया है. यहां समाज आज भी महिलाओं और किशोरियों के प्रति वही पुरानी सोच का हिमायती है जहां वह उन्हें सामाजिक बेड़ियों में ही बंधे देखना चाहता है. शहर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में जहां परिवर्तन आने लगा है, वहीं देश के दूरदराज़ ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक ताने-बाने में बहुत अधिक बदलाव नहीं आया है. इसकी एक मिसाल पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का दूरदराज़ गांव जगथाना है. कपकोट ब्लॉक से करीब 30 किमी और जिला बागेश्वर से करीब 35 किमी दूर यह गांव सामाजिक और आर्थिक रूप से पीछे रहने के साथ-साथ वैचारिक रूप से भी पिछड़ा हुआ है. इस गांव में आज भी महिलाओं को अपनी मर्जी से जीने का अधिकार नहीं है. जहां लड़कों को वंश का उत्तराधिकारी तो लड़कियों को बोझ समझा जाता है. इन क्षेत्रों में महिला समानता से अधिक रूढ़िवादी धारणाएं हावी हैं. लड़कियों की तुलना में लड़कों को प्राथमिकता दी जाती है. उसके लिए शिक्षा के विशेष प्रयास किये जाते हैं, जबकि लड़कियों के सपनों को घर की चारदीवारियों तक सीमित कर दिया जाता है. उसे पढ़ाई करने के लिए भी स्कूल कम ही भेजा जाता है, जबकि लड़कों की शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है. हालांकि नई पीढ़ी की किशोरियां अब इस सोच पर सवाल उठाने लगी हैं. इस संबंध में गांव की एक 16 वर्षीय किशोरी पूजा प्रश्न करती है कि आखिर एक महिला को उसके अधिकारों से वंचित क्यों रखा जाता है? लड़कियों को पढ़ने और आगे बढ़ने से क्यों रोका जाता है? समाज उसे बोझ क्यों समझता है? जबकि समाज निर्माण में उसकी भूमिका पुरुषों से कहीं अधिक होती है? लड़के से वंश आगे बढ़ाने का सपना देखने वाला यही समाज भूल जाता है कि उस वंश की नींव एक औरत ही रखती है. इसके बावजूद समाज लड़कियों को बोझ समझता है और उसे कोख में ही मार देना चाहता है? ऐसा नहीं है कि पितृसत्तात्मक समाज में किशोरी शिक्षा के प्रति नकारात्मक सोच केवल पुरुषों की है, बल्कि जागरूकता के अभाव में कई महिलाएं भी लड़कियों की शिक्षा के प्रति उदासीन नज़र आती है. गांव की 48 वर्षीय चंपा देवी कहती हैं कि आखिर लड़कियों को इतना पढ़ा-लिखा कर क्या करना है? एक दिन तो उन्हें पराया घर जाकर खाना ही पकाना है. ऐसे में अच्छा है कि हम उनकी शिक्षा पर खर्च करने से अधिक उनकी दहेज़ पर पैसा खर्च करें. वह जितना अधिक दहेज़ लेकर जाएंगी, ससुराल में उनका मान उतना ही बढ़ेगा. दरअसल चंपा देवी की यह सोच किशोरियों के प्रति समाज की नकारात्मक सोच को उजागर करता है. जिसे बदलने की ज़रूरत है. समाज को इस बात के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है कि सभ्य समाज के निर्माण में लड़कियों की लड़कों के बराबर भूमिका है. इससे न केवल विकास में संतुलन पैदा होता है बल्कि यह महिला हिंसा को भी ख़त्म करता है. यदि किशोरियों को भी उचित मंच दिया जाए तो वह बखूबी अपनी आवाज़ बुलंद कर सकती हैं. इसका उदाहरण शहरी क्षेत्र है जहां किशोरियां विकास के हर क्षेत्र में बराबर का योगदान दे रही हैं. ऐसे में ज़रूरी हो जाता है कि ग्रामीण समाज किशोरियों के प्रति अपनी संकुचित मानसिकता से बाहर निकले और लड़कियों को भी पढ़ने-लिखने से लेकर अपने फैसले खुद करने की आज़ादी दे.

> 2023 राजनीतिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टिकोण से भारत के लिए ऐतिहासिक रहा है. धरती से लेकर अंतरिक्ष तक भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है. लगभग हर क्षेत्र में भारत पहले से बदल गया है. लेकिन अगर किसी चीज़ में बदलाव नहीं आया है तो वह है महिलाओं और किशोरियों के प्रति समाज की सोच.

# कम ही है अर्थव्यवस्था में सुधार की संभावना

• आर्थिकी

अंजन

आर्थिक पूर्वानुमान हमेशा खतरनाक होता है. वर्तमान परिदृश्य में तो यह और भी अधिक प्रासंगिक है. भविष्य को लेकर हमेशा कई तरह की अनिश्चितताएं बनी रहती हैं, लेकिन वर्तमान में ये विविध हैं. वास्तव में कोई नहीं जानता कि अगले सप्ताह में क्या होगा, आने वाले वर्ष की तो बात ही छोड़ दें. एक नमूना लीजिए. यह अनुमान लगाना किसी भी तरह संभव नहीं है कि गाजा युद्ध का स्वरूप क्या होगा. क्या यह मध्य पूर्व के क्षेत्र में अधिक व्यापक रूप से फूटेगा या वर्तमान युद्ध अंततः एक स्थायी समाधान की ओर ले जायेगा. इसी तरह, यूक्रेन युद्ध में भी अनिश्चितता बनी हुई है. रूस ने अचानक यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिये हैं. शायद, यह यूक्रेन द्वारा क्रीमिया में नौसैनिक प्रतिष्ठानों पर विनाशकारी हमले से प्रेरित था, जिसमें रूस का एक युद्धपोत डूब गया था. साथ ही, जमीनी युद्ध कहीं नहीं जा रहा है और न ही रूस और न ही यूक्रेन कोई महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है. चीनी अर्थव्यवस्था में मंदी के स्पष्ट संकेत दिख रहे हैं. अर्थव्यवस्था अपने आवास और रियल एस्टेट क्षेत्र में व्यापक रुकावट के कारण संकट में है. डर है कि बड़े पैमाने पर प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण आवास वित्त कंपनियां डिफॉल्टर हो जायेंगी.

ताइवान को लेकर चीन का डर मानो बढ़ता ही जा रहा है. चीन अपना अभियान तेज़ कर रहा है और चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है. यूक्रेन को परेशान करने में रूस की नवीनतम सफलताओं से उत्साहित होकर, चीन अमेरिकी प्रतिक्रियाओं और भागीदारी को शामिल करते हुए ताइवान को भी धमकियां दे सकता है. इनमें से कोई भी अप्रत्याशित घटना ऐसी ताकतों को ट्रिगर कर सकती है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के मौजूदा संतुलन और विकास की गति को बिगाड़ सकती है. यह केंद्रीय बैंकों के साथ-साथ नीति निर्माताओं के लिए भी प्रमुख चिंता का विषय है. कई मायनों में मुद्रास्फीति में ताजा उछाल वैश्विक आर्थिक संभावना के लिए सबसे बड़ा झटका होगा. लगभग एक दशक तक स्थिर और कम कीमतों के बाद, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ रही है. कई अर्थशास्त्रियों ने मुद्रास्फीति को अतीत की चिंता बताया था और कम मुद्रास्फीति का युग शुरू हो गया था. अमेरिकी मुद्रास्फीति बढ़ रही थी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने परिभाषित मुद्रास्फीति प्रवृत्तियों के सामने बढ़ती दर चक्र शुरू कर दिया था. अमेरिका में मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से अधिक हो गई थी और कुछ समय के लिए यह 8 प्रतिशत तक पहुंच गई थी. युद्ध की समाप्ति के बाद से मुद्रास्फीति का ऐसा स्तर नहीं देखा गया. फिर बढ़ते दर चक्र और कुछ अन्य कारकों के साथ, मुद्रास्फीति कम होने लगी.पिछले कुछ समय से अर्थशास्त्रियों के बीच यह चर्चा चल रही थी कि क्या बढ़ती मुद्रास्फीति और फेड के मुद्रास्फीति विरोधी पैकेज के साथ, अमेरिकी मंदी से बच सकता है. वास्तव में, यह मंदी शब्द अब अर्थशास्त्रियों के बीच सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है. क्या मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई के बाद अमेरिका मंदी से बच पायेगा? अमेरिका में मंदी निश्चित रूप से वैश्विक अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को खत्म कर देगी और एक दूसरे से जुड़ी दुनिया में हर कोई प्रभावित होगा. सौभाग्य से, अब तक, संयुक्त राज्य अमेरिका मंदी से बचा हुआ था और श्रमिक बेरोजगारी अब भी बहुत निचले स्तर पर है. अर्थशास्त्री यह परिभाषित करने की कोशिश कर रहे हैं कि अमेरिका ने मंदी से कैसे बचा लिया और फिर भी ब्याज दरें बढ़ा दी गईं. वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए दूसरा खतरा चीन से है. चीन की अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है. चीनी दुश्मन के साथ 8 फीसदी और उससे अधिक की वृद्धि के उन दिनों को भूल जाइये. अब चीन की अर्थव्यवस्था 5 फीसदी से भी कम बढ़ने का अनुमान है. इन आधिकारिक कदमों ने चीन में उद्यमिता की भावना का गला घोंट दिया है. इन कदमों ने चीनी प्रौद्योगिकी क्षेत्र को सबसे बुरी तरह प्रभावित किया है, जहां कुछ प्रमुख प्रवर्तकों की छंटनी कर दी गई है और उनकी पहल रोक दी गई है. इनमें से कोई भी अप्रत्याशित घटना वित्तीय बाज़ारों में प्रतिक्रिया उत्पन्न कर सकती है और इसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर धन का प्रवाह हो सकता है. अमेरिका में अनिश्चितता के परिणामस्वरूप उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से धन की निकासी होगी. ऐसी पूंजी उड़ानों का विदेशी मुद्रा बाजारों के माध्यम से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में कई गुना प्रभाव हो सकता है.

> सौभाग्य से, अब तक, संयुक्त राज्य अमेरिका मंदी से बचा हुआ था और श्रमिक बेरोजगारी अब भी बहुत निचले स्तर पर है. अर्थशास्त्री यह परिभाषित करने की कोशिश कर रहे हैं कि अमेरिका ने मंदी से कैसे बचा लिया और फिर भी ब्याज दरें बढ़ा दी गईं. वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए दूसरा खतरा चीन से है. चीन की अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है.

## मीडिया में अन्यत्र

# औषधि युद्ध : रोगाणुरोधी प्रतिरोध



बचाव, इलाज से बेहतर होता है, लेकिन चिकित्सा से जुड़े चलन में इस कहावत के चरम इस्तेमाल से रोगियों को ठीक करने के वास्ते इलाज करने का मकसद ही खटाई में पड़ सकता है और यहां तक कि यह कवायद नुकसानदायक भी साबित हो सकता है. एंटीबायोटिक दवाओं के रोगनिरोधी इस्तेमाल के संदर्भ में, इससे पैदा होने वाला रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) घातक साबित होगा. स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र द्वारा कराए गए 'भारत में 20 एनएसी-नेट साइटों पर एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल से संबंधित पहला बहुकेंद्रित बिंदु प्रसार सर्वेक्षण 2021-22' ने चौंकाने वाले आंकड़े सामने लाए हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने उन बारीक अहम समस्याओं को रेखांकित किया है, जिन्हें विशेषज्ञों द्वारा सालों से इंगित किया जाता रहा है. कुल 15 राज्यों और दो केंद्र-शासित प्रदेशों के तृतीयक देखभाल वाले अस्पतालों में 70 फीसदी से ज्यादा रोगियों को एंटीबायोटिक दवाओं का नुस्खा दिया गया. नुस्खे के तौर पर दिए गए इन 50 फीसदी से ज्यादा एंटीबायोटिक दवाओं में एएमआर की स्थिति पैदा करने की क्षमता थी, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण खुलासा यह था कि सर्वेक्षण में शामिल 55 फीसदी रोगियों को रोग निरोधक (प्रोफिलैक्सिस) के रूप में या निवारक के रूप में एंटीबायोटिक दवाएं दीं गईं थीं. मात्र 45 फीसदी को वास्तव में संक्रमण के इलाज के लिए एंटीबायोटिक दवाएं दीं गई थीं. इनमें से केवल छह फीसदी को विशिष्ट बैक्टीरिया की पहचान करने के बाद दवाएं दी गईं. एएमआर की स्थिति तब पैदा होती है, जब रोगजनक दवाओं के खिलाफ खुद को मजबूत करते हुए विकसित होते हैं और रोगाणुरोधी दवाओं के असर में आना बंद कर देते हैं. यों तो निरंतर विकसित होते रहना रोगजनकों की प्रकृति होती है, लेकिन खराब चिकित्सा और पशुपालन संबंधी कार्यप्रणालियों की वजह से यह संकट लगातार बढ़ता ही जा रहा है. जैसा कि सर्वेक्षण से पता चला है, यह दरअसल रोगाणुरोधी दवाओं का दुरुपयोग व जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल ही है, जो दवा-प्रतिरोधी रोगजनकों के विकास की वजह बनता है, **(द हिंदू)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### मति/मती

**मेरी** मति मारी गयी थी, जो मैंने उस फरेबी से दोस्ती कर ली. मति का मारा जाना एक प्रचलित मुहावरा है. बात-बात में इस मुहावरे का प्रयोग किया जाता है. मति मारे जाने का मतलब निर्बुद्धि की तरह काम करना, बुद्धिनाश होना. यह मुहावरा जिस शब्द से बना है, वह है मति. हिंदी शब्दकोशों के अनुसार मति तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका मतलब है प्रज्ञा, अक्ल, बुद्धि, समझ, इच्छा, ईहा, ख्वाहिश, कामना, अभिप्राय, याद, स्मृति, सदृश. रोकने के लिए मति शब्द का प्रयोग कुछ क्षेत्रों में लोग करते हैं. जैसे वहां मति जाओ. मति शब्द से अनेक शब्द बने हैं, जैसे मतिगति यानी विचारधारा, विचारसरणी, सोचने का ढंग. मतिभंग यानी मति या बुद्धि को नष्ट करनेवाला, मतिभ्रंश यानी सोचने समझने की शक्ति या बुद्धि असमर्थता, बुद्धभ्रंश, पागलपन. मतिभ्रांत यानी मंदबुद्धिवाला, कम अक्ल, भ्रमित. मतिमंद यानी मंदबुद्धि, नासमझ, कम बुद्धि रखनेवाला. मतिमान यानी जिसमें मति हो, बुद्धि हो, बुद्धिमान, समझदार, ज्ञानी. मतिहीन यानी कमअक्ल, बुद्धिहीन, विवेकहीन, अज्ञानी, मूर्ख. दूसरा वाक्य देखिए- मोहन सनातन धर्म का मती है. यह मती शब्द सुनने पर मति जैसा ही लगता है, लेकिन अर्थ के दृष्टिकोण से अलग है. इन दोनों के बीच एक और अंतर यह भी है कि एक के 'त' में ह्रस्व और दूसरे के 'त' में दीर्घ 'इ' की मात्रा लगी है. शब्दकोशों के अनुसार 'मती' शब्द भी तत्सम है. इसका विशेषण के रूप में अर्थ है 'मत' या विचार रखनेवाला, किसी मत या संप्रदाय का अनुयायी. संज्ञा स्त्रीलिंग के रूप में मती शब्द का मतलब है सामर्थ्य, अगर कोई बुद्धि की सामर्थ्य रखनेवाली हो तो उसे बुद्धिमती कहते हैं. इस प्रकार श्री में समर्थ होने पर किसी महिला को श्रीमती कहा जा सकता है. हालांकि यह शब्द तब पत्नी के अर्थ में रूढ़ हो जाता है, जब श्रीमती के साथ 'जी' जुड़ जाता है. किसी विवाहित महिला को सम्मान देने के लिए नाम के साथ श्रीमती शब्द जोड़ा जाता है.

# श्रद्धा पूर्वक सुनिए श्री भ्रष्टाचार की कथा

• तीर-तुक्का

अशोक गौतम



जिसकी कथा के स्मरण मात्र से मनुष्य कंगाली से छूट माला माल हो जाता है उस भ्रष्टाचार को नमस्कार ! हे महामते! इसलिए तुम्हें भ्रष्टाचारियों पर सपने में भी क्रोध नहीं करना चाहिए. क्योंकि आज के दौर में भ्रष्टाचार ही यश है, वह ही जुर्म करवाने वाला और सजा से रक्षा करने वाला है. संपूर्ण जीवन भी यह भ्रष्टाचार ही है. तभी आज सभी सीना चौड़ाकर भ्रष्टाचार में रत हैं. आज कोई देवता भी इसे शाप देकर इस देश से इसे बहिष्कृत नहीं कर सकता. भ्रष्टाचार सर्वव्यापी होने के कारण किसी के भीतर नहीं है. इसकी कोई सीमा नहीं है, इस दृष्टि से देखने पर यह सदा ही सब धंधों से परे है. हे विप्रगणों! जो तन मन से करप्ट हो दिखावा साधु होने का करते हैं, जो कलियुग में इस भ्रष्टाचार कथा का रसास्वादन करे या इसकी कथा निष्ठा से करते हैं, उन्हें, उनकी आने वाली कई पीढ़ियों को स्वर्ग और मोक्ष दोनों प्राप्त होंगे- इसमें तनिक भी संदेह नहीं. भ्रष्टाचार की कथा तुरंत फलदायी है. जो सदा भ्रष्टाचार की कथा का पाठ करते हैं वे धन्य हैं. जिन्होंने भ्रष्टाचार न छोड़ पद छोड़ दिए, ईमानदारी को दग्ध कर डाला, उन परमादरणीय भ्रष्टाचारियों की महिमा का वर्णन कौन कर सकता है? भ्रष्टाचार कथा का पाठ करने से चोर भी साधुपरागामी हो जाता है. कायर हर फील्ड में विजय पाता है, नालायक हर साक्षात्कार में सफल होता है, अफसर चांदी कूटता है, दिवालिए दिमाग वाला अपार बुद्धि पा बुद्धिजीवी हो जाता है. अधर्म की इच्छा करने वाला पलक झपकते ही करंट धर्म को पाता है, ठेकों की इच्छा रखने वाला देखते ही देखते ठेकों को पा देश के निर्वाण में दिन रात जुटा रहता है. हे नागरिकों! जो ब्रह्म मुहूर्त में उठकर सबसे पहले शुद्ध मन से भ्रष्टाचार देव का ध्यान कर भ्रष्टाचार कथा का भली प्रकार पाठ करता है, वह समाज के जागने से पहले ही सम्माननीय हो जाता है. देवता भी उसके दर्शन को लालायित रहते हैं. वे तबतक मंदिर में प्रवेश नहीं करते जब तक वह उनके मंदिर के द्वार नहीं खोलता. उसका आशीर्वाद पा नाली का कीड़ा भी समाज में दस दस सिर लगा निर्भय विचरण कर सरकारी जमीन पर सरेआम कब्जा करता है, उसको कानून से डरने की कोई आवश्यकता नहीं होती. चाहे कोई कितना ही हल्का क्यों न हो, भ्रष्टाचार कथा के नियमित पाठ से वह आरोग्यवान्, बलवान, वीर्यवान, सर्वगुण संपन्न हो जाता है. कानून से छुप छुप कर जीने वाला कानून की सलाम लेते लेते थक जाता है. जो भक्ति संपन्न होकर भ्रष्टाचार कथा में कहे का विधि विधान, पूरी निष्ठा के साथ प्रतिदिन स्तुति करता है, वह शीघ्र ही समस्त संकटों से पार हो उच्च पद को प्राप्त करता है.

# लाइफ लाइन

रिसर्च रिपोर्ट

## कोविड-19 के कारण हो सकता सिजोफ्रेनिया!



कोविड-19 से संक्रमित व्यक्ति में सिजोफ्रेनिया की आशंका बढ़ जाती है. हाल के एक रिसर्च में इस बात का खुलासा हुआ है. बता दें कि सिजोफ्रेनिया एक मनोरोग है जिससे पीड़ित व्यक्ति को ऐसी चीजें दिखाई या सुनाई देती हैं, जिसकी वास्तविकता से कोई संबंध नहीं होता. इस विकार से ग्रस्त व्यक्ति सामाजिक व व्यावसायिक दोनों ही प्रकार से परेशानी का सामना करते हैं.

### क्या है शोध रिपोर्ट

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित ताजा अध्ययन में, अमेरिका के वेस्ट वर्जीनिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लोगों को कोविड-19 संक्रमण हुआ था, उनमें सिजोफ्रेनिया से पीड़ित होने की संभावना उन लोगों की तुलना में चार गुना ज्यादा थी, जो इस वायरस से संक्रमित नहीं थे. अध्ययन में क्लोज़ापाइन थेरेपी लेने वालों के लिए टीकाकरण रणनीतियों की सावधानीपूर्वक जांच की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया है. स्टडी में ये बात भी सामने आई कि युवा व्यक्तियों को कोविड-19 से संक्रमित होने के बाद सिज़ोफ्रेनिया स्पेक्ट्रम और मानसिक विकार का खतरा बढ़ जाता है.

जाहिर है कि नई स्टडी डराने वाली है. नए स्टडी की मानें तो कोविड-19 आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है. इससे पहले कोविड 19 से हृदय आदि प्रभावित होने की बात सामने आई थी.

## पैकेट बंद जूस-कोल्ड ड्रिंक से हो सकता है लिवर कैंसर



कोक, कोल्ड ड्रिंक, डिब्बा बंद आर्टिफिशियल जूस, पैक्ड शर्बत...यह सब लिवर कैंसर के कारक हो सकते हैं. पिछले दिनों हुए एक शोध में इसका खुलासा हुआ है.

### क्या है शोध रिपोर्ट

जर्नल ऑफ अमरीकन मेडिकल एसोसिएशन में प्रकाशित एक शोध में कहा गया है कि जो महिलाएं रोजाना मीठा पेय (कृत्रिम पेय) अधिक पीती हैं तो उनमें लिवर से जुड़े कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है. इस शोध में करीब 98,786 पोस्ट मेनोपॉजल महिलाओं को शामिल किया गया था. शोध में करीब 20 वर्ष के डेटा का अध्ययन किया गया है. शोधकर्ताओं का कहना है कि लिवर कैंसर और किडनी क्रॉनिक डिजीज की सीधा संबंध मृत्युदर से भी है.

## काम की है आयुर्वेदिक की यह जड़ी बूटी हरड़



सर्दियों के मौसम में चूंकि हम शारीरिक रूप से कम सक्रिय रहते हैं, ऐसे में कब्जियत की समस्या आम है. कब्जियत दूर करने के लिए आयुर्वेद में कई औषधियों का उपयोग किया जाता है. इन्हीं में से एक है हरड़. इसे हरीतकी भी कहा जाता है, एक प्रसिद्ध जड़ी-बूटी है. यह त्रिफला में पाए जाने वाले तीन फलों में से एक है. भारत में इसका इस्तेमाल घरेलू नुस्खों के तौर पर खूब किया जाता है. आयुर्वेद में तो इसके कई चमत्कारिक फायदे बताए गए हैं. कब्ज ही नहीं, हरड़ कई अन्य बीमारियों के लिए भी कारगर है.

### कई रोगों में असरकारक

हरड़ का सेवन रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता को बढ़ाता है. इसमें एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं. यह आयरन, मैंगनीज, कॉपर, मैग्नीशियम, प्रोटीन से युक्त होता है. कब्ज. पेट फूलना, अपच जैसी पाचन की दिक्कतों में हरड़ खाना फायदेमंद होता है. गैस की परेशानी को प्राकृतिक तौर पर दूर करना चाहते हैं तो हरड़ का सेवन प्रारंभ कर दें. नियमित रूप से हरड़ का सेवन आपके पाचन तंत्र को सुधार सकता है. उल्टी में भी यह राहत दिला सकता है. दस्त होने पर हरड़ की चटनी बनाकर सेवन करें, राहत मिलेगी. यह पित्त के संतुलन को तो बनाए रखता ही है, साथ ही यह कफ और वात संतुलन को भी बनाकर रखता है.

### ऐसे करें इस्तेमाल

हरड़ को भूनकर उसका पाउडर बनाकर रख लें या किसी आयुर्वेदिक कंपनी का हरड़ का चूर्ण खरीद लें. रात में सोते वक्त इस पाउडर को गुनगुने पानी के साथ सेवन करें. एक कप गर्म पानी में 1-3 ग्राम हरड़ का सेवन आपको पाचन संबंधी परेशानियों में राहत दिला सकता है.

## बुझती जिंदगी को संजीवनी देता है वेंटिलेटर

*आज भी वेंटिलेटर का नाम सुनते ही लोगों के रूह कांप जाते हैं. लगता है कि कहानी ख़त्म, अब पेशेंट की आखिरी घड़ी आ गई है और अब बचने की संभावना बिल्कुल नहीं है. जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है. मैकेनिकल वेंटिलेशन आधुनिक मेडिकल साइंस में एक महत्वपूर्ण जीवन रक्षक का रोल निभाता है. यह एक लाइफ सपोर्ट सिस्टम है.*



डॉ एके श्रीवास्तव
कंसलटेंट फिजीशियन, छाती व गहन रोग विशेषज्ञ



मैकेनिकल वेंटिलेटर एक मशीन है जो इलेक्ट्रिसिटी और बैटरी से चलता है और जिसके द्वारा स्वांस को बाहर से सपोर्ट किया जाता है. आप ऐसे समझें कि यदि किसी भी कारण से ऑक्सीजन की कमी हो रही हो तो हम ऑक्सीजन मास्क (या नेज़ल कैनुला) से ऑक्सीजन देते हैं यानी यह एक श्वसन सपोर्ट सिस्टम है. वैसे ही जब कोई व्यक्ति इतना बीमार या बेहोश हो जाता है कि वो ठीक से सांसे नहीं ले पा रहा हो या रेस्पिरेशन पर्याप्त नहीं हो रही हो जिसे हम रेस्पिरेटरी फेलियर (स्वांस तंत्र विफल होना) कहते हैं. ऐसी स्थिति में मैकेनिकल वेंटिलेटर का सहारा लेना पड़ता है. वेंटीलेटर के द्वारा नियंत्रित रूप से मरीज़ को बाहर से सांसे दी जाती हैं. यह इन्वेसिव पॉजिटिव प्रेशर वेंटिलेशन कहलाता है.

**नॉन-इन्वेसिव पॉजिटिव प्रेशर वेंटिलेशन भी एक प्रकार का रेस्पिरेटरी सपोर्ट सिस्टम है जिसमें बाइपेप मशीन द्वारा क्लोज्ड मास्क के रास्ते स्वास को पर्याप्त प्रेशर से सपोर्ट किया जाता है.**

### ऐसे करता काम

इन्वेसिव वेंटिलेशन में वेंटिलेटर लगाने के लिए मरीज़ को एनेस्थीसिया दे कर मुंह के रास्ते स्वास नली (ट्रेकिआ) में पीवीसी की एक ट्यूब (इंडोट्रेकियल ट्यूब) डाली जाती है और उसे बलून-नुमा एयर कफ़ से लॉक कर के फ़िक्स किया जाता है. ट्यूब के बाहरी छोर को मशीन के सर्किट ट्यूबिंगस से जोड़ दिया जाता है. इस स्थिति में मरीज़ को सुप्तावस्था में रखा जाता है. मरीज़ न कुछ बोल पाता है (वोकल कॉड्र्स के रास्ते में ट्यूब होने की वजह से) और न ही खा पाता है (मुंह के रास्ते ट्यूब होने की वजह से). मरीज़ को इस स्थिति में राइल्स ट्यूब (नाक के रास्ते खाने की नली में पतली पीवीसी ट्यूब) से तरल पदार्थ के रूप में न्यूट्रिशन (इंटेरल दी जाती है. इसके अलावे इंट्रा-वीनस (वेन में) सलाइन तथा परेन्ट्रल न्यूट्रिशन भी दी जाती है.

### खुद चेक कीजिए

वेंटीलेटर के साथ स्वासों की सिंक्रोनी (तालमेल) सही बैठेगी तभी वांछित रेस्पिरेशन दी जा सकेगी. पेशेंट वेंटीलेटर के ब्रेथ के साथ फाइट न करे इसलिए उसे प्रायः सुला कर या गम्भीर स्थिति में अनेस्थेसिया दे कर रखा जाता है. इससे कई बार परिजनों को हैरानी होती है और उन्हें शक होने लगता है कि क्या मेरा पेशेंट ज़िंदा भी है कि नहीं. खास कर के फिल्मों व मीडिया द्वारा कुछ अनुचित चित्र प्रस्तुत करने से परिजनों में भ्रम व अविश्वास अधिक फैला है. उस स्थिति में आप मरीज़ के गले की साइड वाली कैरोटिड आर्टरी की पल्स चेक कर सकते हैं जो दिल की धड़कन को बयां करती हैं. मॉनिटर में चलते हुए हार्ट रिदम को भी देख सकते हैं.

### भ्रामक हैं ये बातें

हालांकि यह मेडिकली प्रूवन फैक्ट है कि यदि किसी भी मरीज़ की मृत्यु हो जाए तो 3 से 5 घण्टे में राइगर मोर्टिस यानी शरीर में अकड़न होने लगेगी. उसे छुपाया नहीं जा सकता है. राइगर मोर्टिस के दौरान किसी वेंटीलेटर से भी रेस्पिरेशन सम्भव नहीं है क्योंकि फेंफड़े और सीने में भी अकड़न आ जाती है. एक बात बहुत कुख्यात है कि "डॉक्टर/हॉस्पिटल ने मृत पेशेंट को वेंटिलेटर पर रखा हुआ है." यह सम्भव ही नहीं है. मृत पेशेंट का हृदय नहीं चलता, कोई पल्स महसूस नहीं होती, आंखों की पुतलियां रोशनी डालने पर सिकुड़ती नहीं, कोई रिफ्लेक्स नहीं दिखेगा. जबकि कुछ पेशेंट बिना एनेस्थेसिया के सुप्त रहते हैं यानी कोमा में रहते हैं और कोमा वाले पेशेंट को किसी हाल में मृत नहीं कहा जा सकता. इसलिए फैंसी मीडिया के बहकावे में न आएं, अपनी आंखें खोल कर आकलन करें और सुनिश्चित रहें कि किसी भी मृत व्यक्ति को वेंटिलेटर में नहीं रखा जा सकता है.

### एबीजी की टेस्ट

वेंटिलेशन और रेस्पिरेटरी फंक्शन कैसा चल रहा है इसे आकलन करने के लिए आर्टेरियल ब्लड गैस एनालिसिस यानी एबीजी की टेस्ट रोज़ की जाती है. जब पेशेंट की मूल बीमारी ठीक होने लगती है या/और रेस्पिरेट्री फंक्शन इम्प्रूव होने लगता है तो धीरे धीरे मशीन के मोड/सेटिंग्स में बदलाव ला कर, पैरामीटर्स को डाउन कर के देखा जाता है. इसे वीनिंग कहते हैं. जैसे-जैसे पेशेंट की अपनी सांस की क्षमता बढ़ती जाती है या रेस्पिरेट्री फेलियर ठीक होता जाता है वैसे-वैसे वेंटीलेटर को वीन किया जाता है और फिर इंडोट्रेकियल ट्यूब निकाल दिया जाता है और वेंटिलेटर हटा दिया जाता है. वीनिंग के दौरान एक्सट्यूबेशन के लिए मरीज़ की चेतना, मांसपेशियों की ताकत, हीमोडायनामिक स्टेबिलिटी इत्यादि का ध्यान रखा जाता है.

### ये कंप्लीकेशन्स

आधुनिक क्रिटिकल केअर या इंटेंसिव केअर के दौर में मैकेनिकल वेंटिलेशन उपचार में सपोर्ट का बहुत ही आम और महत्वपूर्ण तरीका है. रोज़ कई सारे पेशेंट्स इंट्यूबेट होते हैं और बहुत सारे एक्सट्यूबेट भी होते हैं. हां कुछ कंप्लीकेशन्स अवश्य संलग्न हो सकते हैं जैसे वेंटीलेटर असोसिएटेड निमोनिया, वीनिंग फेलियर, मशल वेस्टिंग, स्ट्रेस अल्सर, डीप वेन थ्रोम्बोसिस, बेड सोर, ट्रेकियल स्टेनोसिस, साइकोसिस इत्यादि. हालांकि उचित देख-रेख और प्रीकॉशन्स से इन सब से मरीज़ को बचाया जा सकता है. आखिरी में एक बात जान कर शायद आप आश्चर्य करेंगे कि जितने भी सर्जरी जनरल अनेस्थेसिया में होते हैं उनमें हर पेशेंट को ऑपरेशन थिएटर में सर्जरी चलने तक वेंटिलेटर पर रखा जाता है. यानी जिन लोगों की जनरल अनेस्थेसिया में सर्जरी हो रखी है वे लोग ऑलरेडी वेंटिलेटर से गुज़र चुके हैं.

## इतना भी हेल्दी नहीं हाई प्रोटीन



डॉ मनीषा घई
सीनियर डायटीशियन

**इन दिनों आहार में प्रोटीन को विशेष महत्व दिया जाता है. जिसे देखो वही लो कार्ब्स हाई प्रोटीन का राग बजाते नजर आता है. बेशक आहार में प्रोटीन की अहमियत है. शरीर के संपूर्ण विकास के लिए प्रोटीन जरूरी है. यह मांसपेशियों को मजबूती देता है, लेकिन जरुरत से अधिक प्रोटीन का सेवन भी नुकसानदायक है.**

### कितना प्रोटीन जरूरी

एक आम वयस्क को प्रतिदिन उसके वजन जितने ग्राम प्रोटीन की दरकार होती है. यानी अगर किसी महिला/पुरुष का वजन 60 किलो ग्राम है तो उसे 60 ग्राम प्रोटीन प्रतिदिन लेना चाहिए. अगर जिम में जम कर पसीने बहाते हैं यानी हैवी वर्कआउट करते हैं तो आपको अपने वजन से डेढ़ या दोगुने (ग्राम) प्रोटीन की जरूरत पड़ती है. प्रोटीन की मात्रा बढ़ाने के लिए आहार में 30% प्रोटीन वाली चीजें लेनी चाहिए.



### अधिक प्रोटीन से ये नुकसान

लेकिन दिन भर आहार में बस प्रोटीन लेते रहे तो इसकी मात्रा अपेक्षित से अधिक हो सकती है. ऐसे में शरीर में इसकी अधिक मात्रा शरीर में कीटोन्स की मात्रा बढ़ा देती है. कीटोन्स दरअसल एक विषैला पदार्थ है. कीटोन्स को बाहर निकालने के लिए शरीर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इस पूरी प्रक्रिया में शरीर से ज्यादा मात्रा में पानी बाहर निकलने से डिहाइड्रेशन भी हो सकता है. इतना ही नहीं, इसकी अधिकता से शरीर में कैल्शियम की कमी हो जाती है. लिहाजा हड्डियां कमजोर होने लगती हैं. इससे कब्ज, पेट में दर्द, जोड़ों में दर्द और किडनी में प्रोटीन आने की समस्या हो सकती है. शरीर में जब आवश्यकता से अधिक प्रोटीन हो जाता है तो खून में यूरिक एसिड का लेवल बढ़ जाता है. इससे जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है. प्रोटीन में फाइबर की भी कमी होती है जिसके कारण कब्जियत की भी शिकायत हो जाती है. प्रोटीन के साथ अलग से सलाद और हरी सब्जियां भी खाना चाहिए. इसके अलावा पानी भी ज्यादा पीना चाहिए.

## तिल से बचेगा दिल!

**मकर संक्रान्ति में तिल खाने की अपने यहां परंपरा है. दरअसल इस मौसम में तिल का सेवन कई मायने में लाभप्रद है. आयुर्वेद के अनुसार सफेद तिल गुणों से भरपूर है.**



कई रिसर्च में यह जाहिर हुआ है कि तिल हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मददगार है. तिल में कई तरह के लवण जैसे कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, जिंक और सेलेनियम होते हैं जो हृदय की मांसपेशियों को सक्रिय रूप से काम करने में मदद करते हैं.

तिल में सेसमीन नाम का एन्टीऑक्सिडेंट पाया जाता है जो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकता है. अपनी इस खूबी की वजह से ही यह लंग कैंसर, पेट के कैंसर, ल्यूकेमिया, प्रोस्टेट कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर होने की आशंका को कम करता है. इसके सेवन से शरीर में खून की मात्रा उपयुक्त रहती है. नियमित तिल सेवन से बाल और त्वचा को मजबूत और चमकदार रहते हैं. तिल में मौजूद प्रोटीन पूरे शरीर को भरपूर ताकत और एनर्जी से भर देता है. इससे मेटाबोलिज्म भी अच्छी तरह काम करता है. कई रिसर्च में जाहिर हुआ है कि तिल के सेवन से तनाव और डिप्रेशन से भी छुटकारा मिलता है.

## योग से पीसीओडी करें दूर



ऋषि रंजन
योग एक्सपर्ट

**योग के माध्यम से भी पीसीओडी का इलाज संभव है. योग हमारे शरीर पर मानसिक, शारीरिक और सूक्ष्म रूप से प्रभाव डालता है. यह हमारे मानसिक व शारीरिक विकारों को दूर करने में मदद करता है. कुछ ऐसे खास आसन जो विशेष रूप से पीसीओडी से पीड़ित महिलाओं को करने चाहिए-**

### बटर फ्लाई आसन

बटर फ्लाई आसन महिलाओं के लिए बहुत लाभदायक आसन है. पीसीओडी से परेशान महिलाओं को यह आसन धीरे-धीरे करना चाहिए. लेकिन लंबे समय तक करना चाहिए. इससे प्यूबिक एरिया में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, हॉर्मोन्स का स्तर सही रखने में मदद मिलती है.

#### ऐसे करें

तितली आसन करने के लिए सबसे पहले जमीन पर बैठ जाएं. अब दोनों पैरों को मोड़ते हुए तलवों को एक दूसरे से मिला लें. पैरों को हाथों से पकड़कर अंदर की ओर खींचने का प्रयास करें, कोशिश करें कि एड़ियां शरीर को छू लें. उसके पश्चात जांघों पर जोर देते हुए घुटनों को तितली के पंखों की तरह ऊपर-नीचे कोशिश करने का प्रयास करें.



### सूर्य नमस्कार



आमतौर पर सूर्य नमस्कार आसन मन की एकाग्रता बढ़ाने और वजन घटाने के लिए किया जाता है. लेकिन पीसीओडी से ग्रसित महिलाएं यदि धीमी गति से इस आसन को करेंगी तो उन्हें अपने प्यूबिक एरिया की मसल्स, यूरिनरी ट्रैक्ट, वेन्स और लोअर अबडॉमिन की मसल्स को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी. यह मेंस्ट्रुअल साइकिल को रेग्युलर करने में मददगार है.

#### ऐसे करें

प्रत्येक सूर्य नमस्कार के चरण में 12 आसनों के दो क्रम होते हैं. 12 योग आसन सूर्य नमस्कार का एक क्रम पूर्ण करते हैं. सूर्य नमस्कार के एक चरण के दूसरे क्रम में योग आसनों का वो ही क्रम दोहराना होता है.

### चक्की चाल आसन

इस आसन को करना जितना अधिक आसान है उतना ही यह आसान पीसीओडी की समस्या से लड़ने में लाभकारी है. यह गर्भाशय, अंडाशय, किडनी और पेट के निचले हिस्सी में स्थित मसल्स की मसाज करता है और उन्हें हेल्दी रखने में मदद करता है.

#### ऐसे करें

दोनों पैरों को आगे की तरफ फैलाकर बैठ जाएं और पैरों को परस्पर अधिक दूरी पर रख लें. फिर दोनों हाथों की उंगलियों को एक-दूसरे में फंसाकर मुट्ठी बना लें. लंबी गहरी सांस भरें और हाथों को सीधा रखते हुए चक्की चलाने की भांति गोल-गोल घुमाएं. कोशिश करें कि आपके हाथ हर बार पैरों को छूते रहें.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### हथियार के बल पर पेट्रोल पंप में लूटपाट

**पूर्वी चंपारण ।** जिले में एक पेट्रोल पंप के नोजल मैन से हथियार के बल पर बाइक सवार अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है. घटना पचपकडी थाना क्षेत्र के एसएम पेट्रोल पंप की बतायी जा रही है. जहां अपराधियों ने हथियार दिखाकर नोजल मैन से लगभग 60 हजार रुपये की लूट की है. मंगलवार की देर शाम पवन किशोर जायसवाल की पेट्रोल पंप पर तीन की संख्या में ग्राहक बन कर पहुंचे और लूटपाट करते हुए फरार हो गए.

### विजिबिलिटी के कारण कई फ्लाइट रद्द

**पटना ।** बिहार में ठंड और कोहरे के कारण पटना एयरपोर्ट पर विमान परिचालन में काफी परेशानी हो रही है. बुधवार को भी तीन जोड़ी विमान को रद्द किए गए हैं, वहीं छठे दिन भी हैदराबाद से सुबह पटना एयरपोर्ट पर आने वाली विमान को रद्द करना पड़ा है. साथ ही रांची और दिल्ली से आने वाली विमान को रद्द किया गया है. निश्चित तौर पर रनवे पर विजिबिलिटी कम होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है. बुधवार सुबह भी रनवे पर विजिबिलिटी 600 मीटर से कम होने के कारण हैदराबाद की विमान को रद्द करना पड़ा है.

### पति के गुजरने के कुछ ही देर बाद पत्नी भी चल बसी

**लखीसराय ।** लखीसराय के संतर मोहल्ला निवासी शोखी पंडित (70 वर्ष) और उनकी पत्नी विमला देवी (67 वर्ष) ने एक साथ जीवन की कई मुश्किलों का सामना किया और अंत समय में भी एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ा. पति-पत्नी के अटूट रिश्ते के इस अनोखी घटना पर लोगों ने कहा कि मौत के बाद भी जीवनसाथी का साथ बना रहा. मृतक दंपती के नाती राजीव कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से हमारे नाना शोखी पंडित बीमार चल रहे थे. उनके सिर में काफी दर्द रहता था. पटना से इलाज चल रहा था. इसके अलावा कई जगहों पर नाना का इलाज कराया लेकिन तबीयत ठीक नहीं हो पायी. हमारी नानी भी दूसरे कमरे में थी. इनको जैसे ही सूचना मिली कुछ देर बाद नानी की भी मौत हो गई.

# 60 सीटें होतीं तब भी पूरी नहीं होगी 'इंडी' की दावेदारी : यादव

**राजनीति गरमायी**

विशेष संवाददाता । पटना


'इंडी' गठबंधन में धींगामुश्ती

महागठबंधन में चल रही धींगामुश्ती पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने कहा कि 'इंडी' गठबंधन के घटक दल जितनी सीटों पर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं, वह बिहार में लोकसभा की 60 सीटें रहने पर भी पूरी नहीं होंगी. दिल्ली में बिहार में सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस और राजद के हुई बैठक में कोई नतीजा नहीं निकला. वहीं, यह भी तय हो गया है कि राजद और कांग्रेस मिलकर बिहार में जदयू को किनारे करने की तैयारी में जुटे हैं. वैसे राजद और कांग्रेस भी एक-दूसरे को ठगने की फिराक में हैं. कांग्रेस बिहार में नौ सीटें मांग रही, जिसे देने के लिए राजद तैयार नहीं है. वहीं, जदयू और वामदलों का मुंह खुलना अभी बाकी है.

## महागठबंधन में 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' जैसी स्थिति : भाजपा

इस संबंध में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर सिरफुटव्वल की स्थिति है और घटक दल अब 'लठबंधन' कर रहे हैं. क्योंकि सीट बंटवारे का अब तक कोई फार्मूला तय नहीं हुआ. यह स्थिति सिर्फ बिहार ही नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल से लेकर पंजाब तक है. महागठबंधन में सीटों को लेकर 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' वाली स्थिति है. सीटों को लेकर जदयू कांग्रेस और राजद पर तीर चला रहा है. वहीं, लालू जोर आजमाईश के लिए लाठी में तेल पिला रहे हैं. कांग्रेस के 'हाथ' को तो लकवा मार गया है. जदयू 17 सीटों से कम पर बात करने को तैयार नहीं है. कांग्रेस 11 सीटें मांग रही है. वाम दल 5 सीटों पर दावा ठोंक रहे हैं. ऐसे में राजद के पास कुल मिलाकर सात सीटें ही रह जाती हैं. अब देखना यह होगा कि लालू की तेल पिलायी लाठी किसका सर फोड़ती है, जदयू का, कांग्रेस का या फिर वामदलों का.

## आओ जानें

### बिहार : सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| साक्षरता दर के मामले में राज्य का स्थान | –28 वां स्थान |
| बिहार की कुल साक्षरता दर | – 61.80 % |
| पुरुष साक्षरता दर | – 71.20 % |
| महिला साक्षरता दर | – 51.5 % |
| साक्षरता की दृष्टि से भारत के राज्यों में क्रम | – 28 वां |
| सर्वाधिक साक्षरता दर बल जिला | – रोहतास |
| न्यूनतम साक्षरता दर वाला जिला | – पूर्णिया |
| सर्वाधिक पुरुष साक्षरता दर वाला जिला | – रोहतास |
| सर्वाधिक महिला साक्षरता दर वाला जिला | – रोहतास |
| न्यूनतम पुरुष साक्षरता दर वाला जिला | – पूर्णिया |
| न्यूनतम महिला साक्षरता दर वाला जिला | – सहरसा |

## बिहार विस अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी का दावा

# इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग फाइनल, हमलोग 400 सीटे जीतेंगे

संवाददाता । जमुई

राजद नेता सह पूर्व बिहार विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत होगी. उन्होंने कहा कि गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर सबकुछ तय हो चुका है. मतभेद की बातें, सिर्फ सब अखबार और मीडिया का खेला है. उन्होंने कहा कि 2024 के लिए विपक्ष का मुद्दा देश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, खिलाड़ियों पर हो रहा अत्याचार रहेगा. इस बार जनता सरकार को जवाब देगी. सरकार हमलोगों को सदन से बाहर निकाल रही है. सांसदों पर ईडी-सीबीआई का झूठा केस करवा रही है तो क्या हम विपक्षी चुपचाप बैठकर इनके आगे झाल बजाने लगे? जैसे शंकराचार्य ने कहा कि अयोध्या में मोदी उद्घाटन करेंगे तो हमलोग बाहर खड़ा होकर झाल बजाएंगे क्या?

इस दौरान उन्होंने नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा के 'राजद के लोगों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है'' वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जो लोग ऐसा बयान दे रहे हैं, उनको अपने बच्चों का स्कूल-कॉलेज से नाम कटवा देना चाहिए, सबकुछ (सनातन) उसी से मिल जाएगा. वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के चंपारण से 2024 की चुनावी रैली का शंखनाद करने वाले हैं, इसपर प्रतिक्रिया देते हुए उदय नारायण चौधरी बोले कि देश में लोकतंत्र है, बाबासाहेब का दिया हुआ संविधान है. नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं. वे जहां मर्जी आएं जाएं, आमजनता के पैसे से 8000 करोड़ का प्लेन खरीदे हैं. उससे या अडानी के प्लेन से यात्रा करें. दरअसल, युवा राजद जमुई की ओर से जिला कार्यकारिणी की बैठक एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम में राजद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने समारोह में युवा जिला कार्यकारिणी के सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया.



### खास बातें

- उदय नारायण बोले- देश में लोकतंत्र है, बाबासाहेब का दिया हुआ संविधान है
- केंद्र सरकार हमलोगों को सदन से बाहर निकाल रही है

**पटना में समाजवादी पार्टी ने लगाया पोस्टर**

## राम को लाने वाले मौन क्यों, पूछ रही हैं बेटियां

**पटना ।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी बिहार में सक्रिय हो गए हैं. 22 जनवरी को होने वाली राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सपा ने पटना में राजद कार्यालय के पास पोस्टर लगाया है. जिसमें लिखा है, ''राम को लाने वाले मौन क्यों हैं? इस पोस्टर के जरिए सपा ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है. पोस्टर में साफ-साफ लिखा गया है कि राम को लाने वाले बेटियों को कब तक इंसाफ दिलाएंगे. पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर बनाई गई है और साथ ही प्रभु श्री राम की भी तस्वीर है. पोस्टर में सबसे ऊपर एक तरफ मुलायम सिंह यादव, शिवपाल यादव और रामगोपाल यादव हैं तो दूसरी तरफ अखिलेश यादव, डिंपल यादव और तेजप्रताप यादव की तस्वीर है. समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पोस्टर के माध्यम से मोदी सरकार से सवाल पूछा है कि बीएचयू में छात्राओं के साथ जो दुष्कर्म हुआ था, उसके आरोपी पर अभी तक कार्रवाई नहीं क्यों नहीं की जा रही है?

# आधा दर्जन योजनाओं का किया उद्घाटन

संवाददाता । नवादा



नवादा के सांसद चंदन सिंह ने बुधवार को नवादा जिले के रजौली प्रखंड में अपने सांसद मद से निर्मित आधा दर्जन योजनाओं का उद्घाटन कर जनता के हवाले किया. उन्होंने नरहट के स्व विजय सिंह शोकाकुल परिवार से भी मिलकर उन्हें धीरज बंधाया. साथ ही हर संभव सहायता करने की भी बात कही. सांसद चंदन सिंह रजौली प्रखंड के बिजवन गांव पहुंचकर नागरिकों के बीच अपने सांसद मद से निर्मित पीसीसी ढलाई का उद्घाटन कर जनता के हवाले किया. वहीं करमा खुर्द गांव में निर्मित पीसीसी ढलाई का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया. सांसद चंदन सिंह ने रजौली प्रखंड के कई इलाकों में घूम कर जरूरत की योजनाओं को भी विकास सूची में समाहित करने की बात कही. सांसद ने आधा दर्जन गांव का दौरा कर जन समस्याएं सुनी तथा जिला प्रशासन से बात कर उसका निदान कराया. उन्होंने रजौली प्रखंड के दुपट्टा अंदर वारी गांव में भी सांसद मत से निर्मित पीसीसी दलाई सड़क का उद्घाटन कर जनता के हवाले किया.

### अपहरण मामले में दो बदमाश गिरफ्तार

**दरभंगा ।** दरभंगा में अपहरण के चंद घंटों बाद ही पुलिस ने युवक को सकुशल बरामद कर लिया है. जिले के पतोर ओपी क्षेत्र स्थित खैरा गांव से एक युवक का स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया था. घटना की जानकारी मिलते ही कई थाने की पुलिस ने नाका बंदी कर चेकिंग अभियान शुरू दिया. उसी क्रम में लहेरियासराय थाने की पुलिस ने पंडासराय से स्कॉर्पियो को जब्त कर अगवा युवक को सकुशल बरामद कर लिया. साथ ही दो बदमाश को स्कॉर्पियो से गिरफ्तार कर लिया. वहीं, पुलिस को देखकर तीन बदमाश स्कॉर्पियो से फरार हो गए. बाद में पुलिस ने दौड़ाकर दो बदमाश को गिरफ्तार कर लिया.

# बिहार के कुलपतियों ने राज्यपाल से की मुलाकात

## राजभवन व सरकार के बीच टकराव की नौबत

विशेष संवाददाता । पटना

बिहार के विश्वविद्यालयों व राजभवन के अधिकार क्षेत्र में शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा किये जा रहे अतिक्रमण को लेकर राजभवन व राज्य सरकार के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है. अतिक्रमण को राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने गंभीरता से लिया है. इस संबंध मरण राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने कुलाधिपति श राज्यपाल श्री आर्लेकर से राजभवन में मुलाकात की और शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पदाधिकारियों द्वारा उनके साथ किये जा रहे बर्ताव से अवगत कराया. कुलपतियों ने राज्यपाल को बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर विश्वविद्यालयों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप किया जा रहा है जिससे शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. उन्होंने शिक्षा विभाग से जुड़ी अन्य परेशानियों एवं विवि की समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया. राज्यपाल ने कुलपतियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया.

## कारोबार

### पेटीएम 100 करोड़ का करेगी निवेश

**नयी दिल्ली ।** फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने वैश्विक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र तैयार के लिए गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में 100 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है. कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी. वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है. कंपनी एक निश्चित अवधि में निवेश करेगी और इसके लिए अपेक्षित मंजूरी मांगेगी. सीईओ विजय शेखर शर्मा ने एक बयान में कहा, गिफ्ट सिटी एक वैश्विक वित्तीय केंद्र बनने के लिए तैयार है.

### चीनी कारखाने की ई-नीलामी करेगा यूबीआई

**बीड ।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) ने 203.69 करोड़ रुपये के बकाया वसूली के लिए महाराष्ट्र में स्थित और भाजपा की राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे के परिवार के नियंत्रण वाली सहकारी चीनी मिल की ई-नीलामी के लिए एक नोटिस जारी किया है. बैंक की तरफ से मंगलवार को स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित नोटिस के अनुसार, वैद्यनाथ सहकारी चीनी कारखाने की ई-नीलामी 25 जनवरी को होगी. नीलामी नोटिस में मुंडे और कई अन्य व्यक्तियों के नाम का उल्लेख कर्जदार और गारंटी देने वाले के रूप में किया गया है.

### अलास्का एयरलाइन्स हादसा हमारी गलती

**नयी दिल्ली ।** बोइंग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेव कैलहौन ने पिछले सप्ताह मंगलवार को अलास्का एयरलाइंस में हुई भयावह घटना की जिम्मेदारी लेते हुए पूरी पारदर्शिता का संकल्प लिया. शुक्रवार को विमान की आपात लैंडिंग के बाद बुलाई गई सुरक्षा बैठक में कैलहौन ने कर्मचारियों से कहा, हम सबसे पहले अपनी गलती स्वीकार करते हैं. उन्होंने कहा, 100 प्रतिशत और पूरी पारदर्शिता के साथ इस मामले में कदम उठाएंगे. कैलहौन जो जनवरी 2020 में बोइंग के टॉप पद पर पहुंचे थे विमानों में हुई हालिया घटनाक्रमों से आहत हैं. उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी इन मामलों की जांच कर रहे हैं.

## वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन : उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा-

# गुजरात की आधी बिजली जरूरतों को करेंगे पूरा

भाषा । गांधीनगर



> रिलायंस इंडस्ट्रीज ने देश में पिछले 10 साल में 150 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है और इसमें से एक-तिहाई से अधिक निवेश केवल गुजरात में किया गया है.

उद्योगपति मुकेश अंबानी ने बुधवार को कहा कि उनकी कंपनी रिलायंस हजीरा में भारत की पहली तथा विश्वस्तरीय कार्बन फाइबर सुविधा स्थापित करेगी. उन्होंने कहा कि उनका समूह 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा के जरिये गुजरात की आधी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगा. अंबानी ने 10वें द्विवार्षिक वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनके समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज ने देश में पिछले 10 साल में 150 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है और इसमें से एक-तिहाई से अधिक निवेश केवल गुजरात में किया गया है.

उन्होंने मंच पर मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें भारत का सबसे सफल प्रधानमंत्री तथा वर्तमान पीढ़ी का सबसे महान वैश्विक नेता बताया. उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक 35,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकती. अंबानी ने सम्मेलन को 'दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित निवेशक शिखर सम्मेलन' करार दिया. वीजीजीएस की शुरुआत करीब दो दशक पहले की गई थी जब मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे. उन्होंने कहा, रिलायंस ने पिछले सिर्फ 10 वर्ष में पूरे भारत में विश्वस्तरीय संपत्ति तथा क्षमताएं स्थापित करने में 150 अरब डॉलर (12 लाख करोड़) से अधिक का निवेश किया है. इसमें से एक-तिहाई से अधिक निवेश गुजरात में किया गया है. उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी रिलायंस हजीरा में भारत की पहली तथा विश्वस्तरीय कार्बन फाइबर सुविधा स्थापित करेगी. साथ ही रिलायंस गुजरात को हरित वृद्धि में वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति हासिल करने में योगदान देगी. रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन ने कहा, हम 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा के जरिये गुजरात की आधी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य में मदद करेंगे. अंबानी ने कहा, रिलायंस ने जामनगर में 5,000 एकड़ में धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू कर दिया है. इससे बड़ी संख्या में नौकरियों का सृजन होगा और हरित उत्पाद तथा सामग्रियों का उत्पादन संभव होगा जो गुजरात को हरित उत्पादों का अग्रणी निर्यातक बना देगा. उन्होंने कहा कि 2036 ओलंपिक के लिए भारत की दावेदारी के लिए रिलायंस तथा रिलायंस फाउंडेशन गुजरात में कई अन्य साझेदारों के साथ मिलकर शिक्षा, खेल और कौशल के बुनियादी ढांचे में सुधार करेंगे जो विभिन्न खेलों में कल के चैंपियन तैयार करेगा.

**शिखर सम्मेलन**

## अडाणी समूह गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा : गौतम अडाणी




**गांधीनगर ।** उद्योगपति गौतम अडाणी ने बुधवार को गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा की. इसमें मुख्य रूप से एक हरित ऊर्जा पार्क का निर्माण शामिल है जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा. वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन (वीजीजीएस) के यहां आयोजित 10वें संस्करण में अडाणी ने कहा कि इस निवेश से एक लाख नौकरियों का सृजन होगा. उन्होंने कहा कि पिछले शिखर सम्मेलन में 55,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई गई थी, जिसमें से 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश समूह कर चुका है. उन्होंने कहा, समूह अब कच्छ में 25 वर्ग किलोमीटर में फैला 30 गीगावॉट क्षमता वाला एक ग्रीन एनर्जी पार्क बना रहा है, जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा.

## टाटा समूह गुजरात में सेमीकंडक्टर कारखाने का करेगा निर्माण : एन. चंद्रशेखरन

**गांधीनगर :** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को कहा कि टाटा समूह गुजरात के धोलेरा में एक सेमीकंडक्टर कारखाने का निर्माण करेगा. वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन (वीजीजीएस) के यहां आयोजित 10वें संस्करण में चंद्रशेखरन ने कहा कि समूह दो महीने में साणंद में लिथियम आयन बैटरी बनाने के लिए 20 गीगावॉट की गीगाफैक्टरी शुरू करने वाला है. उन्होंने कहा कि टाटा समूह ने एक संकल्प किया जो पूरा होने वाला है.

# सर्राफा बाजार पर दबाव सोना-चांदी में मामूली गिरावट

भाषा । नई दिल्ली



घरेलू सर्राफा बाजार में बुधवार को गिरावट नजर आ रही है. देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में बुधवार को 24 और 22 कैरेट सोने की कीमत में 100 से 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है. चांदी में भी बुधवार को गिरावट का रुख बना हुआ है. इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 76,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना भी 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई. इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

## शुरुआती घंटे में शेयर बाजार में सपाट कारोबार

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को उतार-चढ़ाव के बीच सपाट स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है. बुधवार के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी. बाजार खुलते ही शेयर बाजार ने रिकवरी करके कुछ देर के लिए हरे निशान में भी अपनी जगह बनाई. लेकिन इसके बाद बिकवालों और लिवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा. पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0 .07 प्रतिशत और निफ्टी 0 .04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे.

**चना दाल**

## उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बुधवार को कहा-

# चार माह में ही 25% बाजार हिस्सेदारी हासिल की

- चने की कीमतों को नीचे लाने के लिए बफर स्टॉक का उपयोग करने से अन्य दालों की कीमतों पर भी इसका पार्श्व प्रभाव पड़ता है

भाषा । नई दिल्ली

भारत ब्रांड के तहत खुदरा बाजार में बेची जा रही चना दाल घरेलू उपभोक्ताओं के बीच सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड बनकर उभरी है. इसने बाजार में उतारे जाने के चार महीनों में ही एक-चौथाई बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली है. उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि किफायती होने के कारण इस दाल को उपभोक्ता काफी पसंद कर रहे हैं. अक्टूबर में जारी की गई भारत-ब्रांड 'चना दाल' की कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम है जबकि अन्य ब्रांड की दाल लगभग 80 रुपये प्रति किलोग्राम है. सिंह ने कहा, ग्राहकों की प्रतिक्रिया इतनी अच्छी रही है कि देश में परिवारों के बीच सभी ब्रांड वाली चना दाल की 1.8 लाख टन मासिक खपत में से एक-चौथाई 'भारत' ब्रांड वाली चना दाल है. उन्होंने कहा कि बाजार में उतारे जाने के बाद से लगभग 2.28 लाख टन भारत ब्रांड चना दाल बेची जा चुकी है. शुरुआत में इसकी बिक्री 100 खुदरा केंद्रों के जरिये की गई और अब 21 राज्यों के 139 शहरों में मौजूद 13,000 केंद्रों से इसकी बिक्री की जा रही है.



उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इस कदम से दालों की मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलने का दावा करते हुए कहा, दालों की कीमतें एक समूह के रूप में व्यवहार करती हैं. चने की कीमतों को नीचे लाने के लिए बफर स्टॉक का उपयोग करने से अन्य दालों की कीमतों पर भी इसका पार्श्व प्रभाव पड़ता है. सरकार घरेलू उपलब्धता को बढ़ावा देने और कीमतों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से चने सहित विभिन्न प्रकार की दालों का बफर स्टॉक बनाकर रख रही है. फिलहाल 15 लाख टन चना सरकारी बफर स्टॉक में है. सरकार नेफेड, एनसीसीएफ, केंद्रीय भंडार और पांच राज्य सहकारी समितियों के माध्यम से भारत ब्रांड के तहत चना दाल की खुदरा बिक्री कर रही है.


## भारत ब्रांड के तहत पहले उसकी पॉलिश करती है

*सचिव ने बताया कि इन एजेंसियों को बफर स्टॉक से कच्चा चना 47.83 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर इस शर्त के साथ दिया जा रहा है कि उसकी खुदरा कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम से कम नहीं होनी चाहिए. एजेंसियां सरकार से कच्चा चना खरीदती हैं, उसकी मिलिंग करती हैं और भारत ब्रांड के तहत खुदरा बिक्री करने से पहले उसकी पॉलिश करती हैं. सरकार भारत ब्रांड के तहत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का गेहूं का आटा भी बेच रही है. कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए वह भारत ब्रांड के तहत एफसीआई चावल की बिक्री पर भी विचार कर रही है.*

**शेयर बाजार में गिरावट**

# सेंसेक्स 133 अंक फिसला निफ्टी 21550 अंक के नीचे

भाषा । नई दिल्ली



भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को सपाट खुले फिसलते दिखाई दिए. इससे पहले एशियाई बाजारों में गिरावट दिखी. निवेशकों की नजर भारत की प्रमुख महंगाई दर और अमेरिकी ब्याज दरों पर बनी हुई है. बुधवार को सुबह 9 बजकर 21 मिनट पर बीएसई सेंसेक्स 26 अंक या 0.04% की बढ़त के साथ 71,412 के स्तर पर कारोबार करता दिखा. वहीं निफ्टी 9 अंक या 0.04% की बढ़त के साथ 21,553 के स्तर पर पहुंच गया. बीएसई सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल, विप्रो, टाइटन, नेस्ले और सन फार्मा के शेयर बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे. वहीं दूसरी ओर, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड और एचडीएफसी बैंक के शेयर गिरावट के साथ खुले. फिलहाल निवेशकों की नजर गुरुवार को आने वाले अमेरिकी कंज्यूमर प्राइस डाटा और शुक्रवार को आने वाले भारतीय खुदरा महंगाई के आंकड़ों पर नजर बनी हुई है. एकल शेयरों की बात करें तो वेदांता के शेयरों में 2.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. मूडीज ने कंपनी की पैतृक कंपनी वेदांता रिसॉर्सेज की रेटिंग को डाउनग्रेड कर दिया है.

मीडिया में चल रही टैक्स चोरी की खबरों को नकारने के बाद पॉलिकैब के शेयरों में तीन प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. कंपनी ने बताया कि आयकर विभाग के निरीक्षण के दौरान वह पूरा सहयोग कर रही है. सेक्टोरल फ्रंट की बात करें तो निफ्टी ऑयल और गैस के शेयरों में 1.4% जबकि निफ्टी रियल्टी के शेयरों में 1.14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई.

## ब्रीफ खबरें

### हर्ष अग्रवाल को पहले प्रयास में सफलता

**रांची।** रांची के हर्ष अग्रवाल ने पहले प्रयास में सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करने और चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का जश्न मनाया. रांची में पले-बढ़े और जेवीएम, श्यामली में स्कूली शिक्षा प्राप्त करने वाले हर्ष की शैक्षणिक यात्रा चार्टर्ड अकाउंटेंसी की पढ़ाई के साथ-साथ संत जेवियर्स कॉलेज, रांची में भी जारी रही. उनकी सफलता शहर के सहायक माहौल को दर्शाती है. रांची की एक प्रतिष्ठित सीए फर्म एनकेडी एंड कंपनी में हर्ष की आर्टिकलशिप ने उनकी उपलब्धि में योगदान दिया.

### तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर का किया निरीक्षण

**तेनुघाट ।** बोकारो जिला एसपी आलोक प्रियदर्शी तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद प्रियदर्शी ने बताया कि तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में आने का मुख्य उद्देश्य यहां के सिक्योरिटी का निरीक्षण करना था. साथ ही न्यायिक पदाधिकारी के रहने वाले आवासीय परिसर का भी विभिन्न पहलुओं से देखा. आगे बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर गोमिया विधानसभा क्षेत्र के गोमिया थाना क्षेत्र के बूथों का भौतिक निरीक्षण भी करना.

### सेरेंगसिया घाटी शहीद दिवस दो फरवरी को

**चाईबासा ।** कोल्हान का ऐतिहासिक सेरेंगसिया घाटी शहीद दिवस दो फरवरी को आयोजित होगा. इसकी तैयारी की पहली बैठक सेरेंगसिया घाटी शहीद स्मारक समिति ने बुधवार को सेरेंगसिया फुटबॉल मैदान में की गई. इसमें मुख्य रूप से चाईबासा विधायक दीपक बिरुवा उपस्थित थे. विधायक ने ग्रामीणों साथ शहीद दिवस तैयारी की समीक्षा की.हालांकि इस बार शहीद दिवस प्रशासनिक या शहीद स्मारक समिति के स्तर से होगा, इस पर अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है.

### केंद्र प्रायोजित योजनाओं की दी गई जानकारी

**चाईबासा।** केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रखंड सदर, पंचायत टोन्टो पंचायत भवन में शिविर लगाया गया.इस शिविर की अध्यक्षता मुखिया सुनीता पूर्ति ने किया. शिविर में डिजिटल वेन के माध्यम से लोगों को केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई. कैंप में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चिकित्सा शिविर लगाया गया और उपस्थित ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच हुआ.

### श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन उत्सव मनाने का आह्वान

**गुमला ।** जिला भाजपा की बैठक बुधवार को उत्कल प्वाइंट में हुई. बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष अनूपचन्द्र अधिकारी ने अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर 22 जनवरी को गुमला जिला में उत्सव मनाने का आह्वान किया है. कहा कि पांच सौ वर्षों की सांस्कृतिक गुलामी का पटाक्षेप 22 जनवरी 2024 को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के रूप में हो रही है और हम इसके साक्षी बन रहे हैं.

### हाई स्कूल में तीन दशक तक सेवा दी, हुई विदाई

**बालूमाथ (लातेहार)।** तीन दशक तक बालूमाथ राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय (हाई स्कूल) मे सेवारत प्रधानाचार्य मो निजामुद्दीन अंसारी को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद भावभीनी विदाई दी गई. बुधवार को विद्यालय परिवार के द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य रूबी बानो ने संस्मरण पत्र पढ़कर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य निजामुद्दीन के द्वारा विद्यालय एवं छात्रों के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य एवं प्रयासों के लिए उनके कार्यों की प्रशंसा की.

### जवाहर नवोदय जूनियर वर्ग के फाइनल में पहुंचा

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय ने साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल को 19 रनों से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रवेश किया. जवाहर नवोदय विद्यालय की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक कुमार गुप्ता के 39 रनों की बदौलत पांच विकेट खोकर 97 रन बनाए. साउथ प्वाइंट की ओर से शाहिद ने दो विकेट लिया.

---

**वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण में ग्रामसभा बनी बाधा, 11 में से 10 जलमीनार द्रुत गति से बन रही है**

# सीतारामपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए कटेंगे 1200 पेड़

**संजीव मेहता। आदित्यपुर**

**पुराने पाइप लाइन से कनेक्शन लेने के लिए लगते हैं मिनिमम 7 हजार रुपये**



जलापूर्ति योजना के नोडल अधिकारी अजय कुमार की माने तो नई स्कीम में अमृत योजना के तहत कनेक्शन नि:शुल्क देना है. आज भी पुरानी जलापूर्ति लाइन से कनेक्शन लेने के लिए आम जनता को कम से कम 7000 रुपये शुल्क देने पड़ते हैं. यह पानी की अनुपलब्धता की वजह से बंद है. पुरानी पाइप लाइन से कनेक्शन विशेष परिस्थितियों में ही दी जाती है. पुरानी जलापूर्ति के लिए महज 5 एमजीडी क्षमता का ही 55 वर्ष पुराना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट सीतारामपुर में उपलब्ध है. महज 11 हजार परिवारों को कनेक्शन देकर उन्हें पाइप लाइन जलापूर्ति का लाभ दिया जा रहा है.

**खास बातें**

- करीब 480 किलोमीटर पाइप लाइन बिछा चुका
- सपड़ा में वन अधिकारियों की उपस्थिति में ही कटेंगे पेड़

आदित्यपुर के ढाई लाख शहरी लोगों को अभी और कम से कम 2 साल पाइप लाइन जलापूर्ति के लिए इंतजार करना होगा, क्योंकि आदित्यपुर वृहत जलापूर्ति योजना में पेंच ही पेंच है. इस योजना की ताजा प्रगति रिपोर्ट पर गौर करें तो निर्माण एजेंसी जिंदल पावर ने करीब 480 किलोमीटर पाइप लाइन बिछा चुका है. साथ ही 11 में से 10 जलमीनार द्रुत गति से बन रही है, किंतु इस योजना का मुख्य सूत्रधार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य ही अधर में पड़ा है. इस योजना में 2 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनने हैं. सीतारामपुर में 30 एमजीडी और सपड़ा में 60 एमजीडी क्षमता का, लेकिन सीतारामपुर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण में वहां की ग्रामसभा बाधा बन गयी है. ग्रामसभा की मांग है कि कृषि कार्य के लिए पानी दें, जबकि जलापूर्ति योजना में कृषि कार्य के लिए पानी देने का प्रावधान ही नहीं है. ऐसे में यहां अभी तक पेंच फंसा हुआ है. बात करें सपड़ा की तो वहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 11 एकड़ वन भूमि मिली है. इस पर करीब 1200 पेड़ हैं. उसे काटने या हस्तांतरण की अनुमति तो विभाग ने दे दी है, किंतु अब शर्त यह है कि वन अधिकारियों की उपस्थिति में ही पेड़ काटे जाएंगे.

**55 हजार परिवारों को देना है निःशुल्क वाटर कनेक्शन :** आदित्यपुर वृहत जलापूर्ति योजना अमृत योजना का हिस्सा है. इसके तहत आदित्यपुर के सभी करीब 55 हजार परिवारों को निःशुल्क वाटर कनेक्शन केवल होल्डिंग टैक्स की रसीद और आधार कार्ड लेकर देना है. यही वजह है कि उद्योगों को वाटर कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है. चूंकि वे होल्डिंग टैक्स देने को तैयार नहीं हैं. बता दें कि स्थानीय मंत्री सालडीह के 560 लोगों को वाटर कनेक्शन निःशुल्क दिलाने का दंभ भर रहे हैं.

---

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- योजना आयोग का कौन पदेन अध्यक्ष होता है – **प्रधानमंत्री**
- संविधान सभा के झंडा समिति के कौन अध्यक्ष थे – **जे. बी. कृपलानी**
- सबसे प्रबल अपचायक कौनसा है – **लिथियम**
- राष्ट्रीय युवा दिवस कब मनाया जाता है – **12 जनवरी**
- सफ़ेद हाथियों का देश कोनसा राष्ट्र कहलाता है – **थाईलैंड**
- भारत के किस राज्य में रबर का सबसे ज्यादा उत्पादन होता है – **केरल**
- पहला कम्प्यूटर किसने बनाया – **चार्ल्स वेवेज**
- विधुत बल्ब का फिलामेंट किसका बना होता है – **टन्ग्स्तान का**
- मुख्यमंत्री अपना त्यागपत्र किसे देता है – राज्यपाल को
- पृथ्वी के किस भाग पर g का मान न्यूनतम होता है – **भूमध्य रेखा पर**
- पृथ्वी के किस भाग पर g का मान अधिकतम होता है – **ध्रुवों पर**
- विश्व में कोनसा तत्व सर्वाधिक पाया जाता है – **नाइट्रोजन**

---

**सीएम ने दिया प्रस्ताव को कैबिनेट में भेजने का निर्देश**

# 158 प्रखंडों में सुखाड़ घोषित करने की अनुशंसा




**संवाददाता। रांची**

राज्य में इस वर्ष भी कम बारिश की वजह से 17 जिलों के 158 प्रखंडों में सुखाड़ की स्थिति है. झारखंड मंत्रालय में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में कृषि विभाग के प्रतिवेदन के आलोक में सभी प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की अनुशंसा की गई. बैठक में मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया कि इन सभी 158 प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने संबंधी प्रस्ताव तैयार करें, ताकि उसे मंत्रिपरिषद की बैठक में मंजूरी के लिए रखा जा सके.

**खास बातें**

- सीएम ने की राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक
- प्रति किसान 3500 रु अनुग्रहित राशि देने का दिया निर्देश

**सहायता राशि के लिए केंद्र को भेजे प्रस्ताव :** मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे केंद्र सरकार को सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव भेजें, ताकि उस राशि से सूखा प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता दी जा सके.

**प्रभावित किसानों को दी जाएगी अनुग्रह राशि :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सुखाड़ से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए समुचित कदम उठाए जाएं. पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुखाड़ से प्रभावित किसानों को तत्काल राहत के तौर पर 35 सौ रुपये प्रति किसान अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया.

इसके अलावा वैसे किसान, जिनकी फसल कम बारिश की वजह से 33 प्रतिशत तक क्षतिग्रस्त हुई है, उन्हें इनपुट अनुदान राशि का भुगतान किया जाएगा. बैठक में मंत्री बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख, मुख्य सचिव एल खियांगते, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव अबुबकर सिद्दीक और कृषि विभाग के विशेष सचिव प्रदीप हजारी मौजूद थे.

---

## पीएम आवास योजना का पैसा हड़पने के मामले की जांच शुरू

**संवाददाता। तांतनगर**

मंझारी प्रखंड क्षेत्र के पड़सा पंचायत अतंर्गत पड़सा में प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभूकों का पैसा बिचौलिया द्वारा हड़प कर फरार होने की शिकायत पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी सबिता टोपनो के नेतृत्व में गठित कमेटी द्वारा बुधवार को जमीनी स्तर में जांच का लाभूकों से बयान लिया गया. लाभूकों से लिये गये बयान पर जिला प्रशासन अंतिम फैसला ले आगे की कार्रवाई करेगी. कमेटी ने जांच में पाया कि प्रधानमंत्री आवास लाभूक पानी सुंडी, सुखलाल सुंडी, जोटो पुरती तथा सनातन लोहर का आवास सिर्फ दीवार खड़ा पाया है. वहीं इन लाभूकों का प्रखंड कार्यलय के फाइल में आवास को पूर्ण बताया गया. जबकि जहां आवास बनाया जा रहा सिर्फ दीवार खड़ा हुआ है. इस मामले में कार्यालय कर्मचारी, पदाधिकारी व बिचौलिया के मिली भगत कर राशि हड़प लिये जाने की ओर इशारा कर रहा है.

गौरतलब है कि पड़सा पंचायत के प्रधानमंत्री आवास लाभूक पानी सुंडी, सुखलाल सुंडी, जोटो पुरती तथा सनातन लोहार ने एक बिचौलिया द्वारा घर बनवाने देंगे कहा लाभूकों से पैसा लिया था. लेकिन बिचौलिया को आवास आधा आधूरा छोड़ कर फरार हो गया. ताजूब की बात है इन लाभूकों का आवास जमीनी स्तर आधूरा पड़ा लेकिन प्रखंड कार्यालय के फाइल में पूर्ण बताया गया.

## कांग्रेस नेता के भतीजे की मौत मामले की जांच की मांग

**संवाददाता। जमशेदपुर**

पिछले दोनों सोनारी थाना अंतर्गत दोमुहानी के निकट अमन भारद्वाज (27) का शव मिला था. उसके सिर और हाथ-पैर में गहरे जख्म के निशान पाए गए थे. पुलिस ने इसे दुर्घटना बताया था, जबकि परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई थी.

अमन के चाचा सह कांग्रेस के प्रदेश सचिव रजनीश सिंह ने भी इस घटना पर सवाल उठाये थे. इस मामले को लेकर बुधवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से भेंट की. कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से मांग की कि दोषियों पर कारवाई की जाए. कहा कि परिवार वालों की आशंका के आधार पर हर एंगल से इसकी जांच कराई जाए और तथ्यों को स्पष्ट किया जाए ताकि परिवार वालों को न्याय मिल सके. जिस पर एसएसपी ने आश्वासन दिया कि सभी तथ्यों की बारीकी से जांच की जा रही है. प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, प्रदेश सचिव कमलेश कुमार पाण्डेय, अमरजीत नाथ मिश्रा भारतयात्री, रईस रिजवी छब्बन, अरूण कुमार सिंह, ऋषि मिश्रा, इन्दुभूषण यादव, अमर कुमार मिश्रा, राज किशोर प्रसाद, अनन्त लाल, नलनी सिन्हा, रमन खान, पवन बिहारी ओझा, निखिल तिवारी, शबाना परवीन, सानिया दीप मुख्य रूप से शामिल हुए.

---


## न्यूज अपडेट

### मोबाइल डिमोंस्ट्रेशन वैन करेगा जागरूक



**गुमला ।** लोकसभा चुनाव जन जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को समाहरणालय परिसर में उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने तीन मोबाइल डिमोंस्ट्रेशन वैन को झंडा दिखाकर रवाना किया.मोबाइल वैन जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के पंचायतों में तिथि वार भ्रमण करेगा और मतदाताओं को इवीएम के प्रयोग की जानकारी देंगे. वैन में लगे एलईडी टीवी चुनाव में नागरिकों की भूमिका की जानकारी देगा. यह मोबाइल डिमोंस्ट्रेशन वैन सिसई विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर एक 10 मतदान केंद्रों, गुमला विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर एक में पांच मतदान केंद्रों एवं बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र सेक्टर 23 में 12 मतदान केंद्रों का भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेगा. मौके पर अपर समाहर्ता गुमला, डीसी एलआर, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी,जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे.

### नीतिबाग कॉलोनी में भागवत कथा 1 से 7 फरवरी तक



**जमशेदपुर ।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री हरि गोविन्द सेवा समिति द्वारा भुइयांडीह स्लैग रोड स्थित नीतिबाग कॉलोनी में सात दिवसीय भागवत ज्ञान सप्ताह कथा का आयोजन होगा. 01से 07 फरवरी तक होने वाले इस अनुष्ठान को लेकर तैयारी जोर शोर से चल रही है. इसे लेकर बुधवार को समिति की एक बैठक श्रीराम सरोज की अध्यक्षता में संपन्न हुई. उन्होंने बताया कि चित्रकुट के अंतरराष्ट्रीय कथावाचक आचार्य बालव्यास पंडित विवेक महाराज कथा का प्रसंग करने के लिए पधार रहे हैं. भागवत कथा रोजाना दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक होगी. समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होने का अनुरोध किया हैं. बैठक में प्रमुख रूप से नंदजी सिंह, दिलीप सिंह, रवि सिंह, श्रीराम सरोज, हरिओम सरोज, विकास शर्मा, सोनी कुमारी, अमृता अग्रवाल आदि उपस्थित थे.

### सिंदरी की रिया सिंह बनी सीए, पहले प्रयास में सफल



**सिंदरी(धनबाद) ।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स (आईसीएआई) ने नवंबर 2023 में आयोजित सीए फाइनल परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है. वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह की बेटी रिया ने सीए फाइनल की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सिंदरी का नाम रौशन किया है. रिया सिंह ने 415 अंक प्राप्त किया है. सीए फाइनल परीक्षा में धनबाद शाखा से 195 विद्यार्थियों में केवल 7 विद्यार्थियों ने दोनों ग्रुपों में अपनी योग्यता दिखायी है. रिया उनमें से एक है. बुधवार को सुबह से ही रिया के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा है. रिया सिंह ने बताया कि उसने फर्स्ट अटैम्पट में ही सीए फाइनल की परीक्षा में सफलता हासिल की. बताया कि वह तीन सालों से तैयारी कर रही थी. कहा कि माता-पिता और शिक्षकों ने हमेशा उसको प्रोत्साहित किया. रिया के पिता दिनेश सिंह पूर्व पार्षद सह वरिष्ठ भाजपा नेता हैं. वहीं मां शोभा सिंह बिहार के गया जिला के प्लस-टू हाई स्कूल की शिक्षिका हैं. पिता दिनेश सिंह ने बताया कि रिया ने डिनोबली सिंदरी से दसवीं तक की पढ़ाई की है. मैट्रिक में रिया ने 90 प्रतिशत अंक लाया था. वहीं 2019 में उसने लायंस पब्लिक स्कूल सिंदरी से बारहवीं की पढ़ाई पूरी की. बारहवीं बोर्ड में रिया ने 97 प्रतिशत अंक लाकर सिंदरी का गौरान्वित किया था.

### सारंडा में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन शुरू

**किरीबुरू।** जराईकेला थाना अन्तर्गत समठा गांव निवासी पूर्व नक्सली सहयोगी नेलशन भेंगरा की हत्या नक्सलियों द्वारा किये जाने से पूर्व नक्सली हेन्देकुली के जंगल में शरण लिये हुये थे. बताया जाता है कि नेल्शन भेंगरा अपनी गलत आचरण व उल-जुलूल बातों का प्रचार-प्रसार की वजह से नक्सलियों का शिकार हुआ. हालांकि डीआईजी अजय लिंडा के नेतृत्व में बडा.आपरेशन नक्सलियों के खिलाफ प्रारम्भ किया गया है.सारंडा जंगल स्थित जराईकेला और छोटानागरा थाना क्षेत्र के घने व सुदूरवर्ती जंगलों में पिछले 3-4 महीनों से भाकपा माओवादी नक्सली जगह बदल-बदल कर शरण लिये हुये थे. सारंडा से सटा कोल्हान जंगल में पुलिस व सीआरपीएफ का निरंतर जारी आपरेशन के बाद नक्सलियों का दर्जनों बंकर व स्थाई कैंपों को पुलिस ने ध्वस्त कर नक्सलियों को वहां से खदेड़ना प्रारम्भ किया. उसके बाद नक्सली बीते अक्टूबर माह से हीं सारंडा में अपनी गतिविधियां बढा़ना तेज किया. कोल्हान जंगल से सारंडा में सबसे पहले नक्सली गुआ थाना क्षेत्र के जंगल होते छोटानागरा थाना अन्तर्गत कुमडीह, बहदा, तितलीघाट, कोलायबुरु, कुदलीबाद, हतनाबुरु, मारंगपोंगा, उसरुईया, बालिबा, होलोंगउली, आदि क्षेत्र के जंगलों में स्थान बदल-बदल कर घने जंगलों में रहने लगे. इस जंगल में जब पुलिस ने आपरेशन चलाया तो ये नक्सली भागकर पास के जराईकेला थाना क्षेत्र के हेन्देकुली जंगल में शरण ले लिये.

### सेल प्रबंधन हमारे धैर्य की परीक्षा नहीं ले : दारा

**किरीबुरू ।** सारंडा व गुआ की धरती शहीदों की भूमि है. सेल की गुआ समेत जेजीओएम प्रबंधन सारंडा के स्थानीय व खदानों से प्रभावित गांवों के शिक्षित बेरोजगारों व ग्रामीणों की धैर्य की परीक्षा नहीं लें. अन्यथा बडे. आंदोलन का सामना करना पडेगा. उक्त बातें गुआ खदान से प्रभावित लिपुंगा निवासी सह सामाजिक कार्यकर्ता दारा सिंह चाम्पिया ने कहा. उन्होंने कहा कि सेल प्रबंधन गुआ समेत तमाम खदानों के लिये बीते दिनों जो बहाली आयोजित कर बाहरी लोगों को लिया है, उस बहाली को रद्द कर सारंडा व खदान से प्रभावित गांवों के बेरोजगारों को विशेष प्राथमिकता देते हुये बहाली प्रक्रिया प्रारभ करे. अन्यथा बडा.आंदोलन का सामना करने हेतु तैयार रहे. दारा सिंह ने कहा कि सारंडा का यह क्षेत्र पांचवी अनुसूचित क्षेत्र है. यहां कोई भी कार्य बिना ग्राम सभा का अवैध है. उक्त बहाली बिना ग्राम सभा की इजाजत से आयोजित किया गया है जो बिल्कुल गलत है. आने वाले दिनों में लोकसुनवाई या किसी भी कार्य हेतु आयोजित ग्राम सभा में सेल प्रबंधन को आईना दिखाने का कार्य सारंडा के तमाम ग्रामीण व युवा करेंगे. उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने अपना हक व अधिकार के लिये गुवा में जो शहादत दी है, उनके शहादत को हम युवा व ग्रामीण व्यर्थ जाने नहीं देंगे.

---

## योगगुरु अंशु को पोंडीचेरी के सीएम ने किया सम्मानित

**संवाददाता । जमशेदपुर**



वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासना स्पोर्ट्स इंडिया भारत के प्रेसिडेंट योगीश्रेष्ठ अंशु सरकार को पोंडीचेरी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योगा प्रतियोगिता समारोह में पोंडीचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी ने सम्मानित किया. मुख्यमंत्री रंगास्वामी ने अंशु सरकार को मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. साथ ही देशभर में योग का प्रचार प्रसार और अधिक से अधिक करने का सुझाव दिया. विदित हो कि पोंडीचेरी सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से गत 4 से 7 जनवरी तक 29वीं अंतरराष्ट्रीय योगासना फेस्टिवल-2024 का आयोजन किया गया था.

इसमें अंशु सरकार को योग एक्सपर्ट के तौर पर आमंत्रित किया गया था. उक्त प्रतियोगिता में भारत के अलावा विश्व के कई देश के प्रतिभागी शामिल हुए थे.

**शहर के गणमान्य लोगों ने भी दी बधाई:** उक्त योग प्रतियोगिता में अंशु सरकार ने विचारक की भूमिका निभाई. समापन समारोह में पोंडीचेरी के मुख्यमंत्री शामिल हुए तथा अंशु सरकार को उक्त सम्मान प्रदान कर उनकी हौसला आफजाई किया. इसके पूर्व समारोह के उद्घाटन समारोह में हौसला आफजाई के राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन सहित पर्यटन विभाग केके मुरलीधरन, शिवा गोविंद तथा दशरथ सहित कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे.

---

**मोंटी कार्लो में नौकरी दिलाने के नाम पर दलालों ने 317 लोगों को ठगा**

## नौकरी देने के नाम पर हुई वसूली

**संवाददाता। ललमटिया**

ईसीएल की राजमहल कोल परियोजना ललमटिया के अंतर्गत हुर्रासी परियोजना में कोयला खनन कार्य में लगी आउटसोर्सिंग प्राइवेट ठेका कंपनी मोंटी कार्लो में नौकरी दिलाने के नाम पर दलालों का एक बड़ा गिरोह काम कर रहा है. गिरोह में शामिल लोगों की पकड़ ऊपर तक बताई जाती है. अपनी पहुंच के भरोसे ही गिरोह के लोग भू-विस्थापितों और स्थानीय भोले-भाले आदिवासियों को नौकरी दिलाने के नाम पर फसांते हैं. फिर मोटी रकम पचास हजार से लेकर लाखों रुपये तक वसूली करते हैं. इसमें से कुछ को नौकरी देने की बात कह कर महीना पूरा होने पर खाता में पैसा भी वेतन के रूप में आने लगता है. सबसे आश्चर्य की बात यह है कि ऐसे लोगों से कंपनी में कोई काम नहीं लिया जाता है और ना कंपनी के किसी रजिस्टर में ऐसे लोगों का नाम ही एम्प्लॉय के रूप में दर्ज होता है. सवाल उठ रहे हैं कि आखिर पैसा कौन दे रहा है?

**स्थानीय झामुमो नेता उठा चुके हैं सवाल :** झामुमो नेता खबीर अंसारी मोंटी कार्लो कंपनी में नौकरी देने के नाम पर करोड़ों की राशि का हेराफेरी करने का आरोप लगाते हुए बताते हैं कि अबतक 317 आदमियों को ऐसे ही अवैध तरीके से हेराफेरी कर नौकरी देने की बात बताई गई है. अंसारी बताते हैं कि तीन सौ सत्रह आदमी के खाते में पैसा जा रहा है लेकिन कार्यस्थल पर नौकरी करते एक भी आदमी कहीं पर भी नजर नहीं आते हैं. इससे मालूम होता है कि कंपनी द्वारा दलाल के माध्यम से फर्जीवाड़ा कर अपने लोगों के खाते में नौकरी के नाम पर पैसा डलवा रही हैं और उस पैसे का आपस में बंदरबांट कर रहे हैं. राज्य सरकार द्वारा भी निर्देश दिया गया है कि किसी भी प्राइवेट कंपनी में 75% स्थानीय लोगों को नौकरी देना है.

**अधिकारी फर्जीवाड़े से करते हैं इंकार**

मोंटी कार्लो कंपनी से जुड़े एक अधिकारी नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि कंपनी में नौकरी देने के नाम पर कोई भी पैसा नहीं दें अगर कोई ऐसा फर्जीवाड़ा कर रहा है तो इसकी सूचना कंपनी को दें. कंपनी ने किसी को नौकरी पर नहीं रखा है. हमने इस संबंध में पूर्व में सार्वजनिक सूचना देकर खंडन किया है साथ ही ललमटिया और महागामा थाना में एक सनहा भी दर्ज करवा दिया है. आगे ऐसी कोई भी सूचना मिलती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

---

**सावधान** नेशनल पार्क अभयारण्य में देखा गया, वन विभाग रख रहा है कड़ी नजर

# जंगल में टाइगर रिटर्न्स, सावधानी बरतने की अपील

**संवाददाता। हज़ारीबाग़**



हजारीबाग के अभयारण्य में टाइगर को देखे जाने की बात ने लोगों को हिला दिया है. सूत्रों के अनुसार, टाइगर के पंजों के निशान से स्पष्ट है कि यह अत्यंत शक्तिशाली है. इसके बावजूद, अब तक इसने किसी भी इंसान पर हमला नहीं किया है और गहरे जंगलों में चुपचाप घूम रहा है. बताया जाता है इस टाइगर को सबसे पहले बगोदर में देखा गया था, लेकिन हाइना बताकर इस बात को ख़ारिज कर दी गयी थी.

उसके बाद इसे नेशनल पार्क अभयारण्य में देखा गया. अब बरकट्ठा प्रखंड में इसके होने की बात कही जा रही है. डीएफओ (वेस्ट) सबा आलम से जब इस सम्बन्ध में बात की गयी तो उन्होंने बताया की टाइगर की बरकट्ठा में होने की कोई जानकारी उन्हें अब तक नहीं मिली है. हां, जो पद के निशान देखने में आये हैं, वे टाइगर के ही हैं. वे पद चिह्न हजारीबाग अभ्यारण्य के इलाके के हैं.

**खास बातें**

- टाइगर के बरकट्ठा में होने की कोई जानकारी अब तक नहीं
- सबसे पहले बगोदर में देखा गया टाइगर
- टाइगर के पंजों के निशान से स्पष्ट है कि है शक्तिशाली

बताया जा रहा है कि इसे देखने का पहला मौका अभयारण्य के इलाके में मिला था और उसके बाद से इसकी खोज शुरू हो गई थी. इस टाइगर की पहचान पंजों के निशान से हुई, जिससे स्पष्ट हुआ कि यह एक पूर्ण वयस्क टाइगर है. सूत्रों के अनुसार जब हज़ारीबाग़ अभ्यारण्य में टाइगर के पद चिह्न की जानकारी लोगो को हुई तो इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी गयी. जिसके बाद टीम बुला कर इसकी जांच की गयी.वन विभाग की उस पर कड़ी नजर है और ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील की गयी है. स्थानीय बताते हैं कि इससे पहले कई बार लोगों ने गोला के पास इसे देखा था, लेकिन उसने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया. इस टाइगर की गतिविधियों के बारे में सुनते ही, वन विभाग ने ग्रामीणों को इसकी ओर जाने से मना किया था. ग्रामीणों ने इसे ट्रेन से भी देखा था, और वह अपने मोबाइल पर इसकी तस्वीरें भी की थीं.

## महामुकाबला : भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली टी-20 सीरीज आज

# विराट और रोहित पर सबकी टिकी है नजर

भाषा। मोहाली

भारत और अफगानिस्तान के बीच सीमित ओवरों की पहली श्रृंखला के शुरूआती टी20 मैच में गुरुवार को सभी की नजरें रोहित शर्मा और विराट कोहली पर टिकी होंगी जो 14 महीने बाद इस प्रारूप में वापसी कर रहे हैं. जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले तीन मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिये आखिरी है और इससे अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिये टीम संयोजन तैयार करने में मदद मिलेगी. वैसे अंतिम 15 का चयन आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर होने की संभावना है चूंकि वह विश्व कप से ठीक पहले होगा. रोहित और कोहली की टी20 प्रारूप में वापसी हो रही है और दोनों का विश्व कप खेलना तय लग रहा है लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ दोनों बड़े स्कोर बनाकर तैयारी पुख्ता करना चाहेंगे. अफगानिस्तान टीम अपने स्टार स्पिनर राशिद खान के बगैर उतरेगी जो नवंबर में कमर की सर्जरी के बाद से अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हैं.

अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जदरान ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वह पूरी तरह से फिट नहीं है. हमें उसकी कमी खलेगी और उसके नहीं होने से हमारे प्रदर्शन पर असर पड़ेगा लेकिन हमें हर तरह के हालात के लिये तैयार रहना होगा. दूसरी ओर विराट और रोहित दोनों दर्शकों के चहेते हैं और उनके खेलने से भारी शीतलहर के बावजूद मोहाली में इस मैच को लेकर काफी रोमांच है. कप्तान रोहित शर्मा पावरप्ले में वही आक्रामक अंदाज दोहराना चाहेंगे जो उन्होंने वनडे विश्व कप में दिखाया था. दूसरी ओर कोहली बीच के ओवरों में बेहतर स्ट्राइक रेट के साथ खेलना चाहेंगे क्योंकि इस प्रारूप में पारी का सूत्रधार बनने की जरूरत नहीं है.

### 'ट्रंप कार्ड' राशिद के बिना ही खेलेगी अफगानिस्तान

अफगानिस्तान की टीम भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में अपने 'ट्रंप कार्ड' राशिद खान के बिना ही खेलेगी लेकिन कप्तान इब्राहिम जदरान को टीम से अपने मजबूत प्रारूप में अच्छे प्रदर्शन उम्मीद है. वनडे विश्व कप के बाद नवंबर में राशिद ने पीठ की सर्जरी करायी थी, उन्हें टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह 'रिहैबिलिटेशन' के कारण तीनों मैच में उपलब्ध नहीं हो पायेंगे. जदरान ने मैच पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वह पूरी तरह से फिट नहीं है. वह 'रिहैबिलिटेशन' कर रहा है. हमें श्रृंखला में उसकी कमी खलेगी. राशिद की अनुपस्थिति में कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर हमें भरोसा है. उन्होंने कहा कि हमारे पास काफी खिलाड़ी हैं जैसे मुजीब जदरान जो काफी क्रिकेट खेल चुके हैं. हमें उन पर पूरा भरोसा है. राशिद के बिना हमें परेशानी होगी लेकिन हमें किसी भी तरह के हालात के लिए तैयार रहना चाहिए.

### रोहित के साथ शुभमन गिल करेंगे पारी की शुरुआत

पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका से लौटी टीम बुधवार को श्रृंखला के पहले मैच से एक दिन पहले ही एकत्र होगी. यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा टीम में हैं लेकिन पारी की शुरुआत रोहित के साथ शुभमन गिल ही करेंगे. दक्षिण अफ्रीका में गिल का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा और शीर्षक्रम के लिये तेज होती प्रतिस्पर्धा के बीच उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन करना होगा. दक्षिण अफ्रीका में रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया और मध्यक्रम में चोटिल सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी में उनकी भूमिका अहम होगी. ईशान किशन टीम में नहीं है और विकेटकीपिंग के विकल्प जितेश शर्मा तथा संजू सैमसन होंगे. पिछली दो श्रृंखलाओं में विकेटकीपिंग कर चुके जितेश को तरजीह मिलने की उम्मीद है.



### टीमें

- **भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार .
- **अफगानिस्तान :** इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इकराम अलीखिल, हजरतुल्लाह जजाइ, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद कबी, करीम जन्नत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीबुर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, नवीनुल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदन नायब, राशिद खान.

**मैच का समय शाम सात बजे से**

### अर्शदीप, आवेश पर तेज गेंदबाजी का जिम्मा

शिवम दुबे भी टीम में हैं और तेज गेंदबाज हरफनमौला के रूप में खेल सकते हैं. तेज गेंदबाजी का जिम्मा अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार पर होगा. स्पिन का दारोमदार कुलदीप यादव संभालेंगे जबकि दूसरे विकल्प का चयन अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई और वॉशिंगटन सुंदर में से होगा. भारत में वनडे विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी को चौंकाने वाली अफगानिस्तान टीम के हौसले बुलंद है और यह प्रारूप उन्हें रास भी आता है. राशिद की गैर मौजूदगी के बावजूद टीम के पास मुजीब जदरान, नवीनुल हक और फजलहक फारूकी जैसे शानदार खिलाड़ी भी हैं.

## ब्रीफ खबरें

### टी20 सीरीज: बाबर-रिजवान की जोड़ी टूटी

**कराची ।** पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में नयी सलामी जोड़ी के साथ उतर सकती है जिसमें बाबर आजम की जगह युवा सईम अयूब और मोहम्मद रिजवान पारी का आगाज करेंगे. आकलैंड से मिली रिपोर्ट के अनुसार टीम प्रबंधन ने नेट पर नयी गेंद से सईम और रिजवान से बल्लेबाजी कराई जबकि बाबर और फखर जमां ने दूसरे नेट पर स्पिनरों को खेला. लेकिन, नये कप्तान शाहीन शाह अफरीदी, नये हाई परफार्मेंस कोच यासिर अराफात और टीम निदेशक मोहम्मद हफीज न्यूजीलैंड के खिलाफ 12 जनवरी से शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला में कुछ नया आजमाना चाहते हैं.

### न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच होंगे आंद्रे एडम्स

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आंद्रे एडम्स को 12 जनवरी से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिये टीम का गेंदबाजी कोच बनाया गया है. एडम्स पांच मैचों की श्रृंखला के लिये मुख्य कोच गैरी स्टीड की टीम का हिस्सा होंगे जिसमें बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची भी शामिल है. एडम्स 2023 में महिला टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तेज गेंदबाजी कोच रहे थे. पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के दौरान न्यूजीलैंड के दमखम और अनुकूलन कोच क्रिस डोनाल्डसन और टीम परफार्मेंस मैनेजर साइमन इंसले ब्रेक लेंगे जिनकी जगह मैट लोंग और डेव मेइरिंग लेने जा रहे हैं.

### अंडर-19 पुरुष विश्व कप में दो भारतीय शामिल

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आगामी अंडर-19 पुरुष विश्व कप के लिए बुधवार को मैच अधिकारियों की घोषणा की जिसमें भारत के दो प्रतिनिधि अंपायर केएनए पद्मनाभन और मैच रैफरी नारायणन कुट्टी भी शामिल हैं. अंडर-19 विश्व कप 19 जूनवरी से 11 फरवरी तक दक्षिण अफ्रीका में खेला जायेगा. टूर्नामेंट के कुल 41 मैच के लिए 16 अंपायरों और चार मैच रैफरियों को चुना गया है. शुरूआती ग्रुप चरण मैच के लिए मैच अधिकारियों की नियुक्ति की पुष्टि कर दी गयी है. पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहले ईस्ट लंदन मैच में भारत के पद्मनाभन के साथ बोंगानी जेले भी मैदानी अंपायर होंगे.

## मलेशिया ओपन में नये सत्र की शुरुआत जीत से

# सात्विक-चिराग अगले दौर में एचएस प्रणय पहले दौर में हारे

भाषा। कुआलालंपुर

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल टीम ने बुधवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में नये सत्र की शुरूआत जीत से करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय पहले दौर में हार गये. सात्विक और चिराग की दूसरे नंबर की युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी ओर मौलाना बगास की जोड़ी को 44 मिनट में 21-18, 21-19 से पराजित किया. दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी ने पिछले साल भारतीय जोड़ी को थाईलैंड ओपन और चाइना ओपन में दो बार पराजित किया था. विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज प्रणय को अपने एक रैंकिंग स्थान नीचे काबिज खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से 43 मिनट में 14-21, 11-21 से हार मिली. पिछले चरण में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे सात्विक और चिराग की जोड़ी अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर ड्रा में आगे तक पहुंचना चाहेगी.

सात्विक और चिराग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी पिछले साल शानदार फॉर्म में थी जिसमें उन्होंने हांगझोउ एशियाड, इंडोनेशिया में सुपर 1000 खिताब, कोरिया ओपन सुपर 500 खिताब और स्विस ओपन सुपर 300 खिताब जीता था जिससे उन्होंने थोड़े समय के लिए करियर की सर्वश्रेष्ठ नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की थी. इस भारतीय जोड़ी ने ताकतवर स्मैश से पहले गेम में दबदबा बनाते हुए 8-4 से बढ़त हासिल की और फिर इसे अपने नाम करने तक पिछड़े नहीं. दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ज्यादातर समय पिछड़ती रही लेकिन एक बार 19-19 की बराबरी के बाद उन्होंने अंत के दो अंक अपने खाते में डालकर जीत हासिल की.

प्रणय का भी पिछला सत्र शानदार रहा था जिसमें उन्होंने विश्व चैम्पियनशिप और एशियाड में कांस्य पदक जीतने के अलावा मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 खिताब भी जीता था. लेकिन सत्र के शुरूआती मैच में वह अपने प्रतिद्वंद्वी की तेजी के साथ बराबरी नहीं कर सके. लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरूआत चीन के वेंग होंग यांग के खिलाफ करेंगे.



### खास बातें

- पिछले साल भी शानदार फॉर्म में थे सात्विक व चिराग
- ड्रा में आगे तक पहुंचना चाहेगी दोनों की जोड़ी

# तीनों प्रारूपों में लड़कियों ने अच्छा खेला : मजूमदार

भाषा। नवी मुंबई

भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा है कि इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैचों में जीत इस व्यस्त सत्र में उनकी टीम के लिये सर्वश्रेष्ठ क्षण थे. इस सत्र में भारत ने सीमित ओवरों में नौ में से सात मैच गंवाये. उन्होंने इस बात से इनकार किया कि कप्तान हरमनप्रीत कौर फॉर्म में नहीं है जबकि वह लगातार छह पारियों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सकी. फिटनेस का गिरता स्तर, निर्णय लेने की क्षमता और डीआरएस कॉल भारतीय टीम के लिये कमजोर कड़ियां रहीं. भारत को टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड ने 2.1 से हराया जबकि आस्ट्रेलिया ने वनडे में 3.0 और टी20 में 2.1 से मात दी. टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम ने हालांकि दोनों टीमों को बड़े अंतर से हराया. मजूमदार ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा और आखिरी टी20 मैच सात विकेट से गंवाने के बाद कहा कि सबसे सकारात्मक बात यह है कि तीनों प्रारूपों में लड़कियों ने अच्छा खेल दिखाया है. हमने नौ साल बाद भारत में टेस्ट क्रिकेट खेला और कइयों ने लाल गेंद से खेला नहीं था. ये दोनों टेस्ट इस सत्र के सर्वश्रेष्ठ क्षण रहे.



**फिटनेस और फील्डिंग पर काम करना होगा :** घरेलू सत्र से ठीक पहले टीम का प्रभार संभालने वाले मजूमदार ने स्वीकार किया कि भारतीय खिलाड़ियों को उनकी फिटनेस और फील्डिंग पर काम करना होगा जो सफेद गेंद के प्रारूप में कमजोर साबित हुई है. उन्होंने कहा कि मैं पहले भी कह चुका हूं कि फोकस फील्डिंग और फिटनेस पर होगा. आने वाले कुछ महीनों में इस पर काम करने का मौका मिलेगा. हमें इन पहलुओं पर प्रदर्शन में सुधार करना होगा. मजमूदार ने कहा कि भारत को सही फैसले लेने और डीआरएस कॉल पर भी काम करना होगा.

### ग्रीन की आस्ट्रेलियाई टीम में वापसी

**मेलबर्न।** कैमरन ग्रीन को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के लिये आस्ट्रेलियाई टीम में जगह दी गई है चूंकि चयनकर्ताओं ने डेविड वॉर्नर की जगह विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने का फैसला नहीं किया है. क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बुधवार को 13 सदस्यीय टीम का ऐलान किया. इसमें बल्लेबाजी क्रम का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन इसकी पुष्टि की कि हरफनमौला ग्रीन टीम में होंगे. वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट को हाल ही में अलविदा कह चुके हैं. आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि हमने ऐसी टीम चुनी है जिसमें देश के छह सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं. ऐसी अटकलें हैं कि स्टीव स्मिथ चौथे नंबर पर उतर सकते हैं.



### जेसिका पेगुला क्वार्टर फाइनल में

भाषा। एडीलेड

दूसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही बर्नार्डा पेरा को 4 . 6, 6 . 2, 6 . 3 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. पेरा को क्वालीफाइंग टूर्नामेंट की 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह मिली थी . उन्होंने पहले दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पाउला बाडोसा को हराया था. अब उनका सामना अनास्तासिया पी से होगा जिसने क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा को 2 . 6, 6 . 3, 6 . 2 से मात दी. यह टूर्नामेंट रविवार से मेलबर्न में शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के लिये अहम है. पुरूष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने आस्ट्रेलियाई क्वालीफायर एलेक्स बोल्ट को 6 . 3, 6 . 2 से हराया. वहीं मेलबर्न में चल रहे कूयोंग क्लासिक नुमाइशी टूर्नामेंट में यानिक सिनेर ने मार्क पोलमैंस को 6 . 4, 6 . 0 से मात दी. होबार्ट इंटरनेशनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिसे मेरटेंस ने अन्ना कैरोलिना एस को 6 . 2, 6 . 3 से हराया.

## टी20 विश्व कप : वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भी चहल का चयन मुश्किल

# स्पिनर कुलदीप मौके भुनाने में कामयाब : ताहिर

- चहल को पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप के लिये टीम में जगह नहीं मिली

भाषा। गक्बेरहा

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर इमरान ताहिर का मानना है कि युजवेंद्र चहल अभी भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कलाई के स्पिनरों में से है लेकिन कुलदीप यादव के शानदार फॉर्म के चलते उन्हें अपनी बारी आने का इंतजार करना होगा. ताहिर का मानना है कि बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप मौकों को भुनाने में कामयाब रहे हैं. चहल को पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप के लिये टीम में जगह नहीं मिली और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भी उनका चयन मुश्किल है.

ताहिर ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि युजी को खराब फॉर्म के कारण बाहर किया गया है. वह अच्छी गेंदबाजी कर रहा था लेकिन कुलदीप जबर्दस्त फॉर्म में है और उसने रविंद्र जडेजा के साथ गेंदबाजी में अच्छा तालमेल बना लिया है. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में करीब 300 विकेट ले चुके ताहिर ने कहा कि मेरा मानना है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनरों में से है और उसे अपनी बारी का इंतजार करना होगा. उसके प्रदर्शन के कारण नहीं बल्कि दूसरे खिलाड़ी के शानदार फॉर्म के कारण. मुझे इसमें कोई शक नहीं कि वह वापसी करेगा.



### मैं कुलदीप और शम्सी को चुनूंगा

ताहिर का मानना है कि अगर उन्हें दुनिया के दो शीर्ष कलाई के स्पिनरों को चुनना होगा तो वह कुलदीप और दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी को चुनेंगे. उन्होंने कहा कि कुलदीप ने पिछले साल और उससे पहले भी जो उपलब्धियां हासिल की है, मैं बतौर स्पिनर उसकी तारीफ करता हूं. मैं कुलदीप और शम्सी को चुनूंगा. दक्षिण अफ्रीका टी20 के दूसरे सत्र में जोहानिसबर्ग सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले ताहिर ने कहा कि हम जीतना चाहते हैं. यही वजह है कि हम यहां जल्दी आ गए और कड़ा अभ्यास कर रहे हैं. चेन्नई सुपर किंग्स के लिये कई सत्र खेल चुके ताहिर का मानना है कि जेएसके के सदस्यों को यह बताना उनकी जिम्मेदारी है कि खिलाड़ियों के लिये सुपर किंग्स परिवार क्या मायने रखता है. उन्होंने कहा कि जेएसके परिवार हमारा और हमारे परिवार का सम्मान करता है. जब आप सीएसके के लिये खेलते हैं तो वैसा अनुभव कहीं और नहीं मिलता. इस टीम के युवा सदस्यों को उसके बारे में बताना है कि यह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ फ्रेंचाइजी है जिसके लिये खिलाड़ी और उनके परिवार सर्वोपरि है.

## आस्ट्रेलियाई ओपन

# जोकोविच और स्वियातेक विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर

**मेलबर्न ।** विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज नोवाक जोकोविच और इगा स्वियातेक को अपेक्षा के अनुरूप साल के पहले ग्रैंड स्लैम आस्ट्रेलियाई ओपन में शीर्ष वरीयता दी गई है. टूर्नामेंट रविवार से यहां खेला जायेगा. टूर्नामेंट में महिला और पुरूष वर्ग में वरीयता पाने वाले शीर्ष दस खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है.

| पुरूष | महिला |
|---|---|
| 1. नोवाक जोकोविच | 1. इगा स्वियातेक |
| 2. कार्लोस अलकाराज | 2. एरिना सबालेंका |
| 3. दानिल मेदवेदेव | 3. एलेना रिबाकिना |
| 4. यानिक सिनेर | 4. कोको गॉ |
| 5. आंद्रेइ रूबलेव | 5. जेसिका पेगुला |
| 6. अलेक्जेंडर ज्वेरेव | 6. ओंस जबाउर |
| 7. स्टेफानोस सिटसिपास | 7. मरकेटा वोंड्रोसोवा |
| 8. होल्गर रूने | 8. मारिया सक्कारी |
| 9. हुबर्ट हुरकाज | 9. बारबोरा क्रेइसिकोवा |
| 10. एलेक्स डि मिनौर | 10. बीट्रिज हदाद माइया |

## ब्रीफ खबरें

### बीएसएफ महानिदेशक ने सुरक्षा का लिया जायजा

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने बुधवार को सुरक्षा हालात की समीक्षा की तथा जम्मू के अग्रिम इलाकों में पाकिस्तान से सटी सीमा पर तैनात सैनिकों की अभियानगत तैयारियों का जायजा लिया. अग्रवाल ने इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास के इलाकों का भी दौरा किया और राजभवन में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की. अग्रवाल ने उपराज्यपाल से मुलाकात के दौरान उन्हें सीमा पर सुरक्षा स्थिति के बारे में अवगत कराया. अग्रवाल इस समय जम्मू क्षेत्र के दौरे पर हैं.

### कश्मीर में हाड़ कंपा देने वाली ठंड बढ़ी

**श्रीनगर।** कश्मीर में न्यूनतम तापमान के कई डिग्री नीचे गिर जाने के बाद भी मौसम शुष्क बना हुआ है और बर्फबारी नहीं हुई है. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. मौसम शुष्क रहने के कारण रात में ठंड बढ़ गई है जबकि दिन औसतन तापमान की तुलना में गर्म हैं. श्रीनगर में अधिकतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसतन तापमान से 8.1 डिग्री अधिक है. श्रीनगर की तुलना में जम्मू अधिक ठंडा रहा जहां अधिकतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 6.5 डिग्री कम था.

### चारमीनार एक्सप्रेस बेपटरी, तीन घायल

**हैदराबाद।** हैदराबाद डेकन रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह चेन्नई-हैदराबाद चारमीनार एक्सप्रेस के तीन डब्बे पटरी से उतर गए जिससे छह यात्रियों को मामूली चोटें आईं. रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी. यह स्टेशन चेन्नई-हैदराबाद चारमीनार एक्सप्रेस ट्रेन का अंतिम स्टेशन था. दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के अधिकारियों ने बताया कि जब ट्रेन स्टेशन पर पहुंची तो वह धीमी गति से चल रही थी और यह अंतिम बिंदु से आगे निकल गई जिससे इसके तीन डब्बे एस2, एस3 और एस6 पटरी से उतर गए. उन्होंने बताया कि डब्बों के पटरी से उतर जाने के बाद लगे झटकों से छह यात्री घायल हो गए.

### सोशल की अश्लील फोटो, प्राथमिकी दर्ज

**बलिया।** बलिया जिले में एक विवाहिता का अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने के मामले में दो युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस सूत्रों ने बताया कि बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक विवाहिता की शिकायत पर गत सोमवार को उसी के गांव के निवासी अशफाक खान और सवरू बांध गांव के निवासी फिरोज शेख के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. उन्होंने बताया कि पीड़िता की शिकायत के हवाले से बताया कि अक्टूबर 2023 में उसके स्नान का वीडियो 'फेसबुक' पर सार्वजनिक कर दिया.

### उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने फरवरी 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में दंगों की साजिश में संलिप्तता के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई बुधवार को 24 जनवरी तक स्थगित कर दी. न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने खालिद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के स्थगन के अनुरोध के बाद मामले को स्थगित कर दिया. सिब्बल ने यह कहकर अदालत से स्थगन का अनुरोध किया था कि वह संविधान पीठ के मामले में व्यस्त हैं.

### काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में पक्षियों की गणना शुरू

**गोलाघाट।** असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में प्रवासी पक्षियों की पांचवी गणना और पक्षियों के संरक्षण पर एक महोत्सव की शुरूआत हुई, जिसमें सैकड़ों गणनाकार, छात्र और कार्यकर्ता शामिल होंगे. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की क्षेत्र निदेशक सोनाली घोष ने से कहा कि दो दिवसीय महोत्सव में विभिन्न पृष्ठभूमि वाले पक्षी प्रेमियों, गणनाकारों और कार्यकर्ताओं के बीच पक्षियों की विविधता, संरक्षण प्रयासों को लेकर सामूहिक उत्साह दिख रहा है. पक्षियों की गणना काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ अभयारण्य के पूर्वी असम, नागांव और बिस्वनाथ वन्यजीव प्रभागों में होगी.

## कोहरे के बीच परेड का रिहर्सल...



नयी दिल्ली में बुधवार की सर्द सुबह में कोहरे के बीच आगामी गणतंत्र दिवस परेड के लिए रिहर्सल के दौरान दिल्ली पुलिस की महिलाकर्मी टीम. फोटो : पीटीआई

### 'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' के दौरान पीएम मोदी ने कहा-

# भारत को भरोसेमंद मित्र के रूप में देख रही है दुनिया

**भाषा। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ, एक भरोसेमंद दोस्त, वैश्विक अर्थव्यवस्था के वृद्धि के एक इंजन, समाधान खोजने के लिए प्रौद्योगिकी के एक केंद्र और प्रतिभाशाली युवाओं के 'पावरहाउस' के रूप में देखती है. उन्होंने यह भी कहा कि तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत 'विश्वमित्र' के रूप में आगे बढ़ रहा है. 'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' के 10वें संस्करण के उद्घाटन के मौके पर मोदी ने कहा कि सभी प्रमुख रेटिंग एजेंसियों की राय है कि भारत अगले कुछ साल में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा.

उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखती है. भारत एक ऐसा मित्र है, जिसपर भरोसा किया जा सकता है, एक ऐसा साझेदार है, जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास करता है और एक ऐसी आवाज है, जो वैश्विक भलाई में विश्वास करता है और वह 'ग्लोबल साउथ' की भी एक आवाज है. उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि का एक इंजन, समाधान खोजने के लिए एक प्रौद्योगिकी केंद्र और प्रतिभाशाली युवाओं के पावरहाउस के रूप में देखती है. प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया कई तरह की अनिश्चितताओं से घिरी हुई है, तब भारत दुनिया में विश्वास की एक 'नयी किरण' बनकर उभरा है. उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत 'विश्व मित्र' के रूप में आगे बढ़ रहा है. भारत ने दुनिया को उम्मीद दी है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं और उन्हें हासिल कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि 10 साल पहले भारत दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में 11वें स्थान पर था, जबकि आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं.



वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के दौरान संबोधित करते पीएम.

#### 2027-28 तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा भारत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत ने पिछले आठ-नौ साल में 595 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हासिल किया है. उन्होंने कहा कि भारत 2027-28 तक 5,000 अरब डॉलर से अधिक के सकल घरेलू उत्पाद के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी तथा भारत की अर्थव्यवस्था 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की होगी. उन्होंने कहा कि वर्तमान में 50 करोड़ से अधिक भारतीयों के बैंक खाते हैं, जबकि 2014 में यह संख्या 15 करोड़ थी.

#### खास बातें

- भारत एक ऐसा मित्र है, जिसपर भरोसा किया जा सकता है
- दुनिया में विश्वास की एक 'नयी किरण' बनकर उभरा है भारत
- आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं

#### भारत 'विश्वमित्र' की भूमिका में आगे बढ़ रहा है

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शुमार हो जाएगा. उन्होंने कहा कि आज तेजी से बदलते हुए 'वर्ल्ड ऑर्डर' (विश्व व्यवस्था) में भारत 'विश्वमित्र' की भूमिका में आगे बढ़ रहा है. आज भारत ने विश्व को ये भरोसा दिया है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं, अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, निष्ठा, प्रयास और परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है.

#### अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है भारत

भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने वैश्विक नेताओं और दुनिया भर के निवेशकों को बताया कि अब भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है. उन्होंने कहा कि जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष मनाएगा, तब तक हमने भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है. इसलिए ये 25 साल भारत के लिए अमृतकाल हैं. इस मौके पर मोदी ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को 'भारत-यूएई संबंधों में आई प्रगाढ़ता' का श्रेय दिया.

### सफाईकर्मियों ने दिल्ली नगर निगम के बाहर किया प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सफाई कर्मचारियों ने नियमितीकरण और बकाया भुगतान की मांग को लेकर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया. 'एमसीडी ऑल यूनियंस कोर कमेटी' के बैनर तले लगभग 500 सफाई कर्मचारी सिविक सेंटर के द्वार पर एकत्र हुये और प्रदर्शन किया. प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए, कई सफाई कर्मचारियों ने कड़ाके की ठंड के बीच अपनी कमीज उतार दी. पुलिस अवरोधक के बीच सफाईकर्मियों ने सड़क यातायात रोकने की भी कोशिश की. प्रदर्शनकारियों में कई दिव्यांग और बुजुर्ग भी शामिल थे. वे सभी सड़क पर ही धरना पर बैठ गए जिससे मिंटो रोड पर एमसीडी मुख्यालय के पास यातायात जाम हो गया.

## आओ जानें

### विश्व के धरोहर स्थल

| | | | |
|---|---|---|---|
| इटली | 59 | ग्रीस | 19 |
| चीन | 57 | पोलैंड | 17 |
| जर्मनी | 52 | पुर्तगाल | 17 |
| फ्रांस | 52 | चेकिया | 17 |
| स्पेन | 50 | बेल्जियम | 16 |
| भारत | 42 | दक्षिण कोरिया | 16 |
| मेक्सिको | 35 | स्वीडन | 15 |
| यूके | 33 | पेरू | 13 |
| रूस | 31 | स्विट्ज़रलैंड | 13 |
| ईरान | 27 | नीदरलैंड | 13 |
| जापान | 25 | ऑस्ट्रिया | 12 |
| यूएस | 25 | अर्जेंटीना | 12 |
| ब्राज़ील | 23 | डेनमार्क | 11 |
| कनाडा | 22 | इथियोपिया | 11 |
| तुर्की | 21 | बुल्गारिया | 10 |
| ऑस्ट्रेलिया | 20 | क्रोएशिया | 10 |

# इजराइल व फिलिस्तीनी के लगातार संपर्क में है भारत

**भाषा। संयुक्त राष्ट्र**

भारत ने कहा है कि वह इजराइल और फिलिस्तीन के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में है और पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत के बाद से उसका स्पष्ट संदेश तनाव बढ़ाने से रोकना रहा है ताकि मानवीय सहायता की निरंतर आपूर्ति की जा सके और शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जा सके. संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र में कहा कि इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष से बड़े पैमाने पर नागरिकों विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान गई है और इसके एक खतरनाक मानवीय संकट पैदा हो गया है. उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है और हमने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की है. उन्होंने कहा कि भारत इस बात से अवगत है कि इसका तात्कालिक कारण सात अक्टूबर को इजराइल में हुए आतंकवादी हमले थे. हमले बेहद चौंकाने वाले थे और हम स्पष्ट तौर पर इसकी निंदा करते हैं. भारत का आतंकवाद के प्रति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने का दृष्टिकोण रहा है. आतंकवाद और बंधक बनाने को जायज नहीं ठहराया जा सकता है.

#### खास बातें

- संघर्ष में कई महिलाओं और बच्चों की जान गई है
- एक खतरनाक मानवीय संकट पैदा हो गया है

### डाकुओं के जल क्षेत्र में अपने बेड़े तैनात कर रही है भारतीय नौसेना

# समुद्री डाकुओं की अब खैर नहीं

**भाषा। हैदराबाद**

नौसेना प्रमुख एडमिरल हरि कुमार ने बुधवार को कहा कि भारतीय नौसेना समुद्री डाकुओं पर लगाम कसने और उन्हें उनके जल क्षेत्र में ही सीमित रखने के लिए सक्रिय रूप से अपने बेड़े को तैनात कर रही है. नौसेना के लिए अडाणी डिफेंस और एयरोस्पेस द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित 'दृष्टि 10 स्टारलाइनर मानव रहित विमान (यूएवी) का अनावरण करने के बाद हरि कुमार ने कहा कि पिछले 40-42 दिनों के दौरान लाल सागर, उत्तरी और मध्य अरब सागर में मुख्य रूप से इजरायल के स्वामित्व या उसके ध्वज वाले अथवा उससे संबंधित जहाजों पर लगभग 35 ड्रोन हमले हुए हैं. नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि भारत के निकटतम पड़ोसियों के पास सामूहिक रूप से काफी संख्या में यूएवी हैं और इसलिए, दूरदर्शिता



यही है कि देश और उसके सशस्त्र बल इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करना जारी रखें. उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हाल ही में हमारे लिहाज से केवल दो घटनाएं (समुद्री डाकुओं द्वारा जहाजों के अपहरण का प्रयास) हुई हैं. दोनों भारतीय ध्वज वाले जहाज नहीं थे, लेकिन दूसरे मामले में चालक दल भारतीय था इसलिए हमें जवाब देना पड़ा. इसलिए हम नाव पर सवार हुए और चालक दल को बचाया. इसलिए अब हम बहुत सक्रिय रूप से वहां अपनी इकाइयां तैनात कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये समुद्री डाकू दूर रहें. भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को उत्तरी अरब सागर में लाइबेरिया के झंडे वाले जहाज एमवी लीला नॉरफोक के अपहरण के प्रयास को विफल कर दिया और 15 भारतीयों सहित उसके चालक दल के सभी सदस्यों को बचा लिया. नौसेना प्रमुख ने आगे कहा कि समुद्री डकैती विरोधी अभियान 2008 से चल रहा है और नौसेना ने इस अवधि के दौरान 105 से अधिक जहाजों को तैनात किया है.

जहाजों पर ड्रोन हमलों से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए एडमिरल हरिकुमार ने कहा कि वे उन तीन जहाजों के मलबे का फोरेंसिक विश्लेषण कर रहे हैं जिन पर हमला किया गया था.

# औद्योगिक नदियों में अपशिष्ट बहाने पर नौ कारखाने सील

**भाषा। इंदौर**

मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में क्षिप्रा समेत दो नदियों में अशोधित औद्योगिक अपशिष्ट बहाने पर बुधवार को प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए नौ कारखानों को सील कर दिया. अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के अनुसार क्षिप्रा नदी को उज्जैन में 2028 में लगने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले से पहले प्रदूषणमुक्त करने की मुहिम के तहत पालदा, सांवेर रोड, बरदरी और लक्ष्मीबाई नगर स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में यह कार्रवाई की गई. उन्होंने बताया कि इन औद्योगिक क्षेत्रों के नौ कारखाने अपशिष्ट को अशोधित तरीके से ही क्षिप्रा और कान्ह नदियों में बहा रहे थे. अधिकारियों ने बताया कि इन कारखानों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए हैं और उन्हें सील कर दिया गया है. इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र से निकलने वाली क्षिप्रा उज्जैन पहुंचती है, जहां हर 12 साल में लगने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले में लाखों श्रद्धालु इस नदी में स्नान करते हैं. क्षिप्रा को हिंदुओं की धार्मिक मान्यताओं में 'मोक्षदायिनी' कहा जाता है. अधिकारियों ने बताया कि इंदौर में गंदे नाले में तब्दील कान्ह नदी का पानी भी क्षिप्रा में मिलता है और इसमें होने वाले प्रदूषण में इजाफा करता है. स्थानीय लोगों का कहना है कि भारी प्रदूषण के कारण क्षिप्रा नदी का पानी उज्जैन में आचमन के लायक नहीं है.

### एक लाख की इनामी महिला माओवादी ने आत्मसमर्पण किया

**मलकानगिरी।** ओडिशा में एक लाख रुपये की इनामी महिला माओवादी ने बुधवार को यहां पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया. वह राज्य में आईईडी विस्फोट समेत कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रही थी. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी के अनुसार माओवादी की पहचान उंगी मादवी उर्फ रोशनी के तौर पर हुई है. भाकपा (माओवादी) की सक्रिय सदस्य रोशनी मूल रूप से छत्तीसगढ़ के सुकमा की रहने वाली है. वह 2016 में प्रतिबंधित भाकपा पार्टी में शामिल हुई थी और वर्तमान में डीकेएसजेडसी के दरभा डिवीजन के कांगेर घाटी के महुपदर में पार्टी सदस्य के रूप में सक्रिय थी.

### 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शिविर के दौरान बाबूलाल ने कहा-

# बच्चे पैदा करो पीएम मकान बनवा देंगे

**भाषा। जयपुर**

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने अधिक बच्चे पैदा करने का समर्थन करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मकान बनवा कर देंगे इसलिए तकलीफ नहीं होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए और कोई बिना छत के न रहे. खराड़ी ने बुधवार को उदयपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि कोई भी भूखा न सोए और कोई बिना छत के न रहे. आप बच्चे खूब पैदा करो. खराड़ी की दो पत्नियां और आठ बच्चे हैं.



उनके चार बेटे और इतनी ही बेटियां हैं. पूरा परिवार उदयपुर की कोटड़ा तहसील से करीब तीन किलोमीटर दूर निचला थला गांव में रहता है. उदयपुर के नाई गांव में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शिविर के लिए बनाए गए मंच पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहे. खराड़ी ने जैसे ही यह बात कही तो सभा में मौजूद लोग हंसने लगे.

#### लोगों के लिए जन कल्याणकारी कदम उठा रही है सरकार

मंत्री ने लोगों से 2024 के लोकसभा चुनावों में फिर से प्रधानमंत्री मोदी को वोट देने की अपील की और कहा कि सरकार लोगों के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी कदम उठा रही है. उन्होंने कहा कि केंद्र ने रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 200 रुपये की कटौती की है और राजस्थान में भाजपा सरकार अब उज्ज्वला योजना के तहत लोगों को 450 रुपये में सिलेंडर उपलब्ध करा रही है. खराड़ी माध्यमिक पास हैं और 2023 के विधानसभा चुनाव में झाड़ोल विधानसभा सीट से चौथी बार विधायक चुने गए हैं.

### गोवा हत्याकांड : बच्चे का हुआ अंतिम संस्कार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में उस चार-वर्षीय बच्चे का अंतिम संस्कार उसके पिता ने बुधवार को कर दिया, जिसकी हत्या कथित तौर पर उसकी मां ने ही कर दी थी. आरोपी मां सूचना सेठ बेंगलुरु की एआई-आधारित एक स्टार्टअप कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी है. मृतक के पिता वेंकट रमन अपने बच्चे का शव चित्रदुर्ग से लेकर एक स्थानीय अपार्टमेंट पहुंचे, जहां उसके अंतिम संस्कार का शुरुआती क्रिया-कर्म किया गया. इसके बाद शव को राजाजी नगर स्थित हरिश्चंद्र घाट ले जाया लाया गया और वहां रमन ने उसका अंतिम संस्कार किया. बच्चे का पोस्टमार्टम मंगलवार को चित्रदुर्ग में हुआ था.

### मंथन | किसी भी सूरत में भारत जोड़ो यात्रा मणिपुर की राजधानी इंफाल से ही शुरू होगी

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए पार्टी प्रतिबद्ध : कांग्रेस

**भाषा। नयी दिल्ली/इंफाल**

मणिपुर सरकार ने बुधवार को कांग्रेस की 14 जनवरी से प्रस्तावित 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को सीमित संख्या में प्रतिभागियों के साथ उस मैदान से शुरू करने की अनुमति दे दी जिसकी मांग पार्टी की ओर से की गई थी.

कांग्रेस का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी और मणिपुर की सरकार उसकी यात्रा में अवरोध पैदा करना चाहते हैं, लेकिन वह किसी भी सूरत में अपनी यात्रा मणिपुर की राजधानी इंफाल से ही शुरू करेगी. मणिपुर की राजधानी में हट्टा कांगजेइबुंग मैदान (पैलेस ग्राउंड) से रैली के बाद यात्रा निकालने की अनुमति एक सप्ताह पहले मांगी गई थी. अब प्रशासन ने 'सीमित संख्या' में लोगों की उपस्थिति के साथ यह कार्यक्रम करने की अनुमति दी है. कांग्रेस ने फिलहाल इस बारे में कोई फैसला नहीं किया है कि वह इस शर्त के साथ इसी मैदान से यात्रा शुरू करेगी या फिर कोई वैकल्पिक स्थान चुनेगी. हालांकि, मणिपुर सरकार के इस फैसले से कुछ देर पहले कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि अगर 'पैलेस ग्राउंड' से यात्रा शुरू करने और रैली की अनुमति नहीं मिलती है तो कांग्रेस इंफाल के किसी अन्य स्थान से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू करेगी.




#### यात्रा राजनीतिक नहीं है : वेणुगोपाल

मणिपुर सरकार से सशर्त अनुमति मिलने से कुछ देर पहले वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा कि मणिपुर सरकार ने इंफाल के पैलेस ग्राउंड में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का कार्यक्रम आयोजित करने के कांग्रेस के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया. बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद कि यात्रा राजनीतिक नहीं है, मणिपुर सरकार ने अनुमति देने से इनकार कर दिया, जबकि सरकार राज्य में अपने स्वयं के कार्यक्रम आयोजित कर रही है. वेणुगोपाल का कहना था, इस यात्रा को लेकर जमीन पर जबरदस्त ऊर्जा और उत्साह है. लोग यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

#### 14 जनवरी को शुरू होगी यात्रा

कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी से शुरू होने जा रही इस 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के लिए 'न्याय योद्धा' अभियान और वेबसाइट की शुरुआत की. पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश ने इसी के साथ यात्रा का पैम्फलेट भी जारी किया. वेणुगोपाल और रमेश ने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 14 जनवरी को मणिपुर से ही शुरू होगी.

# पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में चार लोगों की मौत

**भाषा। पेशावर**

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में बुधवार को एक टोल प्लाजा पर हुए आतंकवादी हमले में तीन पुलिसकर्मियों सहित कम से कम चार लोग मारे गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. उसने बताया कि अज्ञात आतंकवादियों ने बुधवार सुबह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में लाची टोल प्लाजा पर हमला किया. पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में लाची टोल प्लाजा पर हमला कर दिया. हमले में तीन पुलिसकर्मियों समेत चार लोगों की मौत हो गई. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा. पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और हमले में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बड़े पैमाने पर तलाश अभियान शुरू किया. प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरशद हुसैन ने हमले की निंदा की. उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पुलिस की सेवाओं और बलिदान को याद किया. उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ अतुलनीय संघर्ष में पूरा देश पुलिस के साथ है.

#### खास बातें

- कोहाट में लाची टोल प्लाजा पर हुआ हमला
- पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया है

## 22 जनवरी को 30 ऑपरेशन की व्यवस्था, मुख्यतौर पर 1 दिन में 14-15 ऑपरेशन ही होते हैं

# राम मंदिर उत्सव : महिलाएं चाहती हैं 22 जनवरी को हो उनके 'सिया-राम' का जन्म




**अयोध्या।** 22 जनवरी का दिन हर किसी के लिए बहुत ही खास है. हर कोई इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहा है. इतना ही नहीं यूपी के सबसे बड़ी सरकारी अस्पताल में गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों ने डॉक्टरों ने अनुरोध किया है कि उनके बच्चे का जन्म 22 जनवरी को ही होना चाहिए. महिलाओं का कहना है कि उनके डिलीवरी डेट 22 जनवरी से पहले हो या बाद में लेकिन बच्चे का जन्म पावन दिन में ही होना चाहिए. जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की अध्यक्ष डॉक्टर सीमा द्विवेदी का कहना है कि उनके डिलीवरी की डेट 22 जनवरी से पहले हो या बाद में लेकिन उनके बच्चे का जन्म पावन दिन ही होना चाहिए. अस्पतालों का कहना है कि नॉर्मल डिलीवरी वालों का तो कुछ नहीं हो सकता लेकिन जिनका ऑपरेशन होना है उनमें से कई लोगों को समझाया गया है कि डेट आगे पीछे हो सकती है. 22 जनवरी को 30 ऑपरेशन की व्यवस्था भी कर दी गई है. मुख्यतौर पर 1 दिन में 14-15 ऑपरेशन ही होते हैं.


### यूपी के सरकारी अस्पताल में हुई 30 ऑपरेशन की व्यवस्था

लेबर रुम में मौजूद गर्भवती महिलाओं का कहना है कि हम चाहते हैं कि हमारे घर पर भी रामलला का आगमन हो. 100 सालों से राम मंदिर का इंतजार हो रहा है. अब हम इस शुभ दिन पर ही डिलीवरी करवाना चाहते हैं. महिलाओं के परिवार वालों का कहना है कि हम राम को पूजते हैं. राम जैसा स्वरुप किसी का नहीं और बड़े भाग्य की बात होगी कि उसी दिन हमारे घर में बच्चे का आगमन होगा.



### देवी सीता का कंगन स्थापित


अयोध्या के मोहबरा बाजार में 22 जनवरी को राम मंदिर के अभिषेक से पहले तैयारियों के तहत देवी सीता का कंगन स्थापित किया गया है. राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या से पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचाया जा रहा है. साथ ही सभी को अयोध्या आने का निमंत्रण पत्र दिया जा रहा है. आगामी 22 जनवरी को रामलला अयोध्या में विराजमान हो जाएंगे. इस दिन खास तरीके से जश्न मनाया जाएगा. कहीं जगहों पर होली खेलने के साथ ही दीये जलाकर दीपावली मनाई जाएगी.



### 1000 साल तक खराब नहीं होंगे 'गोल्डन गेट'

मंगलवार को श्री राम मंदिर में सोने का पहला दरवाजा गेट नं.-11 पर लगाया जा चुका है. राम मंदिर में कुल 46 दरवाजे लगाए जाएंगे. खास बात यह है कि इन दरवाजों को तैयार करने के लिए लकड़ी महाराष्ट्र से लाई गई थीं. इसके लिए खास तरह के सागवान को मंगवाया गया है. इन दरवाजों को बनाने वाली कंपनी के मालिक ने ये दावा किया है कि ये दरवाजे इतनी मजबूत लकड़ी से बनाए गए हैं कि आने वाले 1000 साल तक खराब नहीं होंगे.

## रेडिसन समूह ने प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या में खोला होटल




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

रेडिसन होटल समूह ने अयोध्या में अपना होटल खोलने की बुधवार को घोषणा की. शहर में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले यह घोषणा की गई है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है.

कंपनी के अनुसार, पार्क इन बाय रेडिसन का अयोध्या स्थित 80 कमरे का होटल राम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी मंदिर और सीता की रसोई जैसे उल्लेखनीय स्थलों के पास स्थित है. रेडिसन होटल समूह के मानद चेयरमैन एवं प्रमुख सलाहकार (दक्षिण एशिया) के बी काचरू ने कहा कि हम अयोध्या में अपने नए होटल के उद्घाटन से खुश हैं. इससे उसे पवित्र शहर में शुरुआती बढ़त मिलेगी. समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा ऐतिहासिक स्थलों की वजह से अयोध्या की हमारे देश के दिल में एक खास जगह है. उन्होंने कहा कि यह विस्तार भारत के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में बेहतरीन आतिथ्य अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समारोह में शिरकत करेंगे.

## छोटे-बड़े व्यवसायियों ने मिलकर तैयार की इत्र, जड़ी-बूटियों के मिश्रण का भी किया है प्रयोग

# कन्नौज के खास इत्र से महकेंगे रामलला

**भाषा। कन्नौज**

अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर तमाम राम भक्तों के उत्साह के बीच कन्नौज के इत्र कारोबारियों ने रामलला को महकाने के लिये खास सुगंध तैयार की हैं. आगामी 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त में पूजा के दौरान प्रयोग करने के लिये इसे मंदिर निर्माण न्यास को भेंट किया जाएगा. 'कन्नौज अतर्स एण्ड परफ्यूम्स एसोसिएशन' के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी ने बुधवार को बताया कि कन्नौज में सभी छोटे-बड़े इत्र व्यवसायियों ने मिलकर कुछ खास खुशबुएं तैयार की हैं जिन्हें रामलला की सेवा में अयोध्या भेजा जाना है.

उन्होंने बताया कि एक रथ पर विभिन्न प्रकार के इत्र और सुगन्धित जल को एकत्र करके नगर में भ्रमण कराकर अयोध्या के लिए रवाना किया जायेगा. त्रिवेदी ने बताया कि इन खास तरह के इत्र और खुशबूदार जल को आगामी 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त में पूजा के दौरान प्रयोग करने के लिये मंदिर का निर्माण करा रहे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेंट किया जाएगा. उन्होंने बताया कि कन्नौज में गुलाब के फूलों से निर्मित गुलाब जल बनाकर तैयार किया गया है जिससे रामलला स्नान करेंगे. उसके बाद रामलला कन्नौज के मशहूर इत्र अतर मिट्टी, अतर मोतिया, रूह गुलाब, चंदन के तेल और हिना से सुगन्धित होंगे. त्रिवेदी ने बताया कि इतना ही नहीं, कन्नौज के इत्र व्यवसायियों ने सर्दी को ध्यान में रखते हुए अपने रामलला के लिए अतर शमामा भी बनाया है जो ठंड से बचाने में मदद करता है. इस खास इत्र को बनाने में जड़ी बूटियों का मिश्रण भी प्रयोग किया गया है. उन्होंने कहा कि कन्नौज का इत्र सिर्फ रामलला को ही नहीं बल्कि पूरे मंदिर प्रांगण को भी अपनी खुशबू से महकाएगा. अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का समारोह आयोजित किया जाएगा. इसके लिये तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत अनेक नामी-गिरामी हस्तियों को निमंत्रण दिया गया है.



- पूजा के दौरान भेंट किया जाएगा इत्र
- इत्र अपने खुशबू से मंदिर प्रांगण महकाएंगे
- रामलला के लिए अतर शमामा भी बनाया गया है

# ये हैं अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की खासियत

अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में है. बताया जा रहा है कि मंदिर पूरी तरह से साल 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा. 22 जनवरी को शुभ मुहूर्त में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह किया जाएगा. प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देशभर के 4000 से ज्यादा संत शामिल होंगे. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से संतों और विशिष्ट अथितियों को विशेष आमंत्रण पत्र भेजा गया है. आइए जानते हैं परंपरागत नागर शैली में बनाए जा रहे राम मंदिर की क्या विशेषताएं हैं.

- तीन मंजिला मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट और ऊंचाई 161 फीट होगी. प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फीट रहेगी. मंदिर में कुल 392 खंभे और 44 द्वार होंगे. मंदिर परिसर में प्रस्तावित अन्य मंदिर- महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी और ऋषिपत्नी देवी अहिल्या को समर्पित होंगे.
- राम मंदिर का मूल डिजाइन 1988 में अहमदाबाद के सोमपुरा परिवार ने तैयार किया गया था. इस परिवार ने राम मंदिर के मूल डिजाइन में कुछ बदलावों करके साल 2020 में इसे फिर से तैयार किया. मंदिर के मुख्य वास्तुकार चंद्रकांत सोमपुरा और उनके दो बेटे निखिल सोमपुरा और आशीष सोमपुरा हैं. सोमपुरा परिवार ने राम मंदिर को नागर शैली की वास्तुकला पर बनाया है.
- गर्भगृह में भगवान राम की प्रतिमा उनके बालस्वरूप रामलला के रूप में ही स्थापित की जाएगी. गर्भगृह में वह पांच वर्ष की आयु के बालक के रूप में अकेले ही स्थापित किए जाएंगे. फर्स्ट फ्लोर पर गर्भगृह में रामदरबार बनेगा. यहां भगवान राम, माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ विराजेंगे. उनके चरणों में भक्त हनुमान भी सुशोभित होंगे.
- राम मंदिर पहले फ्लोर पर लगे सोने के दरवाजे की पहली तस्वीर सामने आई है, जिसपर बहुत खूबसूरत नक्काशी की गई है. यह दरवाजा 12 फीट ऊंचा और 8 फीट चौड़ा है.
- राम मंदिर में कुल 46 जरवाजे लगेंगे. इनमें से 42 दरवाजों पर कुल 100 किलो सोने की परत चढ़ाई जाएगी. मंदिर की सीढ़ियों के पास लगने वाले 4 दरवाजों पर सोने की परत नहीं चढ़ाई जाएगी. मंदिर में लगे दरवाजे और खिड़कियों की लकड़ियां महाराष्ट्र से लाई गई है. वही इनकी नक्काशी हैदराबाद के कारीगरों ने की है.
- प्रभु श्रीराम का बालरूप मुख्य गर्भगृह में होगा जबकि प्रथम तल पर श्रीराम दरबार होगा. मंदिर में पांच मंडप होंगे जिसमें नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना मंडप और कीर्तन मंडप होंगे. राम मंदिर में लगे खंभों और दीवारों में देवी-देवता और देवांगनाओं की मूर्तियां उकेरी गई हैं.
- मंदिर परिसर में 44 फीट लंबा और 500 किलो का एक ध्वय दंड भी लगाया गया है. 22 जनवरी को भगवान रामलला का अभिषेक देश की पवित्र नदियों और कुंडों के जल से किया जाएगा.
- भगवान रामलला के भव्य प्राण प्रतिष्ठा के लिए थाईलैंड के राजा ने वहां की मिट्टी भेजी है. तो वही कंबोडिया से हल्दी आई है. भगवान रामलला की मूर्ति की बात करे तो इस मूर्ति को राजस्थान और कर्नाटक के पत्थरों से तैयार किया गया है. मंदिर निर्माण के कुल खर्च की बात करें तो मंदिर निर्माण में करीब 900 करोड़ रूपये का खर्च आया है.
- प्रधानमंत्री 22 जनवरी को जिस गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा करेंगे वह ग्राउंड फ्लोर पर है. ग्राउंड फ्लोर पर 160 खंभे या स्तंभ बने हैं. प्रवेश के मुख्य द्वार को सिंह द्वार कहा गया है. सिंह द्वार के ही समीप बनने वाले प्लाजा पर दीप स्तंभ भी बनाए जाएंगे.
- मंदिर कॉम्प्लेक्स का दो-तिहाई क्षेत्र (करीब 48 एकड़) हरित क्षेत्र के तौर पर विकसित किया जाएगा. इसके लिए लैंडस्केपिंग और पौधारोपण पौराणिक मान्यताओं के अनुसार होंगे. परिसर में विकसित की जाने वाली वाटिकाओं का नामकरण भी रामायणकालीन पात्रों के नाम पर होगा. राम मंदिर परिसर में जो पौधे लगाए जा रहे हैं, वे भी अलग-अलग नक्षत्रों और ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार चयनित किए गए हैं.
- दिव्यांगजन और वृद्धों के लिए मंदिर में रैंप और लिफ्ट की व्यवस्था रहेगी. 25 हजार क्षमता वाले एक दर्शनार्थी सुविधा केंद्र का निर्माण किया जा रहा है, जहां दर्शनार्थियों का सामान रखने के लिए लॉकर और चिकित्सा की सुविधा रहेगी. मंदिर परिसर में स्नानागार, शौचालय, वॉश बेसिन, ओपन टैप्स की सुविधा भी रहेगी.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# एग्रीकल्चर में एमबीए कर बना सकते हैं अपना कॅरियर...

**एजुकेशन रिपोर्टर/ रजनीश प्रसाद**

तकनीकी प्रगति और औद्योगिक विकास के साथ, कृषि क्षेत्र की स्थिति खराब हो रही है, भले ही यह किसी देश की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण घटक है. इससे दुनिया की कृषि भलाई के प्रबंधन में लगे पेशेवरों की आवश्यकता पैदा होती है. विभिन्न अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय और कॉलेज कृषि में विशेष पाठ्यक्रम लेकर आए हैं, जिनमें कृषि क्षेत्र में अग्रणी बनने के इच्छुक छात्रों के लिए कृषि में एमबीए प्रमुख पाठ्यक्रम है.



### कृषि एमबीए के लिए योग्यता

- कृषि इंजीनियरिंग / डेयरी विज्ञान / डेयरी प्रौद्योगिकी / मत्स्य पालन / खाद्य विज्ञान / खाद्य प्रौद्योगिकी / वानिकी / गृह विज्ञान / बागवानी / पशु चिकित्सा विज्ञान, आदि. कृषि या संबद्ध विषयों में स्नातक की डिग्री (कृषि इंजीनियरिंग / डेयरी विज्ञान / डेयरी प्रौद्योगिकी / मत्स्य पालन / खाद्य विज्ञान) / खाद्य प्रौद्योगिकी / वानिकी / गृह विज्ञान / बागवानी / पशु चिकित्सा विज्ञान, आदि)
- कई स्कूल और संस्थान चाहते हैं कि मास्टर डिग्री के उम्मीदवारों के पास व्यावसायिक पृष्ठभूमि हो, चाहे वह शिक्षा या कार्य अनुभव के माध्यम से हो.
- कम अनुभव वाले छात्र जो एमबीए (कृषि) करना चाहते हैं, उन्हें आमतौर पर ऐसे कार्यक्रम मिल सकते हैं, जो उनके मानदंडों को पूरा करते हैं. कृषि में एमबीए करने वाले छात्रों को आवेदन, प्रतिलेख और जीआरई परिणाम जमा करना होगा.

### कृषि में एमबीए के लिए प्रवेश परीक्षा

**कृषि में एमबीए के लिए कोई विशिष्ट प्रवेश परीक्षा नहीं है. इस विशेषज्ञता की पेशकश करने वाले अधिकांश विश्वविद्यालय जीमैट , क्लेट, जेट, सीमेट , एटीएमए और केआईआईटीईई जैसी लोकप्रिय प्रबंधन प्रवेश परीक्षाओं के स्कोर स्वीकार करते हैं.**

### निकोसिया विश्वविद्यालय

- निकोसिया विश्वविद्यालय साइप्रस में सबसे बड़े विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाता है, निकोसिया विश्वविद्यालय की स्थापना 1980 में हुई थी. यह अंशकालिक और पूर्णकालिक दोनों के लिए 1.5 साल की अवधि के लिए कृषि व्यवसाय और खाद्य उद्यम प्रबंधन में एमबीए प्रदान करता है. पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कृषि व्यवसाय प्रबंधन में एक ठोस आधार प्रदान करना है, जिससे वे कृषि व्यवसाय में अग्रणी बन सकें.

### दक्षिणी अर्कांसस विश्वविद्यालय

- कृषि-व्यवसाय पर जोर देने के साथ ऑन-कैंपस और ऑनलाइन एमबीए की पेशकश करते हुए, दक्षिणी अर्कांसस विश्वविद्यालय छात्रों को कृषि व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं जैसे लेखांकन, कृषि बाजार और कीमतें, वित्त, विपणन, संगठनात्मक सिद्धांत, व्यवसाय विश्लेषण, रणनीतिक प्रबंधन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, में प्रशिक्षित करता है.

### इग्नू से कृषि में एमबीए

इग्नू भारत में सबसे लोकप्रिय मुक्त विश्वविद्यालयों में से एक है. वह उन छात्रों को कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं, जो दूर से अध्ययन करना चाहते हैं और अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए मूल्यवान कौशल हासिल करना चाहते हैं. इग्नू कृषि में एमबीए की पेशकश नहीं करता है, बल्कि यह संस्थान कृषि के क्षेत्र में पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करता है. यहां इग्नू द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की सूची दी गई है -

- खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- कृषि नीति में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र
- डेयरी प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा
- वाटरशेड प्रबंधन में डिप्लोमा
- मांस प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा
- रेशम उत्पादन में प्रमाणपत्र
- फलों और सब्जियों से मूल्यवर्धित उत्पादों में डिप्लोमा
- जल संचयन एवं प्रबंधन में प्रमाणपत्र
- मुर्गीपालन में प्रमाणपत्र
- मधुमक्खी पालन में प्रमाणपत्र
- जैविक खेती में प्रमाणपत्र
- डेयरी फार्मिंग पर जागरूकता कार्यक्रम

### एकरियर

कृषि उद्योग में नवाचार की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ती जा रही है. लक्ष्य प्राप्त करने के लिए, कंपनियों को ऐसे पेशेवरों की आवश्यकता होती है, जो भोजन के उत्पादन और प्रभावी वितरण को बढ़ावा देने के लिए नए विचारों की रणनीति बना सकें और उन्हें लागू कर सकें. कृषि में एमबीए वाले स्नातकों को नौकरी देने वाले उद्योगों में शामिल हैं :

- खाद्य उत्पादन कंपनियां
- खेती उद्योग
- सार्वजनिक और निजी क्षेत्र
- विपणन उद्योग
- खुदरा उद्योग
- एफएमसीजी कंपनियां
- चाय/कॉफी बागान उद्यान
- एफसीआई कार्यालय
- कॉलेज और विश्वविद्यालय
- खाद्य प्रसंस्करण कंपनियां

### जॉब प्रोफाइल

कृषि व्यवसाय में जॉब प्रोफाइल की एक श्रृंखला है, जिसे आप कृषि में करियर चुनते समय पा सकते हैं. यहां कुछ नौकरी पद दिए गए हैं, जिन्हें आप कृषि में एमबीए के बाद ले सकते हैं :

- कृषि प्रबंधक
- कृषि संचालन विशेषज्ञ
- विपणन विश्लेषक
- अकॉउंटिंग प्रबंधक
- जैवआतंकवाद सलाहकार
- वित्तीय विश्लेषक
- कृषि व्यवसाय स्वामी/प्रबंधक
- वैकल्पिक ऊर्जा सलाहकार
- व्यवसाय प्रबंधक
- परिचालन अधिकारी
- क्रेडिट विश्लेषक
- बिक्री प्रबंधक
- ग्रामीण प्रबंधक
- योजना
- वाणिज्यिक कार्यकारी
- निवेश विश्लेषक
- बिक्री प्रतिनिधि
- संबंधी प्रबंधक

## जॉब अलर्ट

### 1. एनएचबी डिप्टी डायरेक्टर सीनियर हॉर्टिकल्चर ऑफिसर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है.

- संस्था : राष्ट्रिय बागवानी बोर्ड
- पद नाम : डिप्टी डायरेक्टर, वरिष्ठ बागवानी अधिकारी
- पद संख्या : 44
- योग्यता : डिग्री
- नौकरी का स्थान : सम्पूर्ण भारत
- आवेदन मोड : ऑनलाइन
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारंभ तिथि - शुरू हैं
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि - 15 जनवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – https://nhb.gov.in

#### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

**डिप्टी डायरेक्टर :** उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बागवानी/कृषि/फसलोत्तर प्रौद्योगिकी/कृषि अर्थशास्त्र/कृषि इंजीनियरिंग/फसलोत्तर प्रबंधन/खाद्य प्रौद्योगिकी/खाद्य विज्ञान में स्नातक होना चाहिए और किसी संगठन में संबंधित क्षेत्र में 5 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए.

**सीनियर बागवानी अधिकारी :** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि/बागवानी/खाद्य प्रौद्योगिकी/कटाई के बाद की प्रौद्योगिकी/कृषि अर्थशास्त्र/कृषि इंजीनियरिंग/खाद्य विज्ञान में स्नातक होना चाहिए, उसी क्षेत्र में मास्टर डिग्री होनी चाहिए.

**आयु सीमा :** डिप्टी डायरेक्टर, सीनियर बागवानी अधिकारी पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक नही हो.

### 2. यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी ने एडमिनिस्ट्रेटिव के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है.

- संस्था का नाम –यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी
- पद नाम - एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर
- पद संख्या - 250
- योग्यता - डिग्री
- नौकरी का स्थान - संपूर्ण भारत
- आवेदन मोड - ऑनलाइन
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारंभ तिथि - 8 जनवरी 2024
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि - 23 जनवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – https://uiic.co.in
- एजुकेशन क्वालिफिकेशन - मान्यता प्राप्त संस्था से स्नातक डिग्री उत्तीर्ण होनी चाहिए.
- आयु सीमा - आयु सीमा 21 से 30 वर्ष

#### आवेदन शुल्क

**सामान्य/ पिछड़ा/ आर्थिक रूप से कमजोर : 1000/-**

**अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग : 250/-**

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)